शुक्रवार
07 जून 2024

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



सम्राट चौधरी बोले... नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेंगे 2025 का विधानसभा चुनाव

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

नौ साल पुराने हत्या के केस में पांच दोषियों को फांसी की सजा

एजेंसी/सहारनपुर

सहारनपुर कोर्ट ने 9 साल पहले हुई अधिवक्ता कर्मवीर सिंह की हत्या के मामले में गुरुवार को अहम फैसला सुनाते हुए पिता-पुत्र समेत पांच दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। अन्य दोषी भी इसी परिवार के सदस्य है। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस अपराध की कर्मवीर हत्याकांड के नाम से लोग चर्चा करते हैं। निश्चित तौर पर कर्मवीर हत्याकांड का समाज पर बुरा प्रभाव पड़ा।

साल 2015 में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने वकील कर्मवीर सिंह और उनके पिता सतपाल छाबरा के ऊपर हमला कर दिया था, जिसमें कर्मवीर सिंह की मौत हो गई थी। ये मामला सहारनपुर कोर्ट में चल रहा था, जिसमें गुरुवार को सहारनपुर कोर्ट ने पांचों आरोपियों को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई है. हर दोषी पर डेढ़ लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। पीड़ित परिवार की तरफ से कोर्ट में पक्ष रखने वाले अधिवक्ताओं के पैनल से वकील राजीव तोमर ने बताया कि आज लग रहा है कि न्याय मिला है। कहा कि आरोपी पक्ष इस फैसले को हाईकोर्ट में चैलेंज कर सकते हैं।

किउल स्टेशन पर खड़ी मेमू ट्रेन में लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री

- पटना से जसीडीह जा रही मेमू ट्रेन में हादसा, आग किस वजह से लगी इसकी जानकारी नहीं

केटी न्यूज/पटना





बिहार के लखीसराय में किउल रेलवे स्टेशन पर खड़ी मेमू ट्रेन में अचानक आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे ट्रेन की कई बोगियों को चपेट में ले लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना की सूचना मिलने के कुछ समय बाद ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गईं। कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग किस वजह से लगी इसका अब तक पता नहीं चल पाया है।

बताया जा रहा है कि पटना से जसीडीह जा रही मेमू ट्रेन शाम करीब 5 बजकर 40 मिनट पर किउल स्टेशन के फ्लेटफॉर्म नंबर 5 पर खड़ी थी। ट्रेन में कुछ यात्री बैठे हुए थे उन्होंने कुछ धुआं उठते हुए देखा और वो नीचे उतर गए और कुछ देर बाद ट्रेन से आग की लपटें उठने लगीं। इस दौरान स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। देखते ही देखते लोग इधर-उधर भागने लगे। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद दानापुर डिवीजन के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं आग लगने की इस घटना में फिलहाल किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन में ब्रेक प्वाइंट से धुआं उठने की संभावना जतायी जा रही है। आग लगने से ट्रेन की दो-तीन बोगी को बड़ा नुकसान हुआ है।

पहले आठ जून को पीएम पद की शपथ लेने की थी सूचना

शुभ मुहूर्त के कारण बदली तारीख 8 नहीं 9 जून को शपथ लेंगें मोदी

एजेंसी/नई दिल्ली

नतीजों के बाद देश में एक बार फिर एनडीए सरकार बनने जा रही है। पीएम मोदी 9 जून को शाम 6 बजे शपथ लेंगे। पहले जानकारी मिली थी कि पीएम मोदी 8 जून को शपथ लेंगे। बताया जा रहा है कि शुभ मुहूर्त के चलते तारीख बदली गई है, हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा अभी नहीं हुई है। उधर, सरकार बनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। उधर, एनडीए के सहयोगियों ने साफ कर दिया है कि उनका पूरा समर्थन प्रधानमंत्री की अगुवाई में बनने जा रही एनडीए सरकार के साथ है, लेकिन ट्विस्ट भी है इसमें कि अब मंत्रालयों को लेकर खींचतान शुरू हो चुकी है। बुधवार को हुई एनडीए की बैठक के बाद ही बीजेपी के सहयोगी दलों ने मंत्रीपद के लिए अपनी डिमांड रखनी शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक-टीडीपी ने अपनी मांग बीजेपी के सामने रख दी है। सूत्रों के मुताबिक-टीडीपी लोकसभा अध्यक्ष पद चाहती है। इसके साथ ही कई मलाईदार पद चाहती है। ग्रामीण विकास, शहरी विकास मंत्रालय पर भी नजर रखी जा रही है। शिक्षा स्वास्थ्य और सिंचाई विभाग की भी मांग की जा रही है। वित्त मंत्रालय में राज्यमंत्री के पद की भा चाह है। इसके साथ ही राज्य के लिए स्पेशल स्टेटस भी मांग रहे हैं।



बिहार में भी नई सरकार में भागीदारी को लेकर ये है मांग

बिहार में बेहतर प्रदर्शन के बाद जेडीयू की तरफ से भी नई सरकार में अपनी भागीदारी को लेकर मांग रखी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक - जेडीयू की भी लोकसभा अध्यक्ष पद पर नजर है। जेडीयू की 2 कैबिनेट 1 राज्यमंत्री पद की मांग है। उनकी रेल,कृषि और वित्त मंत्रालय पर नजर है। रेल मंत्रालय प्राथमिकता है। इसके अलावा सरकार चलाने के लिए न्यूनतम साझा कार्यक्रम होना चाहिए। बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा भी जेडीयू की प्राथमिकता है। नीतीश की अगुवाई में बिहार में अगला विधानसभा चुनाव होना चाहिए।

टीएमसी का दावा... बीजेपी के कई सांसद हमारे संपर्क में हैं

कोलकाता। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद बीजेपी शासित राज्यों में बड़ी खलबली मची है। यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक लगातार बैठकों का दौर जारी है। इस बीच बंगाल में टीएमसी ने दावा किया है कि बीजेपी के कई सांसद और विधायक हमारी पार्टी के संपर्क में हैं और वे जल्द ही टीएमसी ज्वाइन कर सकते हैं। बता दें कि पश्चिम बंगाल में 42 लोकसभा सीटों के लिए हुए चुनाव में बीजेपी ने 12 और टीएमसी ने 29 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं 2019 के चुनाव में भाजपा के 18 और टीएमसी के पास 22 सीटें थी। इस बीच खबर सामने आ रही है कि राहुल गांधी इस बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बन सकते हैं।

समारोह में कई देश के प्रमुख हो सकते हैं शामिल

खबर है कि शपथ ग्रहण समारोह में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, श्रीलंका के राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे भी शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल और भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक भी कार्यक्रम का हिस्सा हो सकते हैं।

सीएम केजरीवाल को जमानत देने से राउज कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। दिल्ली के कथित शराब घोटाले के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार में किए गए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को अब राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने उन्हें जमानत देने इनकार कर दिया है। केजरीवाल ने अपनी तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए मांग की थी कि उन्हें टेस्ट और इलाज के लिए जमानत दी जाए लेकिन कोर्ट ने यह मांग खारिज कर दी। साथ ही केजरीवाल से कोर्ट ने अहम सवाल भी पूछे हैं।

कोर्ट में केजरीवाल के केस की सुनवाई के दौरान जज ने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने खूब प्रचार किया था, जो दिखाता है वह किसी गंभीर या जीवन संकट में डालने वाली बीमारी से ग्रस्त नहीं हैं। बता दें कि केजरीवाल ने कुछ जरूरी टेस्ट करवाने के लिए 7 दिन की मोहलत मांगी थी। राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी जज ने कहा है कि डायबिटीज को इतना कोई गंभीर रोग नहीं कहा जा सकता है, जिसके चलते केजरीवाल को जमानत दी जा सके। कोर्ट ने कहा कि किटोन लेवल और वजन में कमी के निर्धारण के लिए टेस्ट करवाने के लिए अंतरिम राहत का आधार मेडिकल ग्राउंड से कमजोर है।

अभिनेत्री व लोकसभा सांसद कंगना रनौत को सीआईएसएफ की महिला जवान ने मारी थप्पड़

- चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर महिला जवान ने पहले की सांसद से बहस, फिर मारा चांटा
- बीजेपी सांसद कंगना ने दर्ज कराई शिकायत
- आरोपी जवान को हिरासत में लेकर हो रही पूछताछ

एजेंसी/नई दिल्ली



कर्टन एरिया में बहस का लगाया आरोप

हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से जीतीं बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की एक महिला जवान ने थप्पड़ मार दिया। कंगना ने इसको लेकर शिकायत दर्ज कराई है। बीजेपी सांसद को दिल्ली आना था और वे चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर थीं। ऐसे में महिला जवान ने कंगना को थप्पड़ मार दिया।

बॉलीवुड एक्टर और बीजेपी सासंद कंगना रनौत ने अपनी शिकायत में कहा कि वह बोर्डिंग के लिए जा रही थीं, इस दौरान ही एलसीटी कुलविंदर कौर ने उन्हें थप्पड़ मारा। इसके बाद कंगना के साथ यात्रा कर रहे शख्स ने भी उस जवान को मारने की कोशिश की, लेकिन फिर आरोपी CISF कर्मी को हिरासत में ले लिया गया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कंगना ने वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में CISF की महानिदेशक नीना सिंह को उन्होंने घटना के बारे में जानकारी दी है। कंगना का दावा है कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर कर्टन एरिया में कॉन्सटेबल कुलविंदर कौर ने उनसे बहस की थी और फिर उन्हें थप्पड़ मारा था। दूसरी ओर आरोपी जवान को सीओ कक्ष में हिरासत में ले लिया गया है, उनसे पूछताछ जारी है। एयरपोर्ट CISF द्वारा सीसीटीवी की जांच की जा रही है। इस मामले में जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक कमेटी बना दी गई है।

कंगना ने वीडियो जारी कर बताया

घटनाक्रम : इस मुद्दे पर कंगना ने वीडियो जारी किया है जिसमें उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद उन्हें कई फोन कॉल्स आ रहे हैं, तो बता दूं कि मैं सेफ हूं। उन्होंन कहा है कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर जो हादसा हुआ, वह सिक्योरिटी चेक के पास हुआ। कंगना ने कहा है कि महिला जवान ने उन्हें थप्पड़ मारा तो और गालियां दीं। जब मैनें उनसे पूछा कि ऐसा क्यों किया, तो उन महिला जवान ने कहा कि वह किसान आंदोलन को सपोर्ट करती हैं। वहीं इस वाकए के बाद कंगना ने कहा कि मैं तो सेफ हूं लेकिन मुझे इस बात की चिंता है कि पंजाब आतंकवाद और उग्रवाद बढ़ रहा है, वह कैसे कंट्रोल होगा। सवाल यह भी है कि आखिर महिला जवान ने कंगना रनौत को थप्पड़ क्यों मारा। इसको लेकर सामने आया कि महिल जवान कंगना द्वारा किसानों को खालिस्तानी कहे जाने से नाराज थीं जिसके चलते उन दोनों के बीच बहस हुई और उसने कंगना को थप्पड़ मार दिया।

12 जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे टीडीएस प्रमुख चंद्रबाबू नायडू

एजेंसी/नई दिल्ली

तेलुगू देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू के आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की तारीख में बदलाव कर दिया गया है। अब वह 12 जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इससे पहले यह कायक्रम 9 जून को होना था। मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। नायडू के शपथ लेने की तारीख में बदलाव की वजह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को बताया जा रहा है। वे लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति मुर्मू को अपना त्याग पत्र सौंप दिया था। राष्ट्रपति ने पीएम मोदी और उनके मंत्रियों का त्याग पत्र को स्वीकार कर लिया और साथ ही नए सरकार के गठन तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहने का आग्रह किया।

चंद्रबाबू नायडू एनडीए गठबंधन के लिए एक किंगमेकर्स में से एक बनकर सामने आए हैं। एनडीए ने लगातार तीसरी बार बहुमत पाने का रिकॉर्ड बनया है।

शेयर बाजार में हुआ बड़ा घोटाला, जांच हो: राहुल


एजेंसी/नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा चुनावों के बाद शेयर बाजार में आई भारी गिरावट को लेकर पीएम मोदी और अमित शाह समेत पूरी बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला। रायबरेली से सांसद चुने गए राहुल गांधी ने कहा कि शेयर बाजार में आई यह एक बहुत बड़ा घोटाला था और हम इस मामले में जेपीसी गठित कर जांच की मांग करते हैं। राहुल गांधी ने कहा, पहली बार हमने यह नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री ने शेयर बाजार पर टिप्पणी दी। प्रधानमंत्री ने दो-चार बार कहा कि शेयर बाजार तेजी से बढ़ने जा रही है। उनके मैसेज को वित्त मंत्री और गृह मंत्री ने भी आगे बढ़ाया। अमित शाह कहते हैं कि 4 जून से पहले लोग शेयर खरीदें। प्रधानमंत्री ने भी यही कहा और 28 मई को फिर से दोहराया।

कांग्रेस नेता ने कहा, फिर 3 जून को एग्जिट पोल आने के बाज शेयर बाजार सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है। लेकिन अगले ही दिन 4 जून को शेयर बाजार खटाक से रसातल में चला जाता है और करीब 30 लाख करोड़ का नुकसान होता है। इसमें से अधिकतर नुकसान छोटे निवेशकों यानी रिटेल निवेशकों को हुआ है।

उन्होंने आगे कहा, हम इस मामले में जांच चाहते हैं। कहा, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, उनके लिए काम कर रहे एक्जिट पोल्स्टर्स और मित्र मीडिया ने मिलकर हिंदुस्तान के सबसे बड़े स्टॉक मार्केट स्कैम की साजिश रची है।



परिवहन निगम के एमडी ने सभी नोडल अधिकारियों को दुर्घटनाओं की समीक्षा के दिए निर्देश

दुर्घटनाएं रोकने के लिए परिवहन निगम उठाएगा ठोस कदम

केटी न्यूज/लखनऊ

रोडवेज की बसों में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन ने सभी नोडल अधिकारियों को नियमित समीक्षा के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में परिवहन निगम के एमडी की ओर से सभी नोडल अधिकारियों को लेटर जारी किया गया है। इस लेटर में उन्हें दुर्घटनाओं की मुख्य वजहों के साथ-साथ उपाय भी सुझाए गए हैं। साथ ही चालकों की नियमित काउंसिलिंग के भी निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने प्रदेश में दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए परिवहन निगम को उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में परिवहन निगम द्वारा अप्रैल 2023 से मार्च 2024 में हुई दुर्घटनाओं की तुलना एवं समीक्षा में पाया गया है कि इस दौरान फैटल दुर्घटनाओं एवं मृतकों की संख्या में वृद्धि हुई है। इससे स्पष्ट है कि मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का क्षेत्रीय एवं डिपो स्तर के अधिकारियों द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सार्थक प्रयास किया जाना अत्यंत जरूरी है।

मानवीय कारणों से हो रहीं प्रदेश में दुर्घटनाएं


पत्र में कहा गया है कि परिवहन निगम की बसों की अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय कारण से हो रही हैं। इसमें ओवर स्पीडिंग, निर्धारित गति से अधिक गति में वाहन चलाना, आगे चल रहे वाहन से उचित दूरी न बनाकर चलना, नशे की हालत में वाहन चलाना, शराब या अन्य मादक पदार्थों के प्रभाव में रहते हुए वाहन चलाना शामिल है। इसके साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना या ईयर फोन लगाकर संगीत सुनना, सड़क पर लगे संकेतकों की अवहेलना, ट्रैफिक लाइट का उल्लंघन, गलत लेन में चलना, रांग साइड में वाहन चलाना, गलत समय पर गलत ढंग से ओवरटेकिंग करना शामिल है। इसके अलावा घने कोहरे में पार्किंग लाइट का प्रयोग न करना, वाहन में रिफ्लेक्टिव टेप का न लगा होना, मुख्य मार्गों/हाईवेज से जुड़ते हुए शाखा मार्गों से आते हुए बिना दाएं बाएं देखे तीव्र गति से मुख्य मार्ग को ज्वॉइन करना, मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग में जल्दबाजी में क्रॉसिंग पार करना, नींद न पूरी होने या अत्यधिक थकान की दशा में गाड़ी चलाना, टायर की हवा, ब्रेक, क्लच और अन्य आवश्यक यंत्रों की फिटनेस पर ध्यान न देना और असामान्य मनोदशा वाले या मानसिक रूप से अस्वस्थ चालकों द्वारा वाहन चलाना भी शामिल है।

चालकों की हो काउंसिलिंग

परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने बताया कि ओवरस्पीडिंग, उचित दूरी न बनाकर चलना, गलत एवं लापरवाही से ओवरटेकिंग करने से अधिकांश दुर्घटनाएं होती हैं। अत: काउंसिलिंग के समय इन तीनों कारणों की ओर प्रमुखता से चालकों का ध्यान आकर्षित किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि अपने-अपने नोडल क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान गत माह हुई समस्त दुर्घटनाओं की गहन समीक्षा करें। दुर्घटनाओं का कारण एवं दोषी चालक व क्रू के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई, ज्ञात करेंगे। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डिपो एवं क्षेत्र स्तर पर क्या-क्या कार्यवाही एवं निर्धारित हेल्थ कार्ड के द्वारा स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण एवं प्रभावशाली काउंसिलिंग की जा रही है या नहीं, इसकी भी जानकारी देंगे।

अग्निवीर योजना पर गंभीरता से विचार करना होगा: त्यागी

केटी न्यूज/पटना



मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में सहयोगी दलों का असर शपथ ग्रहण समारोह से पहले ही नजर आने लगा है। एनडीए में सहयोगी पार्टी जनता दल यूनाइटेड के महासचिव और प्रवक्ता केसी त्यागी ने अग्निवीर स्कीम को लेकर बड़ा बयान दिया है। त्यागी ने कहा कि अग्निवीर स्कीम पर दोबारा से विचार करने की जरूरत है। इसके अलावा उन्होंने यूनिफॉर्म सिविल कोड और वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर भी अपना पक्ष रखा है।

जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि अग्निवीर स्कीम को लेकर काफी विरोध हुआ था। इसका असर लोकसभा के चुनावों में भी देखने को मिला। इस पर एक बार फिर से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि जो सुरक्षाकर्मी सेना में तैनात थे। जब अग्निवीर योजना चलाई गई तो बड़े तबके में काफी नाराजगी थी। मेरा मानना है कि उनके परिवार ने भी चुनाव का विरोध किया। इसमें नए तरीके से विचार करने की जरूरत है। कांग्रेस ने आम चुनाव में अग्निवीर स्कीम को एक बड़ा मुद्दा बनाया था। कांग्रेस ने साफ कहा था कि सत्ता में आने के बाद अग्निवीर स्कीम को कूड़े के डब्बे में डाल देंगे।

सभी स्टेक होल्डर को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है

जेडीयू के महासचिव और प्रवक्ता केसी त्यागी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हमारा रूख पहले की तरह ही साफ है। सभी स्टेक होल्डर को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। समान नागरिक संहिता पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने विधि आयोग के चैयरमैन को लेटर लिखा था और कहा था कि हम इसके खिलाफ नहीं है। इसके लिए काफी विचार विमर्श की जरूरत है।

वन नेशन वन इलेक्शन पर जताया समर्थन: केसी त्यागी ने वन नेशन वन इलेक्शन को समर्थन दिया है। जेडीयू नेता ने कहा कि जहां तक एक देश-एक चुनाव की बात है तो हम इसका समर्थन करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम एनडीए के मजबूत सहयोगी के तौर उभर कर सामने आए हैं। हम वाजपेयी की एनडीए सरकार में कई जरूरी मंत्रालयों का जिम्मा भी संभाल चुके हैं। बिहार से पलायन रोकने के लिए हम उसे विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। यह पीएम का विशेषाधिकार है कि वह कौन सा मंत्रालय किसे देते हैं। हमारी कोई भी मांग मंत्रालय को लेकर नहीं है।

जनकल्याणकारी मुद्दों पर अडिग हैं: तेजस्वी

केटी न्यूज/पटना

दिल्ली में इंडी गठबंधन की बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष व पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर इंडी गठबंधन के नेताओं के साथ तस्वीर साधा की। उन्होंने लिखा कि 2024 लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद नई दिल्ली में इंडी गठबंधन के शीर्ष नेताओं के साथ आगे की कार्ययोजना, रूपरेखा एवं रणनीति को लेकर आयोजित बैठक में सम्मिलित हुआ। तेजस्वी यादव ने लिखा कि हमलोग अपने जनकल्याणकारी मुद्दों पर अडिग हैं। बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, पलायन, नफरत और गरीबी के कष्ट से देश-प्रदेश को मुक्त कराना है एवं तानाशाही के चंगुल से संविधान, लोकतंत्र और आपसी भाईचारे को बचाना है। पूरे देश ने मिलकर भारत के वास्तविक मिजाज, लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण की रक्षा की है। तमाम जांच एजेंसियों, पक्षपाती आयोग, गोदी मीडिया, सरकारी मशीनरी, असीमित संसाधनों एवं साजिशों के साथ चुनाव लड़ रहे खुद को विश्व विजेता मानें लेकिन सच यही है कि देश और बिहार की जनता ने इंडी गठबंधन के साथ मिलकर तानाशाही, झूठ, जुमलों और प्रपंच को करारी हार दी है।

हम बिहार में 7-8 सीट कम मार्जिन से हारे हैं

तेजस्वी यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में सत्ता और सरोकार परिवर्तन में सकारात्मक लक्षण दिखेंगे। हम बिहार में 7-8 सीट कम मार्जिन से हारे हैं लेकिन हमने बहुजन पिछड़े और प्रगतिशील धारा की एक बड़ी नींव रख दी है। देखते रहिए अभी और कुछ बेहतर देखने को मिलेगा। अंत में तेजस्वी ने लिखा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपकी हर अपेक्षा पर खरा उतरूंगा। आपके रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पूर्ण मनोयोग से काम करता रहूंगा।

खबरें फटाफट

बदला स्कूलों का समय अब 6:30 से 10:50 बजे तक चलेंगी कक्षाएं

पटना। बिहार के मौसम में बदलाव के बाद शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। शिक्षा विभाग ने एक बार फिर स्कूलों का टाइम टेबल बदल दिया है। शिक्षा विभाग के आदेश के मुताबिक, आगामी 10 जून से 30 जून तक सभी सरकारी स्कूलों का संचालन सुबह 6:30 से 10:50 बजे बजे तक किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने इसको लेकर पूरा शेड्यूल जारी किया है। बिहार माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, शिक्षकों को सुबह 6:20 बजे स्कूल पहुंचना होगा और साढ़े 6 बजे स्कूलों को खोलना होगा। साढ़े 6 बजे से 6:45 बजे तक प्रार्थना होगी। वहीं सुबह 10:50 से 11:30 बजे तक वर्ग तीन से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए मिशन दक्ष के तहत कक्षाएं संचालित होंगी। कक्षा 9 से 12वीं तक के बच्चों के लिए नियमित कक्षा का संचालन होगा। जिन छात्र-छात्राओं को मिशन दक्ष की जरुरत नहीं उनके लिए खेलकूद, पेंटिंग और अन्य सृजनात्मक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। शिक्षा विभाग की तरफ से जारी शेड्यूल के मुताबिक, सुबह 11:30 बजे से 12:10 तक 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षा का संचालन किया जाएगा।

एनडीए में नितिन गडकरी से बेहतर पीएम कैंडिनेट नहीं: पप्पू यादव

पटना। बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव जीतने वाले राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव का पीएम पद को लेकर बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा कि केंद्र में अगर एनडीए की सरकार बनती है, तो नितिन गडकरी से बेहतर कोई दूसरा पीएम कैंडिडेट नहीं हो सकता है। अपने दम पर पूर्णिया में जीत हासिल करने वाले कांग्रेस के पूर्व नेता पप्पू यादव ने कहा कि सारा माफिया सिस्टम यह नहीं चाहता था कि पूर्णिया में पप्पू यादव जीते। यूपी में कांग्रेस और अखिलेश यादव एक पारिवारिक रिश्ते जैसे मैदान में उतरे। साथ ही प्रियंका गांधी ने भी काफी मेहनत की। राहुल गांधी ने बिहार में मात्र नौ सीट लेकर सब कुछ दे दिया। वह बोले कि कोई बात नहीं हम गठबंधन धर्म निभाएंगे।

लोस चुनाव बदले सुर... बीजेपी ने बिहार में जदयू को बड़ा भाई माना

सम्राट चौधरी बोले... नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेंगे 2025 का विधानसभा चुनाव

- सम्राट चौधरी ने प्रेस वार्ता कर कहा- बिहार में वर्ष 1996 से ही पार्टी नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही चुनाव

केटी न्यूज/पटना



बिहार की सियासत में विपक्षी दल लगातार इस बात का दावा कर रहे थे कि नीतीश कुमार की जेडीयू का अस्तित्व खत्म होने वाला है। विपक्ष में रहते हुए बीजेपी के नेता भी यही कहते रहे कि लोकसभा चुनाव के बाद जेडीयू समाप्त हो जाएगी। हालांकि जब लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आए तो विपक्ष तो विपक्ष, सत्ताधारी बीजेपी भी हैरान रह गई। अब बीजेपी ने भी बिहार में नीतीश को बड़ा भाई मान लिया है।

दरअसल, बिहार में जेडीयू के बारे में दावा किया जा रहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद वह बिखर जाएगी और उसका अस्तित्व भी नहीं बचेगा। लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद जो नतीजे सामने आए हैं, उसने हर किसी को हैरान कर दिया है। चुनावी नतीजों के बाद बिहार में बड़े भाई की भूमिका निभा रही बीजेपी अब छोटे भाई की भूमिका में आ गई है। जबकि नीतीश कुमार की पार्टी पहले से और मजबूत हो गई है।

चुनावी नतीजे आने के बाद जेडीयू ने बाजाप्ता प्रेस वार्ता कर कहा कि वर्ष 2025 में होने वाला बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। बिहार में कल तक खुद को बड़ा भाई समझने वाली बीजेपी अब बैकफूट पर आती दिख रही है। बीजेपी ने भी बिहार में नीतीश कुमार को बड़ा भाई मान लिया है। बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि हम वर्ष 2025 का विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेंगे। बिहार में वर्ष 1996 से ही हम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। उधर, लोकसभा चुनाव में बिहार में सीटें कम होने को लेकर बीजेपी ने समीक्षा बैठक की है। समीक्षा बैठक के बाद सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए के नेतृत्व में 75 परसेंट मार्क्स कम मिला है। जो लोग परसेप्शन बना रहे थे वह गलत हैं। बिहार की जनता ने हमें 75 फीसदी मार्क्स दिये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमने चुनाव लड़ा है। चुनाव प्रबंधन टीम के नेतृत्व में हम चुनाव लड़े हैं। हमारे 25 फीसदी मार्क्स कटे हैं। जिन सीटों पर हम चुनाव हारे हैं, उसकी समीक्षा हो रही है।

नीतीश स्टील हैं, उन्हें हिलाया नहीं जा सकता: श्रवण कुमार

पटना। 2024 के लोकसभा चुनाव में जेडीयू का प्रदर्शन बेहतर रहा। बिहार में 16 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले जेडीयू ने कुल 12 सीटों पर जीत दर्ज की। जबकि बीजेपी ने 17 सीटों अपने उम्मीदवार उतारे लेकिन 12 सीट पर ही जीत हासिल कर सकी। जेडीयू के इस परफोर्मेंस से पार्टी के नेता भी काफी उत्साहित हैं। शानदार सफलता के बाद अब वर्ष 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ने की बात कह रहे हैं। बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बारे में कहा कि वह स्टील के समान हैं। जहां खड़े होते हैं, वहां मजबूती से खड़े होते हैं। उनको हिलाया नहीं जा सकता है। देशभर में नीतीश कुमार का जलवा है। बता दें कि बिहार में भाजपा ने 12 सीट, जदयू ने 12 सीट, लोजपा ने 5 सीट और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने 1 सीट पर जीत दर्ज की है। बीजेपी ने 17 में से 12 सीटों पर जीत हासिल की जबकि जदयू ने 16 सीट पर चुनाव लड़कर 12 सीट पर जीत दर्ज की।

बिहार में ऐसे चुनाव लडेंगे कि सब नेताओं के दांत खट्टे हो जाएंगे: पीके

केटी न्यूज/ पटना



बिहार के भविष्य की सोचें बंधुआ मजदूर मत बनिए

जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज व्यवस्था नहीं बनाएंगे तो कल होकर समाज के लोग बोलेंगे कि प्रशांत किशोर गांवों-प्रखंडों में घूम रहे हैं इनकी तो कोई ताकत ही नहीं है। मुझे नीतीश कुमार और लालू यादव धकिया नहीं सकते हैं। मैं अगर बिहार में लड़ने आया हूं तो इतनी ताकत के साथ लड़ूंगा कि इन सब नेताओं के दांत खट्टे कर दूंगा।

पश्चिम बंगाल में आपने मेरा काम देखा होगा कि मैंने ही उनकी नस ढीली की थी। भाजपा ने पूरी भारत की ताकत लगा दी और मैंने कहा था कि 100 पार भी नहीं होंगे। भाजपा वाले हुए 100 पार? जितना पैसा लगाना था उन्होंने लगा दिया पर कुछ नहीं हुआ। समाज में कई ऐसे लोग हैं जो लड़ने के लिए लड़ते हैं। हम उनमें से नहीं हैं अगर लड़ने आए हैं तो इस बात को मानकर चलिए कि जितने का खाका भी दिमाग में लेकर आए होंगे। सोच समझ कर आए हैं कि ये कठिन काम है इसको करने में कितनी ताकत लगानी पड़ेगी, कितना पसीना बहाना पड़ेगा, कितनी व्यवस्था बनानी पड़ेगी और कितना संसाधन लगाना पड़ेगा। सब कुछ सोच-समझ कर व्यवस्था बनाने आए हैं।

प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि ये जितने नेता हैं ये सोच रहे हैं हम धकियाने वाले आदमी हैं? बड़े-बड़े लोगों के नाक में दम कर देते हैं। हम बिहार के लड़के हैं देशभर का नेता जब चुनाव लड़ता है तो मुझसे सलाह लेता है तो ये नेता मेरा क्या करेंगे। एक बार समाज के लोग खड़े हो गए तो जन बल के आगे कोई बल खड़ा होने वाला नहीं है। इसलिए बिहार के भविष्य के लिए सोचिए और किसी का बंधुआ मजदूर मत बनिए।

गया जिले के सिहुली गांव के पास सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत

केटी न्यूज/पटना

गया जिले के आमस थानाक्षेत्र के सिहुली गांव के पास जीटी रोड पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। झारखंड से उत्तर प्रदेश जा रही कार अनियंत्रित होकर हाइवे पर खड़े एक ट्रक में घुस गयी। कार ने ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना से जीटी रोड पर अफरा-तफरी मच गयी। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही घटनास्थल पर ही दो कार सवारों की मौत हो गयी, जबकि कार के ड्राइवर की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही हो गयी। बताया जाता है कि यूपी नंबर की यह कार प्रयागराज की है। कार पर ड्राइवर सहित तीन लोग सवार थे। सभी झारखंड से उत्तर प्रदेश जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक में फंसी कार को बाहर निकाला गया। इस घटना में ड्राइवर सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है।

दो दिन से लापता छात्र का मिला शव, सनसनी

पटना। बिहार में हत्या, लूट, रंगदारी, और गोलीबारी जैसे घटनाएं आम हो गई हैं। राज्य के अलग अलग हिस्सों से लगातार इस तरह की घटनाएं हर दिन सामने आ रही हैं। ताजा मामला राजधानी पटना से सटे बिहटा थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां दो दिन से लापता युवक का शव बिहटा थाना क्षेत्र के पैनल बधार में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी है। मृतक की पहचान बिहटा थाना क्षेत्र के रामपुर इस्माइल बहपुरा गांव निवासी विश्वनाथ प्रसाद के 18 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कुंदन दो दिन पहले घर से निकला था और वापस लौटकर घर नहीं आया। बुधवार की देर रात पैनल गांव के बगीचा के पास एक बोरिंग से कुंदन का शव मिला है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। उधर, कुंदन की मौत की खबर मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

सिक्किम से बिहार घूमने आई युवती के साथ हैवानियत

पटना। बिहार में सिक्किम की रहने वाली लड़की के साथ हैवानित हुई है। युवती की बहन के दो दोस्तों ने लॉज में ले जाकर युवती के साथ बारी-बारी से रेप किया है। दोनों आरोपी युवक बिहार के किशनगंज और अररिया के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना किशनगंज सदर थानाक्षेत्र स्थित एक लॉज की है।

जानकारी के मुताबिक, सिक्किम की रहने वाली लड़की अपनी एक सहेली के साथ किशनगंज घूमने आई थी। घूमने के बाद युवती वापस जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंची लेकिन उसकी ट्रेन छूट गई। जिसके बाद परेशान लड़की ने किशनगंज में उसकी बहन की जान-पहचान वालों को फोन किया। जिसके बाद बहन का दोस्त स्टेशन पहुंचा और दोनों लड़कियों को अपने साथ एक लॉज में ले गया। इसी लॉज में युवक और उसका दोस्त भी रहता था। खाना खाने के बाद जब दोनों लड़कियां अपने कमरे मे चली गईं दो दोनों युवक लड़कियों के कमरे में पहुंच गए और उनके साथ जबरदस्ती करने लगे।



आईनॉक्स पटना में हुआ एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत रंग दे बसंती का प्रीमियर

खेसारी की फिल्म रंग दे बसंती आज होगी रिलीज

केटी न्यूज/पटना



एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत निर्माता रौशन सिंह और सुपर स्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती 7 जून को बिहार और यूपी के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है, जिसकी पूर्व संध्या पर गुरुवार को पटना सिटी सेंटर स्थित पीवीआर आईनॉक्स में इसके भव्य प्रीमियर का आयोजन किया गया। इसमें फिल्म के निमार्ता रौशन सिंह,निर्देशक प्रेमांशु सिंह, खेसारीलाल यादव, हिटलर दीदी फेम रति पांडेय, बॉलीवुड अभिनेत्री डायना खान, निर्देशक लालबाबू पंडित, समर्थ चतुर्वेदी, सोनू पांडेय और पी आर ओ रंजन सिन्हा आदि लोग मौजूद रहे।

उक्त अवसर पर निर्माता रौशन सिंह ने कहा कि यह भोजपुरी की सबसे बड़ी फिल्म है और यह दर्शकों को शानदार मनोरंजन देने वाली है। मैं बिहार वासियों से आग्रह करूँगा कि आप सभी इस फिल्म को जरुर देखें। अब तो यह पीवीआर में भी रिलीज हो रही है। फिल्म में बॉलीवुड से लेकर भोजपुरी फिल्म जगत के नामचीन लोगों ने काम किया है। इसलिए यह अन्य दूसरी फिल्मों से अलग है। फिल्म के निर्देशक प्रेमांशु सिंह ने कहा कि फिल्म रंग दे बसंती हर मामले में एक बेहतरीन सिनेमा है। इसे हर दर्शकों को देखना चाहिए। यह मेरी अब तक की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है।

वहीं,खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह एक अद्भुत कहानी है जो विविधता, समरसता और एकता का संदेश देती है। यह फिल्म न केवल मनोरंजन के लिए है, बल्कि एक सामाजिक संदेश को भी साझा करती है. उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे भोजपुरी फिल्म मल्टीप्लेक्स में नहीं लगती है, उनकी शिकायत भी अब दूर हो रही है। जब आईपीएल में भोजपुरी भाषा को सम्मान मिल सकता है, तो सिनेमाघरों में क्यों नहीं। आपकी अपनी भाषा की फिल्म है यह और इसे आप सिनेमाघर में बैठ कर देखिए और खूब आनंद लीजिये।

छोटे पर्दे की चर्चित अदाकारा रति पांडेय ने कहा कि रंग दे बसंती भोजपुरी सिनेमा में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। इस फिल्म में मैं अलग अंदाज में नजर आउंगी। फिल्म से कई अनुभव जुड़े हैं और इसका निर्माण बड़ी बॉलीवुड फिल्म की तरह हुआ है। सबों ने बेहद मेहनत की है। मैं सभी दर्शकों खास कर नारी शक्ति से कहना चाहूंगी, आप जरुर इस फिल्म को देखिए। वहीँ, बॉलीवुड अभिनेत्री डायना खान ने भी फिल्म की तारीफ करते हुए इसे सुपर हिट बनाने की अपील की।

टीबी की दवा खत्म होने से पहले जिला यक्ष्मा केंद्र को सूचना दें मरीजः सीएस

केटी न्यूज/बक्सर

- टीबी मरीजों की निगरानी के लिए जिले में चलाया जाएगा विशेष अभियान, ली जाएगी जानकारी
- इलाजरत मरीजों की दवा खत्म होने से पहले सूचना देने के लिए की जा रही है अपील

जिले में लोकसभा निर्वाचन की सारी प्रक्रियाएं पूर्ण हो चुकी है। जिसके बाद अब स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ जिला यक्ष्मा केंद्र भी अपनी योजनाओं और सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जोर लगा रहा है। इस क्रम में जिला यक्ष्मा केंद्र जिले के इलाजरत टीबी मरीजों की निगरानी के साथ साथ टीबी के नए मरीजों की खोज के लिए अभियान शुरू करेगा। ताकि, जिले के टीबी संक्रमण के प्रसार पर नकेल कसा जा सके।

सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में टीबी मरीजों की जांच व निगरानी की गति धीमी थी। जिसे तेज करने के लिए जिला यक्ष्मा केंद्र के साथ साथ जिले के सभी प्रखंडों को निर्देश दिया जाएगा। जिसमें प्रभारी चिकित्सकों को उनके क्षेत्रों में इलाजरत टीबी के मरीजों की नियमित निगरानी की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया जाएगा। साथ ही, जिला यक्ष्मा केंद्र इस बात को भी सुनिश्चित करेंगे कि जिले में जितने भी इलाजरत मरीज है, उनकी दवाओं का कोर्स बीच में बंद न हो। इसके लिए मरीजों को जागरूक करना होगा कि उनकी दवाएं खत्म होने से पूर्व ही इसकी सूचना वो जिला यक्ष्मा केंद्र या पीएचसी को दें। ताकि, समय से उन तक दवाएं पहुंचाई जा सके।



नए मरीजों की खोज में फ्रंटलाइन वर्कर्स की रहेगी महती भूमिका : जिला यक्ष्मा केंद्र के डीपीसी कुमार गौरव ने बताया कि जिले में टीबी प्रसार पर नकेल कसने के लिए जिला यक्ष्मा केंद्र तत्पर है। इस क्रम में अब जिले में पंचायत व ग्राम स्तर पर टीबी जांच की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिसमें फ्रंट लाइन वर्कर्स की महती भूमिका रहेगी। उन्होंने बताया कि फ्रंट लाइन वर्कर्स अपने क्षेत्र में टीबी के लक्षण वाले मरीजों को चिह्नित करते हुए नजदीकी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से उनका स्पूटम जमा करेंगी और उसे अपने पीएचसी या जिला यक्ष्मा केंद्र पहुंचाने में कुरियर में लगे लोगों की मदद करेंगी। जांच के क्रम में यदि किसी में टीबी की पुष्टि होगी, तो उनके परिवार के लोगों में भी टीबी की जांच की जाएगी।

मई माह में हुई है 255 टीबी मरीजों की पुष्टि

जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शालीग्राम पांडेय ने बताया कि पिछले माह जिले में चलाए गए जांच अभियान में कई नए मरीजों की पुष्टि हुई है। जिनका नोटिफिकेशन निक्षय पोर्टल पर किया जा चुका है। बीते माह जिले में भर में टीबी के लक्षण वाले 3269 मरीजों की जांच की गई थी। जिनमें 255 लोगों में टीबी की पुष्टि हुई है। साथ ही, टीबी से ठीक हो चुके मरीजों की निगरानी के दौरान 499 लोगों में टीबी के लक्षण पाए गए थे। जिनकी जांच कराने के बाद 17 लोगों में फिर से टीबी की पुष्टि हुई है। इन मरीजों का इलाज मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस (एमडीआर) टीबी के तहत किया जाएगा। इन सबके अलावा जिले में 1715 एचआईवी मरीजों में भी टीबी की जांच की गई थी, जिनमें छह लोगों में टीबी की पुष्टि करते हुए उनका इलाज कराया जा रहा है।

एक नजर

पारिवारिक विवाद व अवसाद के कारण युवक ने खुद पर पेट्रोल छिड़क लगाई आग, मौत



सिमरी। पारिवारिक विवाद में एक युवक ने खुद पर पेट्रोल छिड़क आग लगा आत्महत्या कर ली है। घटना गुरुवार की सुबह सिमरी थाना क्षेत्र के मझवारी गांव स्थित पासी टोला की है। मृतक की पहचान स्थानीय गांव के भगवान मिश्र के 35 वर्षीय पुत्र हिमांशु मिश्र के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पारिवारिक विवाद के कारण वह मानसिक अवसाद में चल रहा था। जिस कारण उसने खुद को आग लगा अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। बताया जाता है कि वह काफी गरीब परिवार से था तथा डुमरांव के किसी पेट्रोल पंप पर नोजल मैन का काम करता था। गुरुवार की सुबह किसी बात से नाराज हो वह कहीं से पेट्रोल ला अपने शरीर पर छिड़क घर के पास ही एक बगीचे में खुद को आग के हवाले कर लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के बीच चिख पुकार मच गई। वह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। सिमरी थाना अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बुनियाद केंद्र का लाभ उठाने लगे दिव्यांग व वृद्ध

डुमरांव। दिव्यांगों व वृद्धजनों के लिए बुनियाद केन्द्र संजीवनी का काम कर रहा है। मालूम हो कि दिव्यांगों एव वृद्धजनों के लिए जिले में बक्सर व डुमरांव में बुनियाद केन्द्र स्थापित किया गया है। बुनियाद केन्द्र में फीजियोथेरेपिस्ट को पदस्थापित किया है, जिसके देख-रेख में सहायता के मशीनों से अभ्यास कराया जाता है। बुनियाद केन्द्र में सारी सुविधाएं फ्री में दी जाती है, केवल केन्द्र में पहुंचने की जरूरत है। 1 जून से जिले के पंचायतों में शिविर लगाकर जरूरमंदों लोगों को लाभ पहुंचाया जाता है और उन्हें बुनियाद केन्द्र में बुलाया जाता है। डुमरांव प्रखंड कार्यालय में स्थापित बुनियाद केन्द्र फीजियोथेरेपिस्ट डा. विकास कुमार बताते हैं कि जब से पंचायत के गांवों में अभ्यास लगे समानों का वैन घुम रहा है। इसके घुमने से लोगों को काफी फायदा मिल रहा है। घर के बुजुर्ग और गांव के दिव्यांग वैन के पास पहुंच सलाह लेते भी हैं और अभ्यास भी करते हैं। इतना ही नहीं उन्हें यह भी बताया जाता है कि डुमरांव प्रखंड कार्यालय में बुनियाद केन्द्र है आप वहां प्रतिदिन जाकर अभ्यास कर सकते हैं। किसी प्रकार कोई शुल्क देय नहीं है, केवल वहां आपको पहुंचना है। लोगों को जानकारी मिलने से बुनियाद केन्द्र में लोग पहुंचने लगे हैं। लोगों को जानकारी नहीं होने से पहले बहुत कम लोग आते थे। अब जानकारी मिल जाने से पहुंचने लगे हैं।



डीएवी मुख्य द्वार का नाम सम्राट अशोक चौक रखने की डीएम से हुई मांग, सौंपा आवेदन

बक्सर। गुरुवार को युवा जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष मोहित कुशवाहा के द्वारा बक्सर के बुनियादी स्कूल के समीप जेल पईन रोड में नवनिर्मित चौराहा का नाम सम्राट अशोक चौक रखने को लेकर जिला अधिकारी अंशुल अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। जेल पईन रोड और बुनियादी स्कूल के मध्य से नई सड़क बनने के बाद से श्वेत नगर, विराट नगर, मालवीय नगर आदर्श नगर और कोईरपूरवा के आम लोगों की यह मांग है, कि नए चौराहे के स्थान पर चौक स्थापित हो और उस चौक का नाम सम्राट अशोक चौक हो। इसको लेकर वहां पर आए दिन आम लोग इकट्ठा होते रहते हैं। गौरतलब है कि सम्राट अशोक भारतीय इतिहास के महान शासक रहे है। उनके बनाए अशोक स्तंभ से ही भारत का राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह भी लिया गया है। उनके शासन काल में मौर्य साम्राज्य का सबसे अधिक विस्तार हुआ था तथा भारत की सीमा अफगानिस्तान तक थी। उन्हें भारतीय इतिहास का महान और प्रतापी सम्राट माना जाता है।

बक्सर पुलिस ने किया महदह बैंक चोरी का खुलासा, स्थानीय गांव के पांच गिरफ्तार

वीडियो फुटेज से हुई चोरों की पहचान कट्टा एवं गोली समेत मॉनीटर बरामद

- सदर डीएसपी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी जानकारी, पूर्व से रहा है अपराधिक इतिहास
- अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए गए मोबाइल व बाइक जब्त

केटी न्यूज/बक्सर





मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महदह गांव में एक जून की रात बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा में हुए चोरी मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने घटना में शामिल पांच चोरों को गिरफ्तार करने के साथ ही बैंक से चोरी गए मॉनिटर के अलावे चोरों के पास से एक देशी कट्टा, एक कारतूस, कुछ मोबाईल फोन, आधा दर्जन से अधिक सीम कार्ड तथा एक अपाची बाइक बरामद की है। गिरफ्तार किए गए सभी चोर स्थानीय गांव के रहने वाले है तथा पूर्व से उनका अपराधिक इतिहास भी रहा है। गुरुवार को सदर डीएसपी धीरज कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी।

प्रेस कांफ्रेंस में डीएसपी ने बताया कि महदह बैंक चोरी मामले का उद्भेदन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बैंक में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले सभी स्थानीय गांव के रहने वाले है तथा पूर्व में भी चोरी का माल बेचने का अरोप इनपर लग चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में बंटी उर्फ बुल्ला, भूषण सिंह तथा शिवम सिंह के अलावे दो अन्य शामिल है।

काम नहीं आई चोरों की चालाकी : बता दें कि एक जून की रात चोरों ने महदह बैंक ऑफ इंडिया की खिड़की उखाड़ इस घटना को अंजाम दिया था। दो जून को रविवार था, तीन जून को प्रबंधक ने इस मामले की शिकायत मुफस्सिल थाने में दर्ज कराई थी। जिसके बाद जांच में जुटी पुलिस ने मात्र चार दिनों में ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि चोरों ने अपनी तरफ से काफी चालाकी दिखाई थी और बैंक में प्रवेश करने के पहले सीसीटीवी कैमरे का तार भी काट दिए थे। लेकिन, उनकी चालाकी काम नहीं आई। एक कोने का तार नहीं कट पाया था। वीडियो फुटेज खंगाल रही पुलिस के हाथ मात्र कुछ सेकेंड का एक वीडियो लगा। जिसमें बुल्ला उर्फ बंटी को पुलिस ने चौकीदार के माध्यम से पहचान लिया। इसके बाद पुलिस ने दबिश दे उसे गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की तो सारा मामला परत दर परत खुलते चला गया।

पूछताछ के दौरान पकड़े गए अपराधी बुल्ला ने बताया कि उसने भूषण और शिवम के साथ ही दो अन्य लड़कों के साथ मिल चोरी की इस घटना को अंजाम दिया है। इसके बाद पुलिस ने अन्य चारों को भी गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक बैंक से चुराया गया मॉनिटर के अलावे एक देशी कट्टा, एक कारतूस, कई मोबाईल फोन, सीम तथा एक अपाचे बाइक बरामद हुआ। आवश्यक पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है। मात्र चार दिनों में बैंक से चोरी का उद्भेदन होने से लोगों ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना की है।

पुराने केस में कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने किया थाने का घेराव

डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर लकड़ी रख किया जाम



केसठ/नावानगर। पूर्व में दर्ज एफआईआर में कोई करवाई नहीं होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरूवार को नावानगर थाने का घेराव कर कुछ देर के लिए सड़क डुमरांव बिक्रमगंज एनएच को जाम कर दिया था। जिसके बाद नावानगर थानाध्यक्ष डॉ नंदू कुमार ने आक्रोशितों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। घटना एक महीना पहले की बताई जा रही है।

नावानगर थाना क्षेत्र के तुरांव खास गांव निवासी 20 वर्षीय युवक गरीबन मुसहर गूंजाडेहरी गांव के एक मुर्गा फार्म पर काम करता था। जहां बचाव के लिए मुर्गा फार्म के चारों तरफ बिजली का तार बिछाया गया था। जहां 6 मई की रात को घूमते वक्त युवक तार के संपर्क में आ गया। धारा प्रवाहित बिजली तार के संपर्क में आते ही उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। जिसका पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया था। हालांकि परिजनों ने मुर्गी फार्म के मालिक पर गोली मारकर हत्या का आरोप लगाते हुए नावानगर थाने में एफआईआर दर्ज कराया था। लेकिन पुलिस बिजली के चपेट में आने से मौत का कारण बता रही है। इसी बात को लेकर ग्रामीणों ने थाना का घेराव कर डुमरांव बिक्रमगंज पथ को जाम कर दिया था।

पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है : थाना अध्यक्ष डॉ नंदू कुमार ने बताया कि मामले को समझा बुझाकर शांत करा दिया गया। किसी के बहकावे में आकर वे लोग सड़क को जाम किए थे। परिजनों के आरोप के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार गोली से हत्या की बात सामने नहीं आई है।

गश्त के दौरान शराब से भरी कार पकड़ाई, मौके से चालक फरार



बक्सर। मुफस्सिल पुलिस ने गश्त के दौरान चौसा -बक्सर मार्ग स्थित थाना क्षेत्र के हादीपुर मिश्रवलिया के बीच दैतरा बाबा के पास एक कार से तस्करी की लायी गई भारी मात्रा में शराब पकड़ी गई। हालांकि, उस दौरान तस्कर सह कार चालक फरार हो गया। पकड़े गए शराब से भरे कॉर्टून व कार को जब्त करते हुए थाना लाया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात पुलिस गश्त कर चौसा आ रही थी। इसी बीच दैतरा बाबा के पास एक कार खड़ा पाया गया। रात्रि पहर खड़ी कार देख पुलिस को शक हुआ, कार के करीब पहुंच जांच की किसी के नजर नही आने पर तलाशी ली गई। जिसमें शराब से भरे कार्टून नजर आए। जिसे थाने लाया गया। कार्टून से शराब की गिनती की गई। जिसमें 225 लीटर 200 उस देशी शराब कुल 1125 टेट्रा व 43.2 लीटर 180 उस अंग्रेजी शराब 240 टेट्रा पैक शराब पायी गई। जहा शराब व कार की जब्त की कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी चन्दन झा ने बताया कि गश्त के दौरान भारी मात्रा में शराब पकड़ी गई है। तस्कर सह चालक फरार है। जिसकी पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि कार के नंबर के आधार पर तस्कर तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

महिला दुकानदार से मारपीट कर छीने आभूषण, एफआईआर दर्ज

केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म

स्थानीय थाना क्षेत्र के अरियांव गांव में एक महिला दुकानदार तथा उसके भतीजे के साथ गांव के ही दो नामजदों ने मारपीट किया है तथा उसके मंगलसूत्र, लॉकेट व नाक तथा कान के सोने के आभूषण भी छिन लिए है। इस संबंध में पीड़िता ने कृष्णाब्रह्म थाने में गांव के ही दो सगे भाईयों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के अनुसार अरियांव के रंजय यादव की पत्नी आशा देवी ब्रह्म स्थान के पास दुकान का संचालन करती है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़िता ने बताया है कि वह बुधवार को अपनी दुकान बंद कर सामान लेकर भतीजे के साथ घर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही सुभाष यादव के लड़के छोटक यादव व कमलेश यादव मुझे घेरकर पिटने लगे तथा बीच बचाव करने आए भतीजे की पिटाई भी कर दी। पिटाई के दौरान ही उन दोनों ने सोने के मंगलसूत्र, लॉकेट, कान तथा नाक के गहने भी छिन लिए। पीड़िता ने बताया है कि राहगीरों के आने के बाद मेरी जान बची। वही, पीड़िता की मानें तो एक साल पहले इन्हीं लोगों ने दुकान में आग भी लगाई थी। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। सूत्रों की मानें तो मामला आपसी विवाद का है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला से मारपीट मामले पर गांव में कई तरह की चचाएं हो रही है। वही इस घटना से गांव में दो पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है।

जिलाधिकारी ने लोक शिकायत संबंधित मामलों की सुनवाई की

बक्सर। गजिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने लोक शिकायत की द्वितीय अपील की सुनवाई समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। कुल 16 मामलों में सुनवाई की गई। जिसमें 16 लोक शिकायत अधिकार निवारण से संबंधित मामलों पर सुनवाई की गई। जिसमें से छह मामलों का निष्पादन जिला पदाधिकारी द्वारा किया गया। डीएम ने अपने मातहों से लोक शिकायत के मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश भी दिया। सुनवाई में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ प्रखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बनकट गांव के बधार से मिला युवक का शव

- पुलिस ने शव को कब्जे में ले कराया पोस्टमॉर्टम, पहचान के लिए सभी साइबर सेनानी व्हाट्सएप ग्रुप्स में भेजी तस्वीर

केटी न्यूज/डुमरांव



गुरुवार की सुबह कोरान सराय थाना अंतर्गत सिकरौल डुमरांव राजवाहा नहर लाइन पर बनकट गांव से पांच सौ मीटर पश्चिम बधार में एक युवक का शव बरामद हुआ है। जिस जगह से युवक का शव मिला है, वहां से कुछ ही दूरी पर संचालित चिमनी भट्ठा पर दर्जनों की संख्या में मजदूर काम कर रहे थे। आम लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मृतक की उम्र 35-40 वर्ष के आस पास है तथा वह आसमानी रंग का पुराना जींस पहना है। युवक के उपर शरीर में कोई कपड़ा नहीं है। उसके दाहिने हाथ में बिच्छू का टैटू बना है। पुलिस का कहना है कि मृतक युवक के शरीर पर कोई निशान नहीं पाया गया है, जिससे अनुमान लगाया जा सके कि इससे साथ मारपीट की गई है। मृतक का चेहरा देखने के बाद विक्षिप्त जैसा लग रहा है। हालांकि शव की पहचान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की अल सुबह कोरानसराय पुलिस को सूचना मिली कि बनकट गांव से करीब 500 मीटर पश्चिम बधार में एक युवक का शव पड़ा है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। बधार में शव मिलने की सूचना पर काफी संख्या में लोग पहुंचे थे, लेकिन किसी के द्वारा पहचान नहीं की गई। पुलिस उसकी तस्वीर को आस पास के थानों, साइबर सेनानी ग्रुप तथा सोसल साइटो पर भेज पहचान का प्रयास कर रही है।

चौसा नगर पंचायत की बदलेगी दशा, सशक्त समिति की बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा

बरसात से पूर्व युद्ध स्तर पर करायी जाएगी नाली उड़ाही

केटी न्यूज/चौसा



नगर पंचायत चौसा कार्यालय में गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष किरण देवी की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसका संचालन कार्यपालक पदाधिकारी अमिर सोहेल ने की। इस बैठक में विशेष रूप से चुनाव से ठप पड़े चौसा नगर पंचायत के विकास सम्बंधित योजनाओं पर चर्चा की गई।

मुख्य पार्षद ने नगर पंचायत चौसा के विकासात्मक कार्य के बारे में कहा कि सबसे पहले नगर पंचायत क्षेत्र में बरसात से पूर्व पानी निकासी के लिए सभी बड़े एवं छोटे नालों की युद्ध स्तर पर उड़ाही कर कार्य कराया जाएगा, ताकि नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत जल जमाव की समस्या उत्पन्न न हो। वही नगर के कई चौक-चौराहों पर सार्वजनिक शौचालय व मूत्रालय का निर्माण कराया जाएगा। नगर पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार चापाकल लगवाने के साथ प्रमुख चौक चौराहे पर कूड़ेदान की व्यवस्था कराई जाएगी। वही, प्रत्येक नगर क्षेत्र के घरों में डस्ट बीन वितरण की जाएगी। उन्होंने कहा चौसा नगर पंचायत को स्वच्छ के साथ सुंदर बनाए जाने के संकल्प है। इसी के तहत क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था को और सरलीकरण करने हेतु आवश्यकतानुसार ट्रालीयुक्त ट्रैक्टर का क्रय, पेयजल की संकट के निदान हेतु पानी टैंकर का क्रय किया जाएगा। वही प्रमुख चौक चौराहे पर स्म्क तिरंगा लाइट का क्रय करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा प्रत्येक वार्ड में गली-नाली का निर्माण विभागीय एवं निविदा के माध्यम से करने का निर्णय लिए गया है। इस सम्बंध में कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया अब चुनाव सम्पन्न हो गए है, चौसा नगर पंचायत को स्वच्छ व सुंदर बनाने हेतु शीघ्र ही कार्यो पर अंजाम दिया जाना है। जिससे इस नगर पंचायत की दशा बदलेगी।

बैठक में उप मुख्य पार्षद सरिता देवी, सशक्त स्थाई समिति के सदस्य ललिता देवी, चंदन चौधरी, आनंद कुमार रावत के अलावे सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी मोहम्मद अरशद हैदर नकवी, कनीय अभियंता विनय कुमार एवं प्रभारी प्रधान सहायक सत्य प्रकाश उपस्थित रहे।

डुमरांव पीएचसी के दवा भंडार कक्ष में एसी नहीं लगने से दवाएं हो रहीं खराब

केटी न्यूज/डुमरांव



दवा के भंडारण और उसे सुरक्षित रखने में डुमरांव पीएचसी नाकाम हो रहा है। दवा का भंडारण कक्ष भर जाने के बाद दवा को बरामदे में रखा गया है। इतना ही नहीं दवा को सुरक्षित रखने के लिए भंडारण कक्ष में एसी तक नहीं लगाया गया है। ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है जीवन रक्षक दवा को सुरक्षित रखने के लिए पीएचसी प्रभारी व स्टाफ कितना गंभीर हैं।

विदित हो कि अनुमंडलीय अस्पताल से ही इन जीवन रक्षक दवाओं को तीन एपीएचसी और 21 स्वास्थ्य सेंटरों पर भेजा जाता है। पीएचसी में ही प्रतिदिन 150 मरीजों को देखा जाता है। मरीज को देखने के बाद दवा भी डाक्टर के अनुसार दी जाती है, सबकुछ फ्री में मिलने के कारण मरीज पहुंचते रहते हैं। विशेषज्ञों की माने तो दवा ठंढी जगह में ही रखना चाहिए। ठंढे स्थान पर रखे जाने से दवा सुरक्षित रहता है। जीवन रक्षक दवा को खुले में नहीं रखना चाहिए। इस संबंध में पीएचसी प्रभारी डॉ. आर बी प्रसाद ने बताया की दवा भंडार में एसी लगाने के लिए डिमांड बहुत पहले किया जा चुका है। बरामदे में रखी दवा को सुरक्षित स्थान पर रखने की व्यवस्था किया जा रहा है। भवन के अभाव में परेशानी हो रही है।

आग उगल रहा सूरज; रोहिणी में भी जिले में नहीं हुई बारिश, कैसे तैयार होगी धान की नर्सरी

भीषण गर्मी के साथ चिलचिलाती धूप के कारण खेतों में पड़ी दरारें, नहरों में भी नहीं आया पानी

केटी न्यूज/बक्सर

पिछले एक महीने से भयंकर गर्मी पड़ रही है। तापमान 45 से 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। गर्मी ऐसी पड़ रही है मानों सूरज आग उगल रहा है। खेतों दरारें पड़ गई है। ऐसे में किसानों के समक्ष धान की नर्सरी तैयार करना चुनौती बन गया है। बता दें कि आगत खेती करने वाले किसान रोहिणी नक्षत्र में ही धान की नर्सरी तैयार करते है। अक्सर इस नक्षत्र में बारिश भी होती है। इस नक्षत्र की बारिश को धान सहित खरीफ खेती के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। किसानों का कहना है कि इसी नक्षत्र से खरीफ खेती का बीजारोपण होता है। लिहाजा यह नक्षत्र किसानों के लिए बड़ा खास होता हैं।

इस वर्ष 25 मई को ही रोहिणी नक्षत्र की शुरूआत हुई थी तथा अब यह नक्षत्र बदलने वाला भी है, लेकिन अभी तक पूरे जिले में एक बूंद बारिश भी नहीं हुई है। नहरों में भी पानी नहीं आया है। जिस कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। धान की खेती करने वाले किसान जैसे तैसे ट्यूबवेल चला बिचड़ा वाले खेतों में पानी भरे है। कुछ किसानों ने बिचड़ा डाल भी दिया है। लेकिन बारिश नहीं होने तथा तेज धूप से अच्छी नर्सरी तैयार होने पर संशय बना हुआ है। जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं, जानकारों की मानें तो मौसम जब नर्म होता है तो बिचड़ा अच्छा तैयार होता है। कोरानसराय के किसान दयाशंकर तिवारी, ठोरी पांडेयपुर के इंद्रदेव पांडेय, रामपुर के वसंत पांडेय, खलवा ईनार के मनोज यादव, इटाढ़ी के रामाशंकर सिंह आदि का कहना है कि बारिश नहीं होने पर धान की नर्सरी तैयार करना टेढ़ी खीर है।

हीट वेव से मुश्किल होगा बिचड़ों को बचाना : मौसम जिस तरीके से तल्ख बना हुआ है तथा लगातार हीट वेव का दौर जारी है, उसमें यदि किसान निजी पंपो के सहारे नर्सरी तैयार करते भी है तो उन्हें बचाना मुश्किल होगा। किसानों का कहना है कि हिट वेव व तेज धूप के कारण खेतों में दरारे पड़ गई है। धूप इतनी तेज हो रही है कि बिचड़ा वाले खेतों में जमा पानी भी गरम हो जा रहा है। कृषि वैज्ञानिकों ने भी मौसम की नजाकत को भांप बिचड़ा डालने की सलाह दी है।

धान का कटोरा कहा जाता है यह क्षेत्र : बता दें कि जिले का दक्षिणी भाग धान का कटोरा कहा जाता है, इस इलाके में की मिट्टी तथा वातावरण धान उत्पादन के लिए काफी बेहतर है। यहां न सिर्फ बड़े पैमाने पर धान का उत्पादन किया जाता है, बल्कि यहां उत्पादित धान अपनी गुणत्ता के लिए भी पूरे देश में विख्यात है। यही कारण है कि यहां उत्पादित होने वाले सोनाचूर, कतरनी, बीटी-52 आदि किस्मों की डिमांड देश के कोने कोने तक होती है।

मानसून आधारित कृषि से पिछड़ता है लक्ष्य : बता दें कि जिले में सिंचाई के वैकल्पिक साधानों का अभाव हैं। जिस कारण किसान खेती के लिए मानसून पर ही आधारित रहते है। हलांकि, दक्षिणी क्षेत्र में अंग्रेजों के जमाने से ही नहरों का जाल बिछाया गया है। लेकिन, नहरों में कभी भी समय से पानी नहीं आता है। जिस कारण जिले के किसानों को मानसून पर निर्भर रहने की मजबूरी बनी रहती है। यही कारण है कि जब मॉनसून दगा देता है तो धान की रोपनी तथा उत्पादन का लक्ष्य पिछड़ जाता है।



पानी नहीं छोड़े जाने के कारण सूखा पड़ा केसठ का नहर।



पानी नहीं मिलने के कारण सूखे खेतों में पड़ने लगी दरारें।

रोहिणी नक्षत्र में भी नहरों में उड़ रही है धूल, किसानों की बढ़ी मुश्किल

केटी न्यूज/केसठ

रोहिणी नक्षत्र में किसानों को धान का बिचड़ डालने के लिए पानी की चिंता सताने लगी है। यदि नहरों में पानी समय पर नहीं आया तो रोहिणी नक्षत्र में बिचड़ा डालने से कई किसान वंचित हो जाएंगे। किसानों के लिए यह नक्षत्र धान का बिचड़ा डालने का अच्छा समय माना जाता है। जिसे धान की पैदावार भी अच्छी होती है। भीषण गर्मी के कारण प्रखंड के आहर, पोखर व तालाब सभी सूख चुके हैं। जलस्तर नीचे चला गया है। उधर नहरों में भी पानी नहीं आने के कारण अभी नहरों में धूल उड़ रही है।

किसान धान का बिचड़ा डालने को लेकर परेशान हैं। अभी रोहिणी नक्षत्र चल रहा है। किसान आकाश में बादल को देखकर खुश हो जाते हैं। लेकिन थोड़ी देर में ही मायूसी छा जाती हैं। विदित हो कि धान का कटोरा कहे जाने वाले प्रखंड के किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। विभाग उदासीन और लापरवाह बना हुआ है। अभी तक डुमरांव राजवाहा समेत अन्य नहरों में पानी नहीं आने से प्रखंड समेत दर्जनों गांवों के किसान चिंतित और मायूस दिख रहे हैं। किसान रामजी, संतोष आर्य, दिनेश महतो, दीनानाथ पाल, पवन कुमार का कहना है कि विभाग की लापरवाही एवं उदासीनता के कारण अभी तक किसान बिचड़ा नहीं डाल पाए हैं। जबकि सरकार ने किसानों को आगे बढ़ने तथा फसल की उपज दुगना करने को लेकर सस्ते दर पर खाद बीज व अन्य विभिन्न प्रकार की सुविधाएं मुहैया करा रही हैं। लेकिन समय पर नहरों में पानी नहीं आने के कारण सब बेकार है।

22 क्विंटल बीज बिक्री का रखा गया है लक्ष्य : इस बार प्रखंड को 22 क्विंटल धान का बीज बिक्री का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके के ई किसान भवन में वितरण शुरू भी कर दी गई है।कृषि विभाग के तरफ से लगभग 1950 हेक्टेयर भूमि पर धान रोपनी का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए कृषि विभाग के तरफ से किसानों को जागरूक कर उत्तम क्वालिटी के बीज के लिए जागरूक किया किया जा रहा है।



बोले कनीय अभियंता... 15 जून तक नहर में पानी आ जायेगा

सोन नहर अवर प्रमंडल सिद्धिपुर के कनीय अभियंता पप्पू सिंह ने बताया कि प्रखंड के सभी कैनालो में 15 जून तक पानी आ जायेगा। विभाग को सूचना दे दी गई है।

मोटर पंप के सहारे खेत तैयार कर रहे हैं किसान

रोहिणी नक्षत्र विगत 25 मई से शुरू है। जिसमें अब केवल 8 दिन ही बचे है। नहरों में पानी नहीं आने के कारण किसान अब अपने निजी मोटर पंप के सहारे धान का बिचड़ा डालने के लिए खेत तैयार कर रहे है। क्षेत्र के केसठ, कतिकनार, रामपुर आदि गांवों में धान का बिचड़ा डालने के लिए किसान जुट गए है। किसानों का कहना है कि कुछ ही दिनों बाद रोहिणी नक्षत्र भी समाप्त हो जाएगा। समय पर पानी नहीं पहुंचने से किसानों में मायूसी देखी जा रही है। तापमान अधिक हो जाने से किसान काफी चिंतित है। फिर भी डीजल पंप सेट एवं इलेक्ट्रिक मोटर चलाकर खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। वही कृषि विभाग कि ओर से किसानों को सलाह दी गई है कि सामान्य तापमान हो जाने पर ही बिचड़ा डाले। किसान बिचड़ा के आसपास के परती खेतों की भी सिंचाई कर रहे हैं। ताकी बिचड़ा वाले खेत का तापमान कम हो सकें।

कम समय में तैयार होने वाले प्रभेद लगाना बेहतर



ऐसे तल्ख मौसम व हिट वेव से धान की नर्सरी को बचाने के लिए जरूरी है कि किसान हर दूसरे या तीसरे दिन नर्सरी तथा उसके आस पास वाले खेत की सिंचाई करते रहे। बक्सर इलाके में 25 मई से 30 जून तक धान की नर्सरी तैयार करने का अच्छा समय रहता है। कम समय में तैयार होने वाले प्रभेदों की नर्सरी कुछ दिनों बाद लगाना बेहतर होगा।

– प्रकाश कुमार, कृषि वैज्ञानिक, वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज, डुमरांव

एक नजर

राष्ट्रीय योग वीर सम्मान समारोह से सम्मानित होंगे डुमरांव के योग गुरू संजय

बक्सर। रामनगरी अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय योग वीर सम्मान समारोह 2024 में डुमरांव के योग गुरू संजय सिंह भी शामिल होंगे। बता दें कि योग शिक्षक सह महर्षि विश्वामित्र योग एवं परामर्श संस्थान, डुमरांव के निदेशक डॉ संजय कुमार सिंह को योग के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ द्वारा राष्ट्रीय योगबीर सम्मान 2024 के लिए चयनित किया गया है। 14 जून को केंद्रीय मंत्री द्वारा अयोध्या में सम्मानित किया जाएगा। संजय ने बताया कि उनके साथ पूरे भारतवर्ष से लगभग सैकड़ो की संख्या में योग शिक्षकों, योग से जुड़े महानुभावों या योग के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वालों को 14 जून 2024 को अयोध्या धाम, में सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए डुमरांव के अबकारी गली निवासी डॉ संजय कुमार सिंह का चयन योग के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए किया गया है। पहले भी इन्हें योग के क्षेत्र में शाहाबाद योग सम्मान 2022, योग वीर सम्मान 2023, महर्षि पतंजलि योग सम्मान 2023 एवं पर्यावरण के क्षेत्र में बिहार के पर्यावरण मंत्री द्वारा पर्यावरण योद्धा सम्मान 2023 से सम्मानित किया जा चुका है। इनका योग के क्षेत्र में हमेशा महिला, युवा एवं वृद्धजन को योग सिखाते रहते हैं साथ ही साथ योग प्रति लोगों को जागृत करते रहते हैं ताकि योग करके लोग निरोग रहे। इन्होंने वर्तमान समय में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में योग प्रशिक्षक के रूप में सेवा दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे छुट्टी के समय में महिलाओं को डुमरांव के शहीद पार्क एवं अन्य जगहों पर लोगों को योग सिखाते रहते हैं तथा सोशल मीडिया के द्वारा योग का प्रचार प्रसार करते रहते हैं। साथ ही साथ युवाओं को योग के प्रति प्रशिक्षण देकर विश्वविद्यालय एवं अन्य संस्थाओं द्वारा योग में रोजगार के लिए प्रमाण पत्र भी देते हैं। क्योंकि वर्तमान समय में योग एक उभरता हुआ रोजगार है। इनका योगदान इस क्षेत्र के लिए काफी सराहनीय हैं।



10 जून से खुलेंगे जिले के विद्यालय, सुबह 6:30 बजे से 11:30 बजे तक होगा संचालन

बक्सर। जिले के सभी सरकारी स्कूल 10 जून खुल रहे है। 10 से 30 जून तक विभाग के नयें समय सारिणी के अनुसार पठन पाठन शुरू होगा। इसको लेकर पूरे राज्य में प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालयों का 10 जून से 30 जून तक संचालन के लिए विभागीय स्तर पर निर्देश जारी किया गया है। गर्मी को देखते हुए विभागीय स्तर पर निदेशक माध्यमिक शिक्षा ने निर्देश दिया है। विद्यालयों का संचालन पूर्वाहन 6.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित करने को लेकर कहा गया है। वहीं प्रारंभिक विद्यालयों में संचालित मध्याह्न भोजन कराने की व्यवस्था 11.30 बजे से कराने का निर्देश दिया गया है। यह निर्देश जिला के सभी विद्यालयों प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक, संस्कृत विद्यालय, मदरसा विद्यालय में शिक्षण में शिक्षण कार्य को लेकर समय सारिणी निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय सारिणी के अनुसार विद्यालयों को संचालित करने का निर्देश दिया है। वर्ग 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए मिशन दक्ष के अंतर्गत कक्षा संचालित करने, कक्षा 9 से12 तक के विद्यार्थियों के लिए नियमित कक्षा का संचालन करने, जो बच्चे मिशन दक्ष से आच्छादित नहीं हैं उनके लिए खेलकूद, पेन्टिंग एवं अन्य सृजनात्मक गतिविधि कराने को लेकर निर्देश दिया गया है। कक्षा 1 से 8 तक के छात्र व छात्राओं के लिए मध्याह्न भोजन कराने, कक्षा 9 से 12 तक के छात्र व छात्राओं के लिए विशेष कक्षा का संचालन करने, जो बच्चे विशेष कक्षा से आच्छादित नहीं हैं उनके लिए खेलकूद, पेन्टिंग एवं अन्य सृजनात्मक गतिविधि कराने को लेकर निर्देशित समय सारिणी के अनुसार किया गया है।

भीषण गर्मी में सूखे जलाशय, प्यास बुझाने के लिए पशु-पक्षी भी बेहाल

केटी न्यूज/डुमरांव

- अप्रैल से ही सूखने लगे थे ताल तलैये, जल स्तर नीचे खिसकने से बंद हो गए है अनुमंडल के अधिकांश चापाकल

भीषण गर्मी के चलते जहां धरती तप रही है वहीं स्थानीय शहर के कई जलाशय व पोखरे सूख गए हैं। जिससे पशुपालकों को पशुओं को नहलाने से लेकर पीने तक को पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में पशुओं के लिए भी जल संकट पैदा हो गया है। जिससे पशु पालक परेशान हैं। पशु पालकों ने सरकार व जिला प्रशासन से सूखे पोखरों में पानी भरने की मांग की है। पशुपालक रामू प्रसाद, धनजी, श्रीभगवान, मंतोष आदि ने बताया कि पशु पालन कर उनके दूध को बेचकर अपने परिवार का गुजारा करते हैं। पशुओं को नहलाने व पानी पिलाने के लिए बने पोखरों में ले जाते थे, लेकिन बढ़ती गर्मी के चलते सभी पोखरे सूखने लगे हैं। ऐसे में पशुओं को दूर-दराज नहलाने व पानी पिलाने के ले जा रहे हैं। पशुपालकों ने कहा कि कई बार पशुओं को पानी खरीदकर भी पिलाना पड़ रहा है।



इसके साथ ही गर्मी में पशुओं के बीमार होने से दूध भी घट गया है जिससे उन्हें पशु पालन करने में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उनकी आमदनी भी घट गई है। जिससे परिवार का गुजारा भी नहीं हो पा रहा है। अभी मानसून आने में काफी समय है। जिसको देखते हुए जिला प्रशासन व सरकार को पोखरों में पानी भरने के व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि पशुओं को पानी मिल सकें।

पिछले महीने हुई थी ब्लैक बग की मौत : बता दें कि पिछले महीने चौगाईं प्रखंड के भादी गांव में प्यास से भटकते एक काले हिरण (ब्लैक बग) की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त हिरण सुबह तक ठीक था और अचानक मर गया। ग्रामीणों ने बताया कि बाधार में आहर पोखर के सूख जाने के कारण हिरण, नीलगाय समेत अन्य जंगली जानवरों को प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ रहा है। बेचारे मृग मारीचिका में फंस मरने के लिए वैसे ही बदनाम है। लेकिन, बक्सर जिले में पानी के अभाव में मृग की मौत चर्चा का विषय बना है।



वट सावित्री पूजन के लिए सुबह से अनुमंडल के विभिन्न गांवों में वट वृक्ष के नीचे लगी रही भीड़

सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए रखा व्रत

केटी न्यूज/डुमरांव

गुरुवार को वट सावित्री व्रत रखकर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीघार्यु के लिए कामना की। सुहागिन महिलाएं शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित वट वृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं। इसके बाद विधिवत पूजा किया। सबसे पहले वट वृक्ष को हल्दी का लेप लगाया। फिर पीला धागा को लपेटते हुए सात बार परिक्रमा की। इसके बाद जल अर्पण किया। पूजन के बाद महिलाओं ने व्रत को खोला। सुबह से ही महिलाओं ने पूजन-अर्चन शुरू कर दिया था। वट वृक्ष का वर्णन धार्मिक शास्त्रों, वेदों और पुराणों में किया गया है। एक ओर जहां वट वृक्ष को भगवान शिव का रूप माना जाता है।

वहीं दूसरी ओर पद्म पुराण में इसे भगवान विष्णु का अवतार कहा गया है। विवाहित महिलाएं इस दिन व्रत रखती हैं और वट वृक्ष की पूजा करती हैं, जिसे वट सावित्री व्रत कहा जाता है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की रक्षा और वैवाहिक सुख के लिए व्रत रखती हैं और वट वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर परिक्रमा करती हैं। इसका बहुत महत्व बताया जाता है। कहा जाता है कि माता सावित्री अपने कठिन तप से अपने पति के प्राण यमलोक से वापस लाईं थी। तभी से इसे वट सावित्री व्रत के नाम से जाना जाता है। विवाहित महिलाओं का कहना है कि इस दिन वे वट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना करती हैं, परिक्रमा करती हैं और अपने वैवाहिक सुख की रक्षा और पति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करती हैं।


सुख-समृद्धि के लिए की पीपल की पूजा : अमावस्या होने से महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा से पहले पीपल वृक्ष के रूप में चंद्र देव, पितृ देव व भगवान जनार्दन की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। वृक्ष की 108 बार परिक्रमा कर हर बार नैवेद्य अर्पित किया। किसी ने मूंगफली तो किसी सिक्का या अन्य सामग्री अर्पित कर और जल देकर मंगल कामना की।





केसठ में भी महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा

केसठ। ज्येष्ठ अमावस्या के दिन गुरुवार को वट सावित्री व्रत परंपरागत रूप से आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुहागन महिलाओं ने व्रत रहकर वट वृक्ष की पूजा की। पति की लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की। वट वृक्षों के नीचे सुबह से लेकर दोपहर तक पूजन-अर्चन चलता रहा। मंगलगीत गूंजते रहे। इस दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की जड़ को जल से सींचा। वट वृक्ष की परिक्रमा की। इस दौरान वे सूत से वट वृक्ष के तने को लपेटती जा रही थीं। कुछ महिलाओं ने तने में 108 बार तो कुछ ने सिर्फ सात बार सूत लपेटते हुए परिक्रमा की। इसके बाद बांस से बने नये पंखे से वट वृक्ष को हवा दी। सुबह स्नान कर महिलाओं ने व्रत का संकल्प लिया। इसके बाद अपने आसपास के वट वृक्षों के नीचे जाकर पूजा-अर्चना की।



प्राथमिकी दर्ज करने में लापरवाही और पीड़िता के साथ बदसलूकी में महिला थानाध्यक्ष व चालक सिपाही सस्पेंड

- डीएसपी मुख्यालय और ट्रेनी डीएसपी की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने की कार्रवाई
- बिहिया इलाके की दो महिलाओं की ओर से पिछले दिनों एसपी से की गयी थी थानाध्यक्ष व सिपाही की शिकायत

केटी न्यूज/आरा

शिकायत के बाद भी प्राथमिकी दर्ज करने में लापरवाही बरतना और पीड़ित महिलाओं के साथ बदसलूकी करना महिला थानाध्यक्ष और मुंशी का काम करने वाली चालक सिपाही को काफी महंगा पड़ा। एसपी नीरज कुमार सिंह की ओर से दोनों को सस्पेंड कर दिया गया है। डीएसपी मुख्यालय और ट्रेनी डीएसपी की अलग-अलग जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी की ओर से यह कार्रवाई की गयी है। इसे लेकर एसपी की ओर से गुरुवार को जिला आदेश भी जारी कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बिहिया थाना क्षेत्र के करजा और बिहिया की रहने वाली दो महिलाओं की ओर से पिछले दिनों एसपी को आवेदन देकर महिला थानाध्यक्ष अंशु कुमारी और मुंशी का काम करने वाली चालक सिपाही पिंकी कुमारी (संख्या 51) पर प्राथमिकी दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया गया था। करजा गांव निवासी मनीष कुमारी की ओर से कहा गया था कि आवेदन देने के बाद पैसे लेकर थानाध्यक्ष द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही थी। बाद में शिकायत करने जाने पर थानाध्यक्ष और चालाक सिपाही द्वारा एक कमरे में ले जाकर सुलह करने का दबाव दिया गया और मारपीट की गयी। उसी तरह बिहिया की रहने वाली मनीषा कुमारी की ओर से भी महिला थानाध्यक्ष और चालाक सिपाही पर प्राथमिकी दर्ज नहीं करने की शिकायत एसपी से की गयी थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी की ओर से मुख्यालय डीएसपी चंदेश्वर पासवान और ट्रेनी डीएसपी अपूर्वा को जांच का आदेश दिया गया। डीएसपी की जांच में दोनों मामलों की



शिकायत सही पायी गयी। उसके बाद एसपी की ओर से थानाध्यक्ष अंशु कुमारी और चालक सिपाही पिंकी कुमारी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया। इससे पुलिस महकमें में हड़कंप मंच गया है।

आवेदन नहीं मिलने का बहाना बना कर प्राथमिकी दर्ज करने में की जा रही थी आनाकानी : बताया जा रहा है कि बिहिया निवासी सोनू वर्मा की पत्नी मनीषा कुमारी की ओर एसपी को आवेदन देकर केस दर्ज नहीं करने की शिकायत की गयी थी। कहा गया था कि बार-बार थाने का चक्कर लगाने और थानाध्यक्ष व मुंशी का काम करने वाली सिपाही पिंकी कुमारी से गुहार लगाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। तब मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी द्वारा ट्रेनी डीएसपी अपूर्वा को मामले की जांच करने का आदेश दिया गया। जांच के क्रम में डीएसपी द्वारा थानाध्यक्ष और सिपाही से अलग-अलग पूछताछ की गयी। उस दौरान थानाध्यक्ष ने आवेदन मिलने से इनकार कर दिया गया। वहीं चालक सिपाही द्वारा बताया गया कि महिला बिहिया पीएचसी का चिकित्सा का स्लीप लेकर आयी थी। उसके पास आवेदन नहीं था। तब उसके पति को कॉल कर थाने में उपस्थित होने को कहा गया था। उस पर डीएसपी द्वारा पूछा गया कि पीड़िता अगर अनपढ़ है, तो उसका किसी आंगतुक या कर्मी से आवेदन क्यों नहीं लिखवाया गया। उस पर थानाध्यक्ष और चालाक सिपाही द्वारा संतोष जनक जबाव नहीं दिया गया। एसपी ने जांच रिपोर्ट व दोनों के पूछताछ के आधार पर सभी तथ्यों को देखने के बाद यह निर्णय लिया है। एसपी नीरज कुमार ने स्पष्ट करते हुए कहा कि पुलिस आम जनता की सहायता के लिए होती है। उन्हें परेशान करने के लिए नहीं होती है। यदि अपने कर्त्तव्य से कोई भी पुलिस कर्मी बिचलित होगा। तब उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

नहाने के दौरान पोखरे में डूबने से मौत की जताई जा रही आशंका

खेलने निकले दो बच्चों का पोखरे से मिला शव, डूबने से दोनों की मौत, मचा कोहराम

- शव का पोस्टमार्टम कराये के बाद मौत कै कारणों की छानबीन में जुटी पुलिस
- नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ले की बुधवार की शाम की घटना
- बुधवार की शाम खेलने निकले थे दोनों बच्चे, गुरुवार की सुबह मिला शव

केटी न्यूज/आरा



शहर के नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड मोहल्ले से खेलने के दौरान गायब दो बच्चों का शव बरामद किया गया है। बुधवार की शाम खेलने के लिए घर से निकले बच्चों का शव गुरुवार सुबह अनाइठ स्थित पोखरे से बरामद किया गया है। दोनों की पोखरे में डूबने से मौत होने की बात कही जा रही है। मृत बच्चों में गड़हनी थाना क्षेत्र के दुबौली गांव निवासी अनिल कुमार यादव का 8 वर्षीय पुत्र आर्य कुमार और धोबहां थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी संतोष साह का आठ वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार शामिल हैं। दोनों बच्चे फिलहाल अपने परिजनों के साथ नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड में किराए के मकान में रहते थे। दोनों के परिजन आरा में व्यवसाय करते हैं। इधर, एक साथ दो बच्चों का शव मिलने से मोहल्ले में अफरातफरी मची रही।

शाम में बच्चें निकले थे खेलने के लिए

अनिल कुमार यादव ने बताया कि बुधवार की शाम दोनों बच्चे घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक दोनों गायब हो गए। देर शाम तक दोनों बच्चे घर नहीं लौटे, तो परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की। काफी खोजबीन के बाद भी दोनों का पता नहीं चला। पहले परिजनों को लगा कि बच्चें खेलते हुए कहीं आसपास ही चले गये। परिजनों ने आसपास के सभी इलाकों में खोजबिन की। परंतु कुछ भी पता नहीं चल पा रहा था। परिजनों ने इसके बाद अपने सभी सगे-संबंधितों को फोन कर जानकारी प्राप्त की। परंतु उन्हें कोई सूचना नहीं मिल पा रही थी। आस-पड़ोस के सभी लोगों का कहना था कि बच्चें कभी बाहर जाते नहीं थे। अचानक कहां चले गये। पूरा परिवार रात भी इस बात को लेकर चिंतित हो रहा था कि दोनों बच्चें कहा और किस हाल में होंगे। हर आहट पर लग रहा था कि दोनों अपने घर लौट आये। परंतु जल्द ही परिजनों को यह भ्रम टूट जा रहा था। इसी बीच गुरुवार की सुबह किसी ने बताया कि अनाइठ मुसहर टोली के पास पोखरे में दो बच्चों को शव दिख रहा है। परिजनों को लगा कि यह किसी दूसरे बच्चों को शव होगा। उन्हें तब भी उम्मीद नहीं था कि उन्हें इतनी मनहूस खबर मिलेगी। उसके बाद वे लोग पहुंचे, तो देखा कि दोनों का शव पोखरे में पड़ा है। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों शव बाहर निकाला गया। उसके बाद पुलिस द्वारा दोनों शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बच्चों के परिजनों और पुलिस के अनुसार डूबने से दोनों बच्चों की मौत होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि खेलने के दौरान नहाने के लिए पोखरे में चले गए और डूब गए।

आर्या दो भाइयों में बड़ा, तो सत्यम था मांझिल, दोनों के घर में रोना-धोना

इधर, एक साथ दो बच्चों की मौत से उनके घरों में रोना-धोना और कोहराम मच गया है। वहीं मोहल्ले का माहौल गमगीन हो उठा है। बताया जा रहा है कि आर्या कुमार दो भाइयों और एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां सोनी देवी, भाई अंश और बहन आशी कुमारी है। वहीं सत्यम कुमार दो भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां रंजीता देवी, भाई कुंदन और बहन लक्ष्मी कुमारी है। बच्चों की मौत और उनके महिलाओं की चीत्कार से माहौल गमगीन हो उठा। वहीं दूसरी ओर किसी को यह विश्वास नहीं हो पा रहा है कि दोनों मासूम अब इस दुनिया में नहीं है। दोनों की मौत से परिवार ही नहीं बल्कि आसपास के लोग भी सदमें में आ गये है।

कुख्यात अपराधी 2 लाख का इनामी पप्पू शर्मा गिरफ्तार

जहानाबाद। जिले के परस बीघा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो लाख के इनामी कुख्यात अपराधी अमिताभ रंजन उर्फ पप्पू शर्मा को धड़ दबोचा है। पप्पू शर्मा कई कांडों का अभियुक्त है। खुद को मृत घोषित कर वह आपराधिक वारदातों को बेखौफ अंजाम दे रहा था। पिछले कई वर्षों से वह पुलिस को चकमा दे रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर जहानाबाद जिले के परसबीघा थाना क्षेत्र के ग्राम सेंधवा गांव में पुलिस ने छापेमारी की। जहां से भारी मात्रा में हथियार और जिंदा कारतूस के साथ अमिताभ रंजन उर्फ पप्पू शर्मा को गिरफ्तार किया गया। जहानाबाद एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह बड़ी कार्रवाई की गई है। जैसे ही सूचना मिली उसी समय जहानाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल एवं एसटीएफ की एक टीम बनायी गयी। टीम बनाकर पप्पू शर्मा के गांव सेंधवा स्थित घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पप्पू शर्मा एवं उसके परिवार के सदस्यों ने पुलिस की टीम पर हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस ने तत्परता एवं सूझबूझ दिखाते हुए पप्पू शर्मा एवं उसके परिवार के अन्य सदस्यों एवं सहयोगियों को गिरफ्तार किया। इस मामले में जहानाबाद एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी अमिताभ रंजन और पप्पू शर्मा ने खुद को गिरफ्तारी से बचने के लिए मृत घोषित कर मृत्यु प्रमाण पत्र फर्जी तरीके से बनवाकर अपनी पत्नी एवं अन्य सदस्यों के माध्यम से इसका दुरुपयोग सरकारी एवं न्यायिक प्रक्रिया में कर रहा था। वहीं पुलिस इसके अन्य अपराधिक इतिहास को खंगाले में लगी है।

एक नजर

गोड़ारी के युवाओं ने पेश की मानवता का मिशाल

काराकाट(रोहतास)। काराकाट नगर पंचायत के ग्राम गोडारी के नजदीक जमुआ पेट्रोल पम्प के पास 6 बजे एक तेज गति से आ रही ट्रक ने सड़क पार करते हुवे नीलगाय को टक्कर मार दिया। जिसके बाद नीलगाय बहुत जख्मी हो गया व उसका एक पैर टूट गया था तब वही नजदीक खेल के मैदान में खेल रहे युवाओं ने इसको सड़क किनारे ला कर शिक्षक अनिल कुमार पासवान को सूचित किया फिर उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी और वन विभाग व बिहार पर्यावरण संरक्षण अभियान को सूचित किया सुचना पाकर बिहार पर्यावरण संरक्षण अभियान के सदस्य और चेंजलुम के यूथ लीडर व वन्य जीव प्रेमी शिवम कुमार ने मौके पे पहुंच इस्थिती का जायजा लेकर के वन विभाग के अधिकारी से सम्पर्क कर स्थिति से अवगत कराया । तब तक निजी पशु चिकत्सक राकेश कुमार से उसका प्राथमिक इलाज कर वन विभाग के अधिकारी की आने की प्रतीक्षा किए फिर युवाओं की मदत से वन विभाग ने नीलगाय का सुरक्षित रेस्क्यू कर इलाज के लिए रेस्क्यू सेंटर सासाराम ले गए मौके पे उपस्थित शिक्षक अनिल कुमार पासवान, बिप्सा सदस्य व चेंजलुम यूथ लीडर शिवम कुमार व जिला वन प्रमंडल से पशु चिकत्सक डॉक्टर राज कपूर व उनकी टीम पंकज कुमार, बिट्टू कुमार, धनंजय कुमार व बिक्रमगंज अनुमंडल रेंज ऑफिसर रूपम कुमार व गोडारी के युवा विवेक कुमार सोनी, मनीष कुमार, रंजन कुमार गुप्ता, रोहित पासवान, विजय कुमार,मोहन सोनी इत्यादि मौजूद थे।

पशु मेला से बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

काराकाट। काराकाट पशु मेला के पास से एक बाइक चोरी का मामला प्रकाश में आया है। चोरी कि घटना बुधवार दोपहर की बताई जा रही है । बताया गया कि ग्राम चकिया थाना सिकराहटा के निवासी नंदन सिंह अपना बाइक पशु मेला के समीप खड़ा कर पशु खरीदने के लिए गए थे । जब वो वापिस लौटे तो देखा कि बाइक नही है, काफी खोज बिन करने पर भी बाइक का कही पता नही चला तो एक लिखित आवेदन लेकर थाना पहुंचे । आवेदन में कहा गया है कि ग्राम चकिया थाना सिकराहटा के निवासी नंदन सिंह अपना बाइक पशु मेला के समीप खड़ा कर पशु खरीदने के लिए गए थे। जब वापस लौटा तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक नहीं मिला तो काराकाट थाना में एक लिखित आवेदन दिया। जिसमें अज्ञात चोरों पर बाइक चोरी का आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी से पूछे जाने पर बताया कि बाइक चोरी की आवेदन मिली है, एफआइआर दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। आपको बताते चले कि काराकाट बाजार हो या काराकाट मवेशी का मेला वैसा ही कोई न कोई गाड़ी ,मोबाइल जरूर चोरी जाति है पुलिस जांच की बात कह के दबा देती है। काराकाट थाना क्षेत्र 100 मीटर की दूरी पर ही है गोडारी बाजार वहां की भी यही हाल है किसी भी घटना का आज तक उदवेदन आज तक नही हुआ लोगो ने कहा कि घटना पर घटना होती ही रहती है गोडारी बाजार और काराकाट सब्जी बाजार,काराकाट पशुमेला मोटर साइकिल की चोरी हुई होगी मगर न चोर को पकड़ा गया न गाड़ी ही मिली केवल पुलिस जांच की बात कर मामला दावा देती है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बाइक चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। पुलिस इसे रोकने में पूरी तरह से नाकाम हो रही है। इस पर पुलिस का कोई ध्यान नहीं है। आम जनता परेशान हो रही है।

स्नातकोत्तर परीक्षा के पहले दिन ही केंद्र पर हुई सघन जांच

- वीर कुंवर सिंह केंद्र पर सख्ती देख मुन्ना भाई हुए फरार

केटी न्यूज/बिक्रमगंज

गुरुवार को स्नातकोत्तर परीक्षा के पहले दिन ही वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर परीक्षा केंद्र पर हुई सघन जांच। जहां महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सख्ती देख मुख्य प्रवेश द्वार से ही कुछ मुन्ना भाई भाग खड़े हुए। जो संचालित परीक्षा के पहले दिन कला संकाय विषय परीक्षा में इतिहास के 114 और अर्थशास्त्र विषय के 46 परीक्षार्थियों की केंद्र पर सूची शामिल थी। जिसमें दो परीक्षार्थी अनुपस्थित भी रहें। लेकिन कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा में निष्कासित नहीं हुए। ज्ञात हो कि वीर कुंवर सिंह परीक्षा केंद्र पर पहली बार हो रही एम.ए. की परीक्षा में केवल अंजबित सिंह महाविद्यालय के परीक्षार्थी शामिल है। वही वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा द्वारा संचालित सत्र 2022-24 स्नातकोत्तर सेमेस्टर-2 परीक्षा अंतर्गत वीर कुंवर सिंह परीक्षा केंद्र पर पहले दिन से केंद्राधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह सख्ती को लेकर एक्शन मूड में दिखे। जिन्होंने संचालित परीक्षा के पहले दिन ही परीक्षा के निर्धारित समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा केंद्र में मुन्ना भाई, मोबाईल, ब्लूटूथ, चिट पुर्जे,पर्स,बैग सहित इलेक्ट्रानिक उपकरण के प्रति महाविद्यालय प्रशासन सहित सघन जांच किया। साथ ही बताया कि यह सघन जांच अभियान परीक्षा के अंतिम दिन तक भी जारी रहेगी। कदाचार मुक्त परीक्षा हो सके।

सड़क किनारे खड़ी ट्रक में सूमो ने मारी टक्कर, सवार दस गंभीर रूप से जख्मी

- सूमो गाड़ी में सवार एक ही परिवार के नौ सदस्य व एक ड्राइवर घायल, रेफर
- आरा-सासाराम मुख्य मार्ग पर पखनहिया गांव के समीप हुई घटना

केटी न्यूज/संझौली



स्थानीय थाना क्षेत्र के आरा-सासाराम मुख्य मार्ग पर पखनहिया गांव के समीप बुधवार की रात्रि करीब 11 बजे, तेज रफ्तार से आ रही सूमो गाड़ी ने सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से जबरजस्त टक्कर मार दी। जिसमें ट्रक ड्राइवर से लेकर एक ही परिवार के नौ सदस्य गभीर रूप से जख़्मी हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि नाजुक स्थिति को देखते हुए वहां से तीन को वाराणसी के लिए बेहतर इलाज के लिए भेजा गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दावथ थाना क्षेत्र अंतर्गत बिठवां गांव से एक ही परिवार के नौ सदस्य अपनी बेटी को सूमो गाड़ी से ट्रेन पकड़वाने के लिए सासाराम सभी जा रहे थे। इस दरमियान पखनहिया गांव के समीप यह दुर्घटना घटित हुई। घायल में युसूफ आलम (25 वर्ष) पिता इजराइल अंसारी ग्राम बिठवां, खतीरा खातून (25वर्ष) पिता शेरवर अली ग्राम चास, जिला धनबाद, कनीज खात्म, नूरजहां, कसव खातून, गुलाम मुस्तफा, कैसर खातून (5 वर्ष) पिता इरफान ग्राम चास, आरिफ (30 वर्ष) उसरूल अंसारी ग्राम बिठवां, अयाज (22 वर्ष) पिता इम्तियाज अंसारी जो ग्राम बिठवां के निवासी बताए जाते है। वही संझौली के निवासी घायल मनोज कुमार (45 वर्ष) पिता सिपाही चौधरी जो ट्रक का ड्राइवर बताया जा रहा है।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि रात्रि में हुए सड़क दुर्घटना में दस घायल हुए है।

पूजा-अर्चना के बाद व्रतियों ने सत्यवान-सावित्री की कथा सुनकर लिया आशीर्वाद

पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा

केटी न्यूज/काराकाट



काराकाट प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को वट सावित्री की विधिवत पूजा अर्चना कर अखंड सौभाग्य की कामना की । सुहागिन महिलाओं ने सुबह से ही व्रत धारण कर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अखंड सौभाग्य और परिवार की खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद व्रती महिलाओं ने सत्यवान-सावित्री की कथा भी विद्वतजनों से सुनीं। प्रखंड के संसार डिहरी नहर के तट पर अवस्थित बरगद वृक्ष के नीचे आचार्य हरिशरण दुबे से विधिवत पूजा करवाया। इस दौरान उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा कि भद्र देश के एक राजा थे, जिनका नाम अश्वपति था। भद्र देश के राजा अश्वपति के कोई संतान न थी। उन्होंने संतान की प्राप्ति के लिए मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिदिन एक लाख आहुतियां दीं। अठारह वर्षों तक यह क्रम जारी रहा इसके बाद सावित्रीदेवी ने प्रकट होकर वर दिया कि: राजन तुझे एक तेजस्वी कन्या पैदा होगी। सावित्रीदेवी की कृपा से जन्म लेने के कारण से कन्या का नाम सावित्री रखा गया। कन्या बड़ी होकर बेहद रूपवान हुई। योग्य वर न मिलने की वजह से सावित्री के पिता दुःखी थे। उन्होंने कन्या को स्वयं वर तलाशने भेजा। सावित्री तपोवन में भटकने लगी। वहां साल्व देश के राजा द्युमत्सेन रहते थे, क्योंकि उनका राज्य किसी ने छीन लिया था। उनके पुत्र सत्यवान को देखकर सावित्री ने पति के रूप में उनका वरण किया। ऋषिराज नारद को जब यह बात पता चली तो वह राजा अश्वपति के पास पहुंचे और कहा कि हे राजन! यह क्या कर रहे हैं आप सत्यवान गुणवान हैं, धर्मात्मा हैं और बलवान भी हैं, पर उसकी आयु बहुत छोटी है, वह अल्पायु हैं। एक वर्ष के बाद ही उसकी मृत्यु हो जाएगी। ऋषिराज नारद की बात सुनकर राजा अश्वपति घोर चिंता में डूब गए। सावित्री ने उनसे कारण पूछा, तो राजा ने कहा, पुत्री तुमने जिस राजकुमार को अपने वर के रूप में चुना है वह अल्पायु हैं। तुम्हे किसी और को अपना जीवन साथी बनाना चाहिए। क्षेत्र के सुहागिन महिलाओं द्वारा वट सावित्री का त्योहार पारंपरिक श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। सभी व्रती पूजा स्थल पर विधि-विधान से पूजा अर्चना करने के बाद कथा श्रवण की और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की । इस कथा के बारे में पूछने पर आचार्य हरिशरण दुबे एवं लालबाबू दुबे ने बताया कि वट सावित्री की पूजा अर्चना सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य की कामना के लिए करती है । उन्होंने कहा कि सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राणों को यमराज से स्वयं वापस कराई थी। सावित्री के पातिव्रत्य धर्म को देख विवश होकर यमराज को स्वयं सत्यवान के प्राणों को लौटाना पड़ा था। मौके पर व्रतियों में शारदा देवी, प्रियंका पाण्डेय, शिमा देवी, रीमा देवी, पिंकी देवी, निक्की देवी, सविता देवी, शिल्पी देवी, बिंदा देवी, ज्योति तिवारी, सहित दर्जनों व्रतियों ने अपने पति के लंबी उम्र के लिए पूजा अर्चना की।



1.71 करोड़ से रोशन होंगे प्राइमरी और जूनियर हाईस्कूल के 174 परिषदीय स्कूल

- बेसिक शिक्षा विभाग ने विद्युत निगम को भेज दी है धनराशि
- अन्य सरकारी प्राइमरी व जूनियर हाईस्कूलों में पहले से ही है बिजली

केटी न्यूज / बलिया

बेसिक शिक्षा परिषद के प्राइमरी और जूनियर हाईस्कूल के बच्चों को इस साल भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए विभाग ने कमर कस ली है। ऐसे 174 स्कूल जहां अब तक बिजली नहीं है, वहां विद्युतीकरण के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से एक करोड़ 71 लाख 27 हजार 821 रुपए बिजली विभाग को भेज दिए गए हैं। बीएसए मनीष कुमार सिंह ने बताया कि जिले के 1625 प्राथमिक विद्यालयों, 357 कंपोजिट विद्यालयों व 267 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में से अधिकांश में बिजली की सुविधा उपलब्ध है। विभिन्न ब्लाकों के 174 विद्यालयों ऐसे हैं जहां विद्युत कनेक्शन नहीं होने से बच्चों को



पढ़ने में असुविधा हो रही थी। इन विद्यालयों में विद्युतीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन ने विद्युतीकरण के लिए धनराशि भेजी दी थी, जिसे बिजली विभाग को भेज दिया गया। बताया कि विद्यालयों में बिजली आने से कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास आदि की व्यवस्था करने में सुविधा होगी। इससे छात्रों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ उनके समग्र विकास में सहायता मिलेगी।

कहां—कहां होना है विद्युतीकरण

बलिया। जानकारी दी कि चिलकहर ब्लाक के 85, नगरा के 33, नवानगर के आठ, पन्दह के 26, बेरूआरबारी के पांच, मनियर के 10, रसड़ा के छह व बांसडीह के एक विद्यालय में विद्युतीकरण होना है। कनेक्शन के लिए संबंधित स्कूलों ने बिजली विभाग के झटपट पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया था। बिजली विभाग ने कनेक्शन देने के लिए जो धनराशि स्कूलों से मांगी थी वह उसे भेज दी गई है।

खबरें फटाफट

दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी को एक वर्ष की कैद

बलिया। दहेज उत्पीड़न के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गुरुवार की दोपहर आरोपी को एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। आरोपी का नाम सुनील कुमार मोदनवाल निवासी आर्यसमाज रोड है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2017 में शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन करने के बाद आरोपी सुनील कुमार मोदनवाल को एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

शिक्षक की बाइक पर चोरों ने किया हाथ साफ

बलिया। बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक फेफना थाना क्षेत्र के नसीराबाद गांव निवासी परमात्मा पांडेय की सुपर स्पलेण्डर बाइक (यूपी 60 एबी 4772) 28 मई की रात घर के सामने से चोरी हो गई। श्री पांडे ने गुरुवार को एसपी को प्रार्थना पत्र दिया कि गाड़ी चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए घटना की अगली सुबह थानाध्यक्ष (फेफना) को आवेदन दिया। थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि चुनाव बाद इसका निस्तारण करेंगे।

डीएम के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने वाले पर मुकदमा दर्ज

गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा लोकसभा चुनाव के बाद गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी को जीत का प्रमाण-पत्र देने की फोटो के साथ अभद्र भाषा लिखकर फेसबुक पर पोस्ट करके वायरल करने के प्रकरण में मरदह पुलिस ने मुकामी थाने में एफआईआर दर्ज किया है। इस मामले में पंडिता गांव निवासी विनय यादव पुत्र उधव यादव के विरुद्ध भद्दी एवं अभद्र भाषा लिखकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। उस पर आरोप है कि पोस्ट को वायरल कर आरोपी ने वैमनस्यता एवं घृणा फैलाने का कार्य किया है। मरदह थानाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी के बारे में सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले विनय यादव के विरुद्ध संबंधित धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस विधिक कार्रवाई करने में जुट गई है।

नारी शक्ति का प्रतीक है वट सावित्री व्रत

यमराज को भी माननी पड़ी पतिव्रता सावित्री के सामने हार, सत्यवान का लौटाना पड़ा था प्राण

- बैजलपुर स्थित सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर महादेवा पहुंचकर वट वृक्ष का महिलाओं ने किया पूजन-अर्चन
- तीन दिनों तक ब्रत रहने के बाद अमावस्या के दिन वट वृक्ष की पूजा कर महिलाओं ने मांगा अखंड सुहाग

केटी न्यूज/गाजीपुर/बलिया/मऊ

गाजीपुर में शहर-गांव से लेकर मुहम्मदाबाद इलाके में गुरुवार को महिलाओं ने पति के दीर्घायू की कामना को लेकर वट सावित्री का व्रत रख पूजन-अर्चन किया। इस मौके पर सुहागिन महिलाएं व्रत रख पूरी तरह सज-धजकर वट वृक्ष की विधिवत पूजन-अर्चन की। इस मौके पर मुहम्मदाबाद के बैजलपुर स्थित सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर महादेवा पहुंचकर वट वृक्ष का पूजन-अर्चन किया। साथ ही व्रती महिला वट वृक्ष की पूजा के पश्चात कच्चा धागा लपेट कर पति के दीर्घायु की कामना की।

पति सत्यवान को यमराज के चंगुल से छुड़ा कर लाई थी सावित्री

राजर्षि अश्वपति की एकमात्र संतान थीं सावित्री। सावित्री ने वनवासी राजा द्युमत्सेन के पुत्र सत्यवान से विवाह किया था। लेकिन जब नारद जी ने उन्हें बताया कि सत्यवान की आयु आधी हैं, तो भी सावित्री ने अपना फैसला नहीं बदला और सत्यवान से सब कुछ जानबूझकर शादी कर ली। सावित्री सभी राजमहल के सुख और राजवैभव त्याग कर सत्यवान के साथ उनके परिवार की सेवा



करते हुए वन में रहने लगीं। जिस दिन सत्यवान के महाप्रयाण का दिन था, उस दिन वह लकड़ियां काटने जंगल लेख गए हुए थे। अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। उसी समय यमराज सत्यवान के प्राण लेने आए। तीन दिन से उपवास में रह रही सावित्री को पता था कि क्या होने वाला है, इसलिए बिना विकल हुए उन्होंने यमराज से सत्यवान के प्राण न लेने की प्रार्थना की। लेकिन यमराज नहीं माने। तब सावित्री उनके पीछे-पीछे ही जाने लगीं। कई बार मना करने पर भी वह नहीं मानीं, तो सावित्री के साहस और त्याग से यमराज प्रसन्न हुए और कोई तीन वरदान मांगने को कहा। सावित्री ने सत्यवान के दृष्टिहीन माता-पिता के नेत्रों की ज्योति मांगी, उनका राज्य मांगा और अपने लिए 100 पुत्रों का वरदान मांगा। तथास्तु कहने के बाद यमराज समझ गए कि सावित्री के पति को साथ ले जाना अब संभव नहीं। इसलिए उन्होंने सावित्री को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद दिया और सत्यवान को छोड़कर वहां से अंतर्धान हो गए। उस समय सावित्री अपने पति को लेकर वट वृक्ष के नीचे ही बैठी थीं। इसीलिए इस दिन महिलाएं अपने परिवार और जीवनसाथी की दीर्घायु की कामना करते हुए वट वृक्ष को भोग अर्पण करती हैं, उस पर धागा लपेट कर पूजा करती हैं।

दार्शनिक दृष्टि से देखा जाए तो यह वृक्ष दीर्घायु का प्रतीक है वटवृक्ष

पंडित नरोत्तम द्विवेदी ने कहा शास्त्रों के अनुसार पीपल वृक्ष के समान वट वृक्ष यानी बरगद का वृक्ष भी विशेष महत्व रखता है। पुराणों के अनुसार - वटवृक्ष के मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु व अग्रभाग में शिव का वास माना गया है। अतः ऐसा माना जाता है कि इसके नीचे बैठकर पूजन व व्रतकथा आदि सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह वृक्ष लम्बे समय तक अक्षय रहता है, इसलिए इसे अक्षयवट भी कहते हैं। जैनों का मानना है कि उनके तीर्थकर भगवान ऋषभदेव ने अक्षयवट के नीचे बैठकर तपस्या की थी। प्रयाग में इस स्थान को ऋषभदेव तपस्थली या तपोवन के नाम से जाना जाता है। वटवृक्ष कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है, सबसे पहले यह वृक्ष अपनी विशालता के लिए प्रसिद्ध है। दार्शनिक दृष्टि से देखा जाए तो यह वृक्ष दीर्घायु का प्रतीक है। वटवृक्ष वातावरण को शीतलता व शुद्धता प्रदान करता है और आध्यात्मिक दृष्टि से भी यह अत्यंत लाभकारी है। अतः वट सावित्री व्रत के रूप में वटवृक्ष की पूजा का यह विधान भारतीय संस्कृति की गौरव-गरिमा का एक प्रतीक है और इसके द्वारा वृक्षों के औषधीय महत्व व उनके देवस्वरुप का भी ज्ञान होता है।

पूजा कर मांगा अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद

मऊ। ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर गुरुवार को महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना से व्रत रखा और वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर पति की दीर्घायु का आशीर्वाद मांगा। शहर के अलग-अलग स्थानों पर वट वृक्षों के नीचे सुबह से ही महिलाओं की भीड़ जमा होने लगी थी। महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर भोग प्रसाद चढ़ाया, कच्चा सूत लपेट कर परिक्रमा लगाई और धूप - दीप दिखा कर अखंड सौभाग्य के आशीर्वाद की प्रार्थना की। इस दिन महिलाओं ने व्रत रखा और वट वृक्ष की पूजा अर्चना के साथ ही दान पुण्य भी किया। ज्येष्ठ मास की अमावस्या को बड़ी अमावस्या माना जाता है, इसी दिन शनि देव की जयंती भी मनाई जाती है। गुरुवार का दिन भगवान विष्णु का प्रिय दिन है। शास्त्रों में कहा गया है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवता निवास करते हैं। ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर वट वृक्ष की पूजा कर महिलाएं तीनों लोकों के स्वामी तीनों देवों से पति की दीर्घायु का आशीर्वाद मांगती हैं।

महिलाओं ने वट वृक्ष में धागा बांधकर पति के दीर्घायु होने की कामना

बलिया। अखंड सौभाग्य एवं पति की दीर्घायु कामना के लिए सुहागिन महिलाओं ने गुरूवार के दिन वट सावित्री व्रत रखा। सुहागिन महिलाओं ने बरगद के वृक्ष के नीचे विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। बलिया के हर क्षेत्रों में महिलाओं ने बरगद के पेड़ के नीचे न केवल पूजन अर्चन किया बल्कि पेड़ की धागे के साथ परिक्रमा करते हुए अखंड सौभाग्य की कामना की। सुहागिन महिलाओं ने विधि-विधान से देवालयों में पूजन-अर्चन किया। ये व्रत सावित्री को समर्पित किया जाता है। मान्यता है कि ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को ही सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से बचाए थे। तभी से इस दिन वट सावित्री व्रत रखा जाता है। इस दिन व्रत करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

सृष्टि ने नीट परीक्षा पास कर बढ़ाया गाजीपुर का मान

केटी न्यूज /गाजीपुर

देश भर के मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रम में दाखिला के लिए आयोजित होने वाली नीट यूजी परीक्षा के परिणाम में मटुकपुर ग्रामसभा की सृष्टि ने 720 में 695 अंक लाकर आल इंडिया रैंक 2772 (कैटेगरी रैंक 980) प्राप्त की है। परीक्षा परिणाम की सूचना के समय सृष्टि अपने ननिहाल मुडियारी गांव के सेवानिवृत्त प्रवक्ता हरिद्वार सिंह यादव के घर पर थी। इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही घर में जश्न का माहौल हो गया। सृष्टि के नाना-नानी, मामा-मामी समेत पूरा परिवार केक काटकर खिलाया। परिवारजनों सहित सगे संबंधियों तथा इष्ट मित्रों नें फोन कर बधाइयां दी। मटुकपूर गांव की रहने वाले सृष्टि के पिता प्रदीप कुमार यादव अधिवक्ता एवं शशिकला यादव वाराणसी में प्रा.विद्यालय की शिक्षिका



है। सृष्टि तीसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है। इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के उपरांत सृष्टि बिना किसी कोचिंग किए घर पर रहकर नीट की तैयारी तथा साथ ही साथ बीएससी भी की। सफलता का मूल मंत्र पूछे जाने पर सृष्टि ने बताया कि क्रमबद्ध तरीके से संबंधित विषयों का अध्ययन व विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा माता-पिता के सुझाव एवं उम्मीदों को मुख्य भूमिका बताई। कहा कि सफलता का कोई शार्ट-कट नहीं होता है। कड़ी मेहनत और प्रयासों से इसे पाया जा सकता है। सृष्टि की प्रारंभिक शिक्षा ननिहाल में नाना हरिद्वार सिंह यादव (प्रवक्ता) के संरक्षण में हुई थी। इसने अपने नाना -नानी को अपना आदर्श बताया। इस मौके पर मामा ग्रीनमैन डा.अरविन्द कुमार, अखिलेश यादव, मौसी अनुपमा यादव, दादा इंद्रदेव यादव, अभय, अजय, इंजी. संतोष कुमार, शशांक गौरव, प्रांजल, सक्षम, खुशी सहित आदि लोगों ने मौके पर केक काटा और मिठाइयां बांटी।

जखनियां मछली मंडी से दस मिनट में लॉक बाइक चोरी, पुलिस ने नहीं की सुनवाई

गाजीपुर। भुड़कुड़ा कोतवाली अंतर्गत जखनियां मछली मंडी मार्केट में धीरजोत गांव निवासी सफाई कर्मचारी पन्ने लाल राजभर अपनी दो पहिया वाहन खड़ा कर मछली खरीदने गए थे। दस मिनट बाद लाक बाइक चोरी हो गई। काफी खोजबीन किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। भुड़कुड़ा कोतवाली में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई अब तक नहीं की है।भूडकुड़ा एसएचओ तारावती से जब बात हुई, तो उन्होंने कहा कि हमसे ज्यादा आप लोग खुद जान जाते हैं। जब उनसे बाइक चोरी के संबंध में बात हुई तो कहा कि ऐसा कोई सूचना मुझे नहीं दिया गया है। जबकि पीड़ित सफाई कर्मचारी पन्ने लाल राजभर ने कहा कि थाने में तहरीर दिया गया है, लेकिन अबतक सुनवाई नहीं हुई है। इससे लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

एक नजर

जिले के सभी रेलवे फाटकों पर मनाया गया अंतराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग दिवस



गाजीपुर। अंतराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग दिवस गुरुवार को सायंकाल सभी रेलवे फाटक गेट पर मनाया गया। जिसमें आवागमन करने वाले सभी लोगों को गेट पार करने के बारे में बताया गया। सेवराई तहसील मुख्यालय के भदौरा रेलवे स्टेशन के गेट संख्या -84 बीटी पर भी इस संबध में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को रेलवे फाटक बंद होने पर उसे पार न करने की अपील की गई। बताया गया कि आज के परिवेश में अधिकांश दुर्घटनाएं बंद रेलवे फाटक पार करने के दौरान ही होती हैं। अभी बीते दिनों ही गहमर थाना क्षेत्र के मनिया गांव निवासी एक व्यक्ति की बंद रेलवे फाटक पार करने के दौरान एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। रेल अधिकारियों ने बताया कि लोग हड़बड़ी के चक्कर में बैंड रेलवे फाटक को नीचे से पार करने लगते हैं। जिससे ट्रेन की चपेट में आने से उनकी जान माल को खतरा हो सकता है। इस संबंध में लोगों को जागरुक करते बताया कि किसी भी दशा में बंद रेल फाटक को पार ना करें। स्टेशन पर भी रेलवे ट्रैक पार करने के लिए फुट ओवर ब्रिज का प्रयोग करें। बताया कि अनधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार करना कानूनन अपराध है। इस मौके पर दिलदारनगर यातयात निरीक्षक संजय कुमार, स्टेशन प्रबंधक भदौरा एसके सिंह, पोर्टर पंचानंद, पीडब्ल्यूआई उपेंद्र कुमार और उपेंद्र राय, शिव जी गुप्ता आदि रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

रिहायशी झोपड़ी में लगी आग, घरेलू सामान जलकर राख, मुआवजे का मिला आश्वासन

नरहीं। गुरुवार की सुबह खाना बनाते समय अचानक आंधी आने से रिहायशी झोपड़ी में आग लग गई। जिसमें सभी घरेलू सामान जल कर राख हो गया। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह पिपरा कलां खुर्द के राजभर बस्ती में सरल राजभर के घर में महिलाएं चूल्हे पर खाना बना रही थी कि अचानक तेज आंधी आ गई और चूल्हे की चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई। तुरन्त ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। शिवनारायण राजभर, बिकाई राजभर की झोपड़ियां आग की जद में आ गई। ग्रामीणों की तत्परता से मवेशियों को बचा लिया गया तथा आग पर काबू पा लिया गया। घटना के दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। तब आग में घरेलू सामान जल कर राख हो गया, पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। प्रधान प्रतिनिधि विजय बागी ने पीड़ितों को भोजन का इंतजाम किया तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

नर्सिंग होम एसोसिएशन के चिकित्सकों ने सीएमओ कार्यालय में किया प्रदर्शन



बलिया। पंजीकरण के नवीनीकरण में विलंब करने पर बलिया नर्सिंग होम एसोसिएशन के चिकित्सकों ने गुरुवार की शाम जिला अस्पताल स्थित सीएमओ कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान पंजीकरण के नवीनीकरण करने में विलंब करने वाले बाबू को जमकर खरी-खोटी सुनाई। कहा कि बेवजह नवीनीकरण का आवेदन अधिक दिनों तक रोका जाना गलत है। उधर इसकी जानकारी होते ही मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीपी द्विवेदी ने चिकित्सकों को शांत कराया। सीएमओ ने कहा कि इनका नवीनीकरण हर हाल में एक-दो दिन में कर दिया जाएगा। उन्होंने बाबुओं को बुलाकर फटकार भी लगाई तथा दो दिन के भीतर सबका नवीनीकरण करने के लिए आदेशित किया। इस मौके पर डॉक्टर आरडी राय, डॉक्टर अशोक कुमार गुप्ता, डॉक्टर राजेश कुमार केजरीवाल, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ बीके गुप्ता, डॉक्टर आफताब आलम, डॉ जीएस पाठक, डॉक्टर डी प्रसाद, डॉ कृष्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

दवा लेने वाराणसी जा रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत, घर में मातम

गाजीपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय दानापुर रेल खंड के भदौरा रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद लोगों में कोहराम मच गया। इसकी सूचना मिलने पर स्टेशन मास्टर ने रेल अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। उधर मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। रेलवे ट्रैक पर ही क्षत विक्षत शव पड़े होने के कारण डाउन लाइन से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो गया। मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मचारियों के द्वारा शव को ट्रैक से हटकर एक किनारे किया गया तब जाकर ट्रेनों का परिचालन शुरू कराया गया। लोगों के द्वारा मृतक की पहचान सेवराई तहसील क्षेत्र के रेवतीपुर थाना अंतर्गत नवली गांव निवासी अनिल पाल (28) पुत्र राजेश्वर पाल के रूप में की गई। मृतक की परिजनों ने बताया कि मृतक अनिल पाल दवा के लिए घर से निकला था, जो सुबह ट्रेन पकड़ कर वाराणसी जाने वाला था। मौत की सूचना मिलते ही पारिवारिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था जबकि एक भाई घर पर ही रहकर पढ़ाई-लिखाई करता था। मां मीरा देवी का भी रो -रो कर बुरा हाल था। जीआरपी चौकी इंचार्ज दिलदारनगर आरके मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान हो गई है। शव को पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बोले, भाजपा को वोट देने वाले मतदाता अपना उत्साह कम ना करें, हमेशा मैं उनके साथ

मैं भाजपा के साथ था, हूं और रहूंगा: अरुण कु. सिंह

केटी न्यूज/गाजीपुर

सर्वदलीय संघर्ष समिति के संयोजक पूर्व सहकारी बैंक के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह नेता ने बृहस्पतिवार को अपने पैतृक आवास पर प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि लोकतंत्र का महापर्व समाप्त हो गया। जनता जनार्दन ने जिसे चाहा उसे अपनी रहनुमाई के लिए अपने सुख-दुख के लिए अपने विकास के लिए चुनने का काम किया। यह प्रजातंत्र है, लेकिन राष्ट्रवादी विचारधारा, राष्ट्र के सम्मान के लिए, समाज में समरसता एवं सद्भाव के लिए एवं समग्र विकास के लिए जिन जांबाज मतदाताओं ने मतदान किया भले ही भाजपा चुनाव जीत न सकी हो, चाहे वे गाजीपुर, बलिया, जौनपुर व चंदौली लोकसभा के ही क्यों न हों ऐसे सभी मतदाताओं को हार्दिक बधाई देता हूं। उनकी सोच राष्ट्रवादी है। मैं भले ही भाजपा में नहीं हूं, लेकिन नैतिक रूप से मैं भाजपा के ही



साथ था, हूं और रहूंगा। राजनाथ सिंह के लखनऊ लोकसभा से तीसरी बार निर्वाचित होने पर अपने समस्त इष्ट मित्रों एवं शुभ चिंतकों की तरफ से हार्दिक बधाई देता हूं वहां के मतदाताओं को बधाई देता हूं।इसके साथ-साथ सभी लोकसभा क्षेत्र में जहां-जहां में चुनाव प्रचार में गया हूं वहां के सभी जांबाज मतदाताओं को बधाई देता हूं कि वे राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़कर गौरव प्राप्त कर रहे हैं।विशेष करके गाजीपुर के ऐसे मतदाताओं को मैं विशेष रूप से बधाई देते हुए यह संदेश देना चाहता हूं कि वह निर्भय होकर के अपने मिशन में लग रहे कहीं विचलित या हतोत्सहित होने की आवश्यकता नहीं है।हार जीत क्या चीज,वीरता की पहचान समर है।आप सभी ने लुंज-पुंज संगठन एवं शासन सत्ता में मदान्ध नेतृत्व होने के बावजूद आप सब ने बहुत दिलेरी के साथ मतदान किया है।अगर आप सभी को किसी भी मोड़ पर इस अरुण की आवश्यकता होगी तो निश्चित रूप से यह अरुण पूरी क्षमता के साथ आप सबके मान सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए खड़ा मिलेगा।हमारे रहते आप सभी को किसी गुंडे माफिया,अपराधी एवं दबंग से डरने की आवश्यकता नहीं है।देश में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। वहीं पर उत्तर प्रदेश में योगीराज कायम है गुंडे माफिया भले चुनाव जीत जाए लेकिन गुंडागर्दी और जुल्म ज्यादती एवं उत्पीड़न कतई नहीं होने दी जाएगी।

लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न होने पर जिलाधिकारी ने जताया सभी का आभार

केटी न्यूज मऊ

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत निर्वाचन क्षेत्र 70 घोसी में पूरी निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से संपन्न होने पर जिलाधिकारी ने प्रवीण मिश्र ने पूरे चुनाव प्रक्रिया से जुड़े समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियानों का इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया में व्यापक प्रचार प्रसार होने पर समस्त मीडिया कर्मियों का भी आभार प्रकट किया। जिलाधिकारी ने विभिन्न राजनीतिक दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा पूरे चुनाव प्रक्रिया में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करने तथा जिला प्रशासन का सहयोग करने पर भी उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, बीएलओ स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं, जिन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बढ़-चढ़कर



हिस्सेदारी की एवं लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया,उन्हें भी धन्यवाद ज्ञापित किया। मतदान प्रक्रिया में ट्रांसजेंडर समूह के लोगों,दिव्यांग मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं की बढ़-चढ़ भागीदारी की भी सराहना की। उन्होंने समस्त जनपद वासियों को पूरे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए आगामी दिनों में भी जिला प्रशासन के सहयोग की अपेक्षा की।

देव दीपावली से वाराणसी में शुरू होगा सिटी रोपवे, होगा सुगम यात्रा

- दुनिया का तीसरा और देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे काशी में कराएगा सुगम यात्रा
- काशी में 807 करोड़ की लागत से स्विट्जरलैंड आधारित कंपनी बथोर्लेट करा रही रोपवे का निर्माण

केटी न्यूज / वाराणसी

बोलीविया देश के लापाज, मैक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा और देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोप-वे देव दीपावली से काशी में शुरू होना संभावित है। पहले सेक्शन वाराणसी जंक्शन कैंट रेलवे स्टेशन से रथयात्रा तक की सुगम यात्रा काशीवासी कम समय में कर सकेंगे। सिटी रोपवे के संचालन से वाराणसी में यातायात की समस्या से निजात मिलेगी। रोपवे के निर्माण के लिए स्विटजरलैंड से आये उपकरण इंस्टाल किया जाना शुरू हो गए हैं। 807 करोड़ रुपये की लागत से वाराणसी में रोपवे का निर्माण हो रहा है। यह काम स्विट्जरलैंड आधारित कंपनी बथोर्लेट कर रही है। देव दीपावली में पर्यटक जब वाराणसी आएंगे तो रोपवे से यात्रा कर सकेंगे।

पीएम नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना को सीएम योगी आदित्यनाथ तेजी से जमीन पर उतार रहे हैं, जिससे वाराणसी में ट्रैफिक की समस्या से काफी राहत मिलेगी। रोपवे के संचालन के लिए स्टेशन और टावर इंस्टॉल करने का काम तेजी से चल रहा है। जल्द ही रोपवे का ट्रायल रन होगा। उसके बाद पर्यटक यात्रा कर सकेंगे। हर डेढ़ से दो मिनट के अंतराल में यात्रियों को गोंडोला उपलब्ध रहेगी। एक दिशा में एक घंटे में 3000 लोग यात्रा कर सकेंगे यानी दोनों दिशाओं में एक घंटे में छह हजार यात्रियों का आवागमन होगा।



गोदौलिया से कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचने में लगभग 16 मिनट लगेगा। 45 से 50 मीटर की अनुमानित ऊंचाई से करीब150 ट्रॉली कार चलेगी। एक ट्रॉली में 10 यात्री सवार हो सकते है। रोपवे का संचालन 16 घंटे होगा।

16 टावर पर तेजी से चल रहा है काम

नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश गौड़ ने बताया कि वाराणसी में देव दीपावली पर पूरे विश्व से पर्यटक आते है। एनएचएलएमएल की कोशिश है कि देव दीपावली तक रोपवे का संचालन शुरू हो जाए और काशी आने वाले पर्यटकों को प्रदूषण रहित परिवहन की अच्छी सुविधा मिल सके। कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक विद्यापीठ स्टेशन पर एंकर बोल्ट स्थापित हो गया है। इसके अलावा कई एक्सेलरेशन व डी एक्सेलरेशन कन्वेयर भी स्थापित हो गए हैं। अब जल्द ही रोप लगाने का काम शुरू होगा। वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशन से रथयात्रा तक कुल दो टावर इंस्टॉल हो चुके है।16 टावर पर तेजी से काम चल रहा है।

खबरें फटाफट

सांप के काटने से बालिका की मौत

चंदौली। चंदौली के चकिया विकास खंड के ग्राम सभा मुडहुआ उत्तरी में सांप के काटने से रिया गुप्ता(14) पुत्री स्वर्गीय धर्मेंद्र गुप्ता की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि परिजन अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़ फूंक कराते रहे। इसी में रिया की मौत हो गई। लोगों ने बताया कि खाना खाने के दौरान रिया अचार निकालने के लिए कमरे के अंदर गई। जैसे ही उसने मर्तबान का ढक्कन खोला पीछे से सांप ने उसे डंस लिया। इसके बाद आनन फानन में परिजनों द्वारा झाड़ फूंक करने के लिए उसे अमवा शक्तिमाई मंदिर ले गए। लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई। स्थानीय लोगों ने बताया कि 7 महीने पूर्व रिया के पिता धर्मेंद्र गुप्ता की कैंसर से मृत्यु हो चुकी है। मृत बालिका का परिवार काफी गरीब है। वही इस संबंध में ग्राम प्रधान चंद्र प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि खाना खाने के दौरान बालिका आचार लेने घर के अंदर कमरे में गई थी जिसके पीछे जहरीला सांप छुपा हुआ था। जिसने बालिका को डस लिया।

युवाओं को मिलेगा 10 जून को रोजगार

वाराणसी। चंदौली के आईटीआई उत्तीर्ण करने वाले बेरोजगार युवाओं के लिए काफी बड़ी खुशखबरी सामने आ रही हैं। ऐसे में युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए करौदी स्थित राजकीय औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान में 10 जून को कैंपस प्लेसमेंट कैंप आयोजित होगा। इसमें युवाओं से साक्षात्कार के बाद विभिन्न कंपनियों के द्वारा उन्हें नौकरी के लिए ऑफर लेटर सौंपा जाएगा। हालांकि साक्षात्कार के दौरान युवाओं को शैक्षिक प्रमाण पत्र और विभिन्न दस्तावेज लेकर जाना होगा। सीडीओ एसएन श्रीवास्तव ने बताया कि बेरोजगार युवाओं को भविष्य संवारने के लिए यह सुनहरा मौका हैं। आपको बता दें आईटीआई करने वाले बेरोजगार युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए जिला प्रशासन के द्वारा पहल किया जा रहा हैं।

चंदौली की बलुआ और धानापुर पुलिस की कार्रवाई पर उठे विरोध के स्वर

10 लाख फिरौती मांगने के आरोप में वकील गिरफ्तार, उग्र अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी

- अधिवक्ताओं ने तहसील में जुलूस निकालकर की नारेबाजी, गैंगस्टर की कार्रवाई को बताया पुलिस की तानाशाही
- चंदौली में निजी हॉस्पिटल संचालक को दी थी धमकी, वकील पहले से दर्ज हैं कई आपराधिक मामले

केटी न्यूज/चंदौली

चंदौली की बलुआ और धानापुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर सहित आधा दर्जन मामलों में वांछित अभियुक्त अधिवक्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस को विरोध का भी सामना करना पड़ा। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही भारी तादात में समर्थक पुलिस का घेराव कर दिए। समर्थकों का कहना था कि धानापुर थाना प्रभारी पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर ऐसा कर रहे हैं। परन्तु उच्चाधिकारियों के सख्त रुख के आगे किसी की नही चली। जिसके बाद चंदौली के सकलडीहा तहसील के अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन व नारेबाजी की गई। इस दौरान उन्होंने तहसील परिसर में जुलूस निकालकर नारेबाजी की और न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं का आरोप था कि डेमोक्रेटिक बार के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेन्द्र पाण्डेय कवि को पुलिस फर्जी मुकदमों में फसाकर जेल भेज दी है। साथ ही उनके ऊपर गैंगस्टर जैसे संगीन धाराओं में भी कार्रवाई की गई है। चेताया कि जल्द गैंगस्टर की कार्रवाई वापस लेकर अधिवक्ता को रिहा नहीं किया गया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



10 लाख की फिरौती मांगने का आरोप

बता दें कि इसी सप्ताह बीते धरहरा गांव निवासी शैलेन्द्र पाण्डेय को बलुआ और धानापुर पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए मथेला नहर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस का आरोप था कि शैलेन्द्र पाण्डेय कवि धानापुर स्थित एक अस्पताल संचालक से 10 लाख की फिरौती मांग रहे थे। और न देने पर रेप, छेड़खानी जैसे जघन्य अपराध में फंसाने की धमकी की शिकायत धानापुर थाना में की थी। साथ ही आरोपी वकील पर पूर्व में और भी मुकदमे दर्ज है। लिहाजा इनके ऊपर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई।



नारेबाजी करते हुए तहसील गेट पर किया प्रदर्शन

हालांकि शैलेन्द्र की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस को भारी विरोध का सामना भी करना पड़ा। काफी संख्या में उनके समर्थक व चाहने वालों ने पुलिस का घेराव भी किया था। हालांकि जैसे-तैसे पुलिस उनको जेल भेजने में कामयाब हो गई। लेकिन अब शैलेन्द्र पाण्डेय के पक्ष में सकलडीहा तहसील के साथी अधिवक्ता उत्तर आए है। इन लोगों ने गुरुवार को परिसर में जुलूस निकाल कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील गेट पर प्रदर्शन किया।

अधिवक्ता को रिहा करने की मांग

अधिवक्ताओं का कहना था कि पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर पुलिस उत्पीड़न पर उतर आई है। जबकि शैलेन्द्र पाण्डेय, कुचले, शोषित, वंचित की आवाज उठाते थे। बस यही पुलिस को नागवार लग रहा था। इन लोगों ने जिला प्रशासन से गैंगस्टर की कार्रवाई वापस लेते हुए अधिवक्ता को रिहा करने की मांग किया। चेताया कि अगर शैलेन्द्र रिहा नहीं हुए तो तहसील में तालाबंदी किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में डेमोक्रेटिक बार अध्यक्ष मनोज पाण्डेय, नितिन तिवारी, पंकज यादव, उपेंद्र सिंह, सुरेन्द्रकांत मिश्रा, हजारी सिंह, अशोक यादव सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

एक नजर

जेसीआई चेतना अध्यक्ष मीरा अग्रहरी ने साइक्लोथॉन का कराया आयोजन

जौनपुर। जेसीआई जौनपुर चेतना द्वारा जौनपुर में साइक्लोथॉन का आयोजन करवाया गया जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे यह ब्लॉसम केयर क्लासेस के बच्चों द्वारा किया गया इस साइक्लोथैन में चीफ गेस्ट वीरेंद्र कुमार मौर्या उपस्थित रहे आपने हरी झंडी दिखाकर रेस को आरंभ किया। वीरेंद्र कुमार मौर्या ने यूपी, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, तमिलनाडु, केरल, कन्याकुमारी, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, 12 ज्योतिर्लिंग, आदि जगहों पर साइकिल द्वारा भ्रमण किया। साइकिल रेस में बच्चों को पहले जेसीआई का बैच लगाया गया और उन्हें दिशानिर्देश दिया गया तथा प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से अवार्ड देकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया अन्य बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल से सम्मानित किया गया। तथा उन बच्चों को प्रोत्साहित किया गया इस कार्यक्रम का संचालन पूनम जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में शक्ति श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, विकास पाल, रितिक मौर्य, कविता राव, सुजीत निषाद, शशीकांत मौर्य, अशियम आदि उपस्थित रहे।

तुलसीघाट पर गंगा स्नान के दौरान डूबा महाराष्ट्र का युवक, मौत

वाराणसी। भेलूपुर थाना क्षेत्र के स्थित तुलसी घाट पर डूबने का सिलसिला जारी है। दोपहर करीब 2 बजे महाराष्ट्र के येऊउखड के रहने वाले सागर दिनकर की डूबने से मौत हो गई। उनके दोस्तों ने बताया कि हम 5 लोग काशी बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने के लिए आये थे। हम यहां उससे पहले गंगा स्नान के लिए पहुंचे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि जल पुलिस द्वारा गंगा में स्नान करते समय चेतावनी दी गई थी बैरिकेडिंग के आगे न जाएं लेकिन ये लोग आगे चले गये थे। तभी अचानक दो दोस्त डूबने लगे जिसमें एक गहरे पानी के तरफ चला गया और डूब गया। पांचों दोस्तों का नाम ऋषिकेश, धनंजय, हरिश्याम, दीपक है जिसमें पांचवां सागर दिनकर की डूबने से मौत हो गई। मृतक के दोस्त धनंजय ने बताया कि सागर महाराष्ट्र में पीडब्ल्यूडी कर्मचारी था। उसके परिवार में माता पिता और बहन हैं। परिवार की पूरी जिम्मेदारी उस पर ही थी। उसके पिता दिनकर तुकाराम आंख से दिव्यांग है और बहन अभी पढ़ाई कर रही है। चारो दोस्तों में काफी उदासी है। वहीं परिवार वालों को भी सूचना दे दिया गया है।

बच्चों के विवाद में दबंगो ने पूर्व प्रधान को मारी गोली, इलाज के दौरान मौत

जौनपुर। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के इनामीपुर ग्राम पंचायत के राजस्व गाँव रामीपुर में स्थित एक दुकान के पास बुधवार की रात को बच्चों के विबाद को लेकर एक पक्ष के मनबढ़ो ने दूसरे पक्ष के पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश तिवारी को गोली मार दी। वही सत्य प्रकाश के बाएं हाथ में व पेट में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में स्वजनों की मदत से उन्हें बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया गया।जहा हालत गंभीर देखते हुए डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।जिसकी गुरुवार को पूर्व प्रधान की मौत हो गई।इस मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बीपीएड, एमएड प्रवेश के लिए आनलाइन फार्म की तिथि 30 जून तक बढ़ी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय में संचालित बीपीएड एमएड पाठ्?यक्रम सत्र 2024-26 में प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आनलाईन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। आनलाइन फार्म भरने की तिथि छः मई से शुरू हो गई है। अंतिम तिथि पांच जून निर्धारित की गई है। अब इसे बढ़ाकर 30 जून तक कर दी गई है। आवेदन शुल्क एक हजार रुपए सामान्य वर्ग एवं पिछड़े वर्ग के लिये तथा रु 750 अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग हेतु आनलाईन स्वीकार की जायेगी।

पति के दीर्घायु के लिए महिलाओं ने की वटवृक्ष की पूजा

केटी न्यूज/सोनभद्र

सोनभद्र के दुद्धी में बरगद के पेड़ का आज हजारों महिलाओं ने फेरे लेकर पति के दीघार्यु होने का कामना किया। इसके बाद सभी महिलाएं कथा सुनकर पूजा-अर्चना किया। बताते चले कि ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री का व्रत रखती हैं। इस दिन भगवान विष्णु और वट वृक्ष की पूजा करने से ना सिर्फ पति को दीघार्यु मिलती है, बल्कि घर में सुख-संपन्नता भी बढ़ती है।पुरोहित सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि जेष्ठ मास की अमावस्या के दिन सावित्री ने अपने सतीत्व के बल पर पति सत्यवान को यमराज के हाथों बचा लिया था। कथाओं में सावित्री का नाम एक ऐसी स्त्री के रूप में लिया जाता है। जिन्होंने पति की उन दुर्दिन परिस्थितियों में



सेवा किया जब उसे मालूम था कि उसके पति की कुछ ही दिनों में मृत्यु हो जाएगी। लेकिन अपने प्रण, तपस्या व सेवा के बल पर एक साधारण महिला ने यमराज को हराकर अपने सतित्व का परिचय दिया। अपने सुहाग की रक्षा की। महिलाएं आमतौर पर कच्चे सूत की आडी को वटवृक्ष में 108 बार लपेटने और फेरी लगाने का विधि पूर्वक किया। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाओं को काले नीले और सफेद कपड़े पहनने से बचना चाहिए। इस दिन ऐसे रंग को अशुभ माना जाता है। इस रंग की चूड़ियां भी ना पहनें साथ ही पूजा में नीले रंग के फूल भी अर्पित नहीं करने चाहिए। यदि आप पहली बार वट सावित्री का व्रत करने जा रही हैं, तो यह व्रत ससुराल की बजाए मायके में रहकर ही करें। यदि संभव हो तो पूजा का सामान भी मायके जाकर ही खरीदें। यही नहीं इस दिन व्रतधारी महिलाओं को बेड या पलंग पर भी नही सोना चाहिए।

बाइक सवार युवक की मौत

मिर्जापुर। मिर्जापुर के कछवां थाना क्षेत्रांतर्गत ग्रामसभा आही गेट के पास बुधवार की देर रात्रि बाइक और मोपेड की जोरदार टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई। बाइक सवार आशीष कुमार (30) पटेल पुत्र कमला पटेल निवासी परसुपुर थाना राजातालाब, वाराणसी व मोपेड सवार अजीत सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह (50) निवासी चड़ीया थाना कछवां, मिजार्पुर की बुधवार की देर रात्रि आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। इस टक्कर में आशीष की मौके पर मौत हो गई और अजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष संजीत बहादुर सिंह ने पुलिस बल द्वारा तत्काल शव को कब्जे में लेकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछवां भिजवाया।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत 5 पर मुकदमा दर्ज

मिर्जापुर। लालगंज थाना में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बालेंदुमणि त्रिपाठी समेत 5 लोगों के खिलाफ हत्या की साजिश का मामला दर्ज कराया गया है। 5 जून को पतलुकी गांव के पास हाईवे पर अज्ञात वाहन से रोजगार सेवक राजीव मौर्य की मौत मामले में मृतक के भाई संजय कुमार मौर्य की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है। पूर्व जिलाध्यक्ष ने इसे विरोधियों की साजिश करार देते हुए निष्पक्ष जांच कराने कराने की मांग की है। कहा कि साजिश के तहत मुझे जिलाध्यक्ष पद से हटाया गया। उसके बाद भी मेरा राजनैतिक कॅरियर बर्बाद करने के लिए विरोधी साजिश रचने में लगे हैं।

बसिला गांव के खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

आदर्श को हरा शहीदिया स्पोर्टिंग क्लब बना चैंपियन

- हाफ टाइम के बाद बसिला की टीम ने डिग्घी की टीम को एक गोल दागकर बना ली बढ़त

केटी न्यूज/चंदौली

चंदौली के सकलडीहा क्षेत्र के आदर्श स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच शहीदिया स्पोर्टिंग क्लब डिग्घी व आदर्श स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। इसमें सहीदिया स्पोर्टिंग क्लब ने 2-1 से आदर्श स्पोर्टिंग क्लब को शिरकत दी। मुख्य अतिथि विधायक प्रभु नारायण यादव ने विजेता व उपविजेता टीमों को शील्ड देकर सम्मानित किया। बसिला गांव के खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच शहीदिया स्पोर्टिंग क्लब डिग्घी व आदर्श स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। हाफ टाइम तक किसी तरफ से कोई गोल नहीं हो पाई। हाफ टाइम के बाद बसिला की टीम ने डिग्घी की टीम को एक गोल दागकर बढ़त बना ली। इसके बाद लगातार बसिला की टीम ने डिग्घी की टीम को दो गोल दागकर 2-1 से मैच पर कब्जा जमा लिया। रोचक मुकाबला देखने के लिए क्षेत्र के आधा दर्जन गांव से फुटबॉल प्रेमी खिलाड़ियों का हौसला समय-समय पर बढ़ाते रहे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विधायक प्रभु नारायण यादव ने विजेता व उपविजेता टीमों को शील्ड देकर सम्मानित करने का काम किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय खेल फुटबॉल का इस तरह से आयोजन करने का काम युवाओं द्वारा किया जा रहा है। यह काबिले



तारीफ है। फुटबॉल जैसे खेल को हमें बचाने की जरूरत है। इस तरह के आयोजनों से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है। इसी गांव देहात से खिलाड़ी निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने का काम कर रहे हैं।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मण पासवान, डॉ. राज यादव, वसीम अहमद कादरी, मुन्ना अली, मोहम्मद अनीस, पूर्व प्रधान दशरथ यादव, धनंजय यादव, राजकुमार पप्पू, कमेटी के प्रबंधक अजय कुमार रावत, अध्यक्ष रविंद्र कुमार रिंकू, अभिषेक प्रताप एड, अजय कुमार पुल्लू, दीपक कुमार, बृजेश कुमार दरोगा, वसीम अहमद, लक्ष्मीकांत, हैदर अली आदि उपस्थित रहे।

रैपुरा को 22 रन से हराकर दुदौली बना विजेता

चंदौली के धानापुर डेढावल क्षेत्र के दुदौली स्थित द ऑक्सफोर्ड स्कूल द्वारा आयोजित क्रिकेट मैच दुदौली खेल मैदान पर चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में रैपुरा बनाम दुदौली के बीच मैच खेला गया। इसमें दुदौली विजेता रही। 12 ओवर में दुदौली ने 138 रन बनाए। वहीं जवाब में उतरी रैपुरा की टीम को 116 रन में ही बना सकी। प्रतियोगिता में मैन आफ द मैच पिंटू सिपाही को और मैन ऑफ द सीरीज विकास राय को दिया गया। मुख्य अतिथि चंदौली प्रधान अध्यक्ष रामजी कुशवाहा ने खिलाड़ियों को बधाई दी। दुदौली ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 12 ओवर में 138 रन लक्ष्य दिया। जिसमें रैपुरा की टीम लक्ष्य की पीछा करते हुवे 116 रन ही बनाकर 22 रन से हार का सामना करना पड़ा।



सुभाषितम्

प्रत्येक व्यक्ति की अच्छाई ही प्रजातंत्रीय शासन की सफलता का मूल सिद्धांत है। - राजगोपालाचारी

भारत के राष्ट्रीय राजनीतिक दल?

2024 के लोकसभा चुनाव संपन्न हो गए हैं। चुनाव परिणाम भी आ गए हैं। जो चुनाव परिणाम आए हैं। उनमें 12 राज्यों में कांग्रेस का एक भी सांसद चुनाव नहीं जीता है। वहीं नौ राज्यों में भारतीय जनता पार्टी का एक भी सांसद चुनाव नहीं जीत पाया है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही राष्ट्रीय राजनीतिक दल होने का दम भरते हैं। पिछले कई चुनाव में कांग्रेस पिछड़ती जा रही थी। पिछले दो लोकसभा चुनाव से भारतीय जनता पार्टी ने देश के कई राज्यों में अपनी पहुंच बनाई थी। 2024 आते आते तक कोई भी ऐसा राष्ट्रीय राजनीतिक दल नहीं है। जिसे संसद में सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व प्राप्त हो। भारतीय जनता पार्टी को दक्षिण के सबसे बड़े राज्य तमिलनाडु में एक भी सीट हासिल नहीं हुई है। पांडिचेरी में भाजपा गठबंधन की सरकार होते हुए भी, वह लोकसभा के चुनाव में एक भी उम्मीदवार नहीं जिता पाई । सीमावर्ती राज्य पंजाब में भी भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली। पूर्वोत्तर राज्यों में मणिपुर नगालैंड और सिक्किम में भाजपा खाता नहीं खोल पाई है। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में भी इस बार भारतीय जनता पार्टी का सफाया हो गया है। भारतीय जनता पार्टी को, नौ राज्यों में एक भी लोकसभा की सीट हासिल नहीं हुई है। स्वतंत्रता आंदोलन की पार्टी कांग्रेस भी पिछले तीन दशक से राष्ट्रीय स्तर पर काफी कमजोर होती जा रही है। नेताओं वाली पार्टी कांग्रेस को, 2014 और 2019 की तुलना में 2024 के चुनाव में बड़ी सफलता मिली है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा और भारत न्याय यात्रा के माध्यम से कांग्रेस को पुनर्जीवित करने का प्रयास जरूर किया है। इस चुनाव में उसका लाभ कांग्रेस को मिला है। देशभर के विभिन्न राज्यों के सैकड़ो कांग्रेस नेता और हजारों कार्यकर्ता चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। कई राज्यों में कांग्रेस का संगठन नहीं होने तथा राज्यों की अलग-अलग समस्याओं से कांग्रेस का कोई सीधा संबंध नहीं रह गया था। कांग्रेस और भाजपा के कमजोर होने का लाभ चुनाव मे क्षेत्रीय दलों को मिला। कई राज्यों में क्षेत्रीय दल भाषा और प्रांतीय संस्कृति के कारण बहुत मजबूत हैं। उन राज्यों में कांग्रेस और भाजपा मजबूत स्थिति में नहीं है। कांग्रेस को जिन 12 राज्यों में सफलता नहीं मिली है। उसमें मध्य प्रदेश, हिमाचल, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड जैसे राज्य भी शामिल हैं। कांग्रेस इन राज्यों में बहुत मजबूत स्थिति में हुआ करती थी। आंध्र प्रदेश को छोड़ दें, तो कांग्रेस और भाजपा का सीधा मुकाबला उक्त राज्यों में होता था। इन राज्यों से कांग्रेस का एक भी सांसद जीत कर नहीं आ पाया। कांग्रेस का इस बार मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, त्रिपुरा सहित एक दर्जन राज्यों से कांग्रेस का कोई भी सांसद लोकसभा नहीं पहुंचा है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। इसमें राष्ट्रीय दलों की भूमिका सर्वोपरि होती है। संघीय व्यवस्था के अनुसार क्षेत्रीय दलों का भी अपना महत्व है। लोकसभा में यदि राष्ट्रीय दल सभी राज्यों से अपना सांसद लेकर लोकसभा नहीं पहुंचते हैं। ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय विचारधारा एवं राष्ट्र निर्माण को लेकर बहुत सारी विसंगतियां पैदा होती हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो और भारत न्याय यात्रा के माध्यम से उन्होंने कांग्रेस पार्टी को राष्ट्रीय परिदृश्य में लाने का प्रयास किया है। संगठन का अभाव होने के बाद भी उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर लोगों के बीच राष्ट्रीय स्तर छवि बनाई है। पिछले 30 वर्षों से कांग्रेस पार्टी जिस तरह जनता से दूर होती जा रही थी। उस कमी को दूर करने में कुछ समय लग सकता है। राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक दलों से अपेक्षा की जाती है। सभी राज्यों को जोड़ने के लिए राष्ट्रीय हित में राष्ट्रीय दलों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय दल अपने प्रादेशिक हितों को ध्यान में रखते हुए राजनीति करते हैं। ऐसी स्थिति में केंद्र एवं राज्य के बीच में समन्वय बनाए रखने मे राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। 1989 से लेकर 2014 तक भारत में गठबंधन की सरकारें थी। इसमें क्षेत्रीय दलों का भी प्रतिनिधित्व केंद्र में था। केंद्र एवं राज्यों के बीच बेहतर संबंध थे।

चिंतन-मनन

इच्छाएं जीवात्मा को मोह से बांधे रखती हैं



इंद्रियां, मन और बुद्धि काम-वासना के निवास-स्थान कहे जाते हैं। इनके द्वारा ज्ञान को ढककर काम-वासना जीवात्मा को मोहित करती है। कामरूपी दुश्मन का नाश करने के लिए यह पता होना जरूरी है कि यह रहता कहां है। इसलिए कृष्ण कह रहे हैं कि काम-वासना किसी एक जगह नहीं रहती, बल्कि यह तो हमारे तीनों शरीरों- स्थूल, सूक्ष्म और कारण में निवास करती है। इसकी पकड़ बड़ी मजबूत होती है, इसलिए इसका नाश करना बड़ा मुश्किल है। मिसाल के तौर पर जब काम-वासना इन्द्रियों में जगती है, तब इन्द्रियां बेकाबू हो जाती हैं। जब यह मन में जगती है तो दूसरे काम करते हुए भी मन में काम-वासना के बारे में ही ख्याल चलते रहते हैं। ऐसे वक्ति में दिमाग में केवल काम ही भरी रहती है और बुद्धि दूसरा निर्णय नहीं ले पाती। इसलिए हमारी चेतना की मुख्य जगहों इन्द्रियों, मन और बुद्धि में जैसे ही काम अपना बसेरा डालता है, वहां से ज्ञान गायब हो जाता है। यही वजह है कि बड़े-बड़े ज्ञानियों में भी जब काम उपजता है तो वह उनके ज्ञान को ढक लेता है। काम का मतलब यहां केवल काम-वासना से ही नहीं, बल्कि हमारी अन्य कामनाओं से भी है। कामनाएं या इच्छाएं जीवन भर इंसान का पीछा नहीं छोड़तीं और इस वजह से जीवात्मा का संसार को लेकर मोह बना रहता है।

रोकनी होगी भोजन की बबार्दी?

- रमेश सर्राफ धमोरा



रोटी, कपड़ा और मकान मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं मानी जाती है। जिसके बिना मनुष्य का जीवन बहुत मुश्किल है। इसमें रोटी सबसे महत्वपूर्ण है। क्योंकि रोटी के बिना तो मनुष्य जिन्दा भी नहीं रह सकता है। खाद्य सुरक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित किया जाना है कि हर व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन मिल सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में हर दस में से एक व्यक्ति दूषित भोजन का सेवन करने से बीमार पड़ जाता है। जो कि सेहत के लिए एक बड़ा खतरा है। कोरोना महामारी के संक्रमण को देखते हुए इस बार विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस संक्षिप्त रूप में मनाया जाएगा। जिसमें लोगों को सेहत से जुड़े मुद्दों पर ऑनलाइन एक-दूसरे के साथ बातचीत करने का मौका मिलेगा।

इस बार हम छठवां विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मना रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इससे खाद्य सुरक्षा लेकर लोगों में जागरूकता फैलाई जा सकती है और विश्व स्तर पर खाद्य पदार्थों से होने वाली बीमारियों को भी ध्यान में लाया जा सकता है। इस दिन को मनाने के पीछे खाद्य सुरक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने का उद्देश्य था। जो खराब भोजन का सेवन करने की वजह से गंभीर रोगों के शिकार बन जाते हैं। भोजन की कमी व दूषित भोजन खाने से प्रतिवर्ष हजारों लोगों की जान चली जाती है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व स्वास्थ्य संगठन और खाद्य और कृषि संगठन को दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों का नेतृत्व करने और पौष्टिक खाने के प्रति लोगों को जागरुक करने की जिम्मेदारी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसंबर 2018 में पहली बार खाद्य और कृषि संगठन के सहयोग से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया था। इसके बाद पहली बार 7 जून 2019 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया गया था। तब से हर वर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पूर्व में अपने मन की बात कार्यक्रम में देश की जनता से बात करते हुए लोगों से खाने की बबार्दी रोकने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि ऐसा करना गरीबों के साथ अन्याय व समाजद्रोह है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि आपने कभी सोचा है कि हम जो जूठन छोड़ देते हैं। उससे हम कितने गरीबों का पेट भर सकते है? उन्होंने कहा था कि इस पर सामाजिक जागरूकता बढनी चाहिए। भारत में अनाज को अन्नदेव का दर्जा प्राप्त है। यही कारण है कि हमारे देश में भोजन झूठा छोडना या उसका अनादर करना पाप माना जाता है। मगर आधुनिकता के चक्कर में हम अपने पुराने संस्कार भूल गए हैं। हमारे यहां शादियों, उत्सवों या त्यौहारो में होने वाली भोजन की बबार्दी से हम सब वाकिफ हैं। इसके उपरांत भी हम इन अवसरों पर ढेर सारा खाना कचरे में फेंक है। कई बार तो घरों के आसपास फेंके गए भोजन से उठने वाली दुर्गंध एवं सड़ांध वहां रहने वालों के लिए परेशानी खड़ी कर देती हैं। शादियों में खाने की बबार्दी को लेकर भारत सरकार भी चिंतित है। खाद्य मंत्रालय ने कहा है कि वह शादियों में मेहमानों की संख्या के साथ ही परोसे जाने वाले व्यंजनों की संख्या सीमित करने पर विचार कर रहा है। इस बारे में विवाह समारोह अधिनियम, 2006 कानून भी बनाया गया है। हालांकि इस कानून का कड़ाई से कहीं भी पालन नहीं किया जाता है। भारत में हर वर्ष जितना भोजन तैयार होता है उसका एक तिहाई बर्बाद चला जाता है। बर्बाद जाने वाला भोजन इतना होता है कि उससे करोड़ो लोगों की खाने की जरूरत पूरी हो सकती है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत में बढ़ती सम्पन्नता के साथ ही लोग खाने के प्रति असंवेदनशील हो रहे हैं। खर्च करने की क्षमता के साथ ही खाना फेंकने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। विश्व खाद्य संगठन के अनुसार देश में हर साल पचास हजार करोड़ रुपए का भोजन बर्बाद चला जाता है। एक ऑकलन के मुताबिक बर्बाद होने वाले भोजन की धनराशि से पांच करोड़ बच्चों की जिदगी संवारीं जा सकती है। विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य अपव्यय को रोके बिना खाद्य सुरक्षा सम्भव नहीं है। इस रिपोर्ट में वैश्विक खाद्य अपव्यय का अध्ययन पर्यावरणीय दृष्टिकोण से करते हुए बताया है कि भोजन के अपव्यय से जल,जमीन और जलवायु के साथ साथ जैव-विविधता पर भी बेहद नकारात्मक असर पड़ता है। रिपोर्ट के मुताबिक हमारी लापरवाही के कारण पैदा किए जाने वाले अनाज का एक तिहाई हिस्सा बर्बाद कर दिया जाता है। देश में एक तरफ करोड़ो लोग खाने को मोहताज है। वहीं लाखों टन खाना प्रतिदिन बर्बाद किया जा रहा है।

हमारे देश में हर साल उतना गेहूं बर्बाद होता है, जितना आस्ट्रेलिया की कुल पैदावार है। नष्ट हुए गेहूं की कीमत लगभग 50 हजार करोड़ रुपये होती है और इससे 30 करोड़ लोगों को सालभर भरपेट खाना दिया जा सकता है। हमारे देश में 2.1 करोड़ टन अनाज केवल इसलिए बर्बाद हो जाता है। क्योंकि उसे रखने के लिए हमारे पास पर्याप्त भंडारण की सुविधा नहीं है। औसतन हर भारतीय एक साल में छह से 11 किलो अन्न बर्बाद करता है। साल में जितना सरकारी खरीदी का धान व गेहूं खुले में पड़े होने के कारण नष्ट हो जाता है। उतनी राशि से गांवो में पांच हजार वेयर हाउस बनाए जा सकते हैं। आज कल कई शहरो में समाजसेवी लोगो ने मिलकर रोटी बैंक बना रखा हैं। रोटी बैंक से जुड़े कार्यकर्ता शहर में घरो से व विभिन्न समारोह स्थलों से बचे हुये भोजन को एकत्रित कर जरूरत मंद गरीबो तक पहुंचाते हैं। इससे जहां भोजन की बबार्दी रूकती हैं वहीं जरूरत मंदो को भोजन भी उपलब्ध होता है। इस दिशा में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अभियान सोंचे, खाए और बचाए भी एक अच्छी पहल है। इसमें शामिल होकर की भोजन की बबार्दी रोकी जा सकती है। वर्तमान समय में समाज के सभी लोगों को मिलकर भोजन की बबार्दी रोकने के लिये सामाजिक चेतना लानी होगी। तभी भोजन की बबार्दी रोकने का अभियान सफल हो पायेगा।

खाने की बबार्दी रोकने की दिशा में देश में महिलाएं बहुत कुछ कर सकती हैं। महिलाओं को अपने घर के बच्चों में बचपन से यह आदत डालनी होगी कि जितनी भूख हो उतना ही खाना लो। एक-दूसरे से बांट कर खाना भी भोजन की बबार्दी को बड़ी हद तक रोक सकता है। भोजन की बबार्दी रोकने के लिए हमें अपनी आदतों को सुधारने की जरूरत है। धार्मिक लोगों एवं स्वयंसेवी संगठनों को भी इस दिशा में पहल करनी चाहिए।

इंडी गठबंधन ने ताकत बढ़ाई, यह जीत नहीं

- सुरेश हिंदुस्तानी

देश में हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। ये चुनाव परिणाम कई मायनों में महत्वपूर्ण सन्देश देने वाले कहे जा सकते हैं। इसमें पहली बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी ने चार सौ पार का नारा दिया, उसने एक बार फिर से इंडिया शाइनिंग वाले 2004 के चुनाव की याद याद दिला दी। यह संतोष की बात कही जा सकती है कि राजग को सरकार बनाने लायक बहुमत प्राप्त हो गया है। इस चुनाव परिणाम को भाजपा के लिए एक बड़े सबक के रूप में देखा जा रहा है, जबकि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए पिछले दस वर्षों से संघर्ष करने वाले विपक्ष को कायाकल्प करने वाली संजीवनी मिलने के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा वाले गठबंधन ने भले ही बहुमत का आंकड़ा प्राप्त कर लिया है, लेकिन खुद भाजपा के नेता इसे जीत के रूप में प्रचारित करने का साहस नहीं जुटा पा रहे है। इसके विपरीत इंडी गठबंधन तो ताल ठोकते हुए इसे भाजपा की हार बता रहा है। यह सही है कि चुनाव में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन सरकार बनाने लायक सीट की संख्या उसके पास है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। इसलिए इस जीत को कई मायनों में ऐतिहासिक ही माना जाएगा। आज मोदी उस कतार में शामिल हो गए हैं, जो उन्हें औरों से अलग बनाते हैं।

भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तरप्रदेश ने दिया है। यहां दो लड़कों की जोड़ी ने भाजपा की उड़ान की गति को बहुत हद तक रोकने में सफलता प्राप्त की है। हम जानते हैं कि जिस प्रकार से समाचार चैनलों ने स्पष्ट रूप से भाजपा की बहुमत वाली सरकार बनाने का पूर्वानुमान दिखाया था, वह परिणाम से मेल रखने वाला नहीं रहा। देश के विपक्षी दलों यह आरोप लगाकर इस एग्जिट पोल को पूरी तरह से खारिज कर दिया। कांग्रेस की ओर से यह दावा भी किया गया था कि इंडी गठबंधन को 290 सीटें मिलेंगी और बहुमत की सरकार बनेगी। सबको यही लग रहा था कि कांग्रेस के दावे में दम नहीं है, लेकिन चुनाव के परिणाम ने यह जाहिर कर दिया कि उनके दावे में दम था। दावे में जो सीटों की संख्या बताई गई थी इंडी गठबंधन उस आंकडे से बहुत पीछे रह गया, लेकिन इंडी गठबंधन के कई प्रत्याशी बहुत कम अंतर से पराजित हुए हैं, इसे भी अप्रत्याशित बढ़त के रूप में ही देखा जा रहा है। इंडी गठबंधन के लिए सबसे ज्यादा सुकून देने वाली बात यह भी है कि उसने भाजपा के 400 पार वाले दावे की हवा निकाल दी। भाजपा गठबंधन घिसटते घिसटते 300 के पार भी नहीं जा सकी। इसे इस रूप में भी देखा जा रहा है कि अकेले मोदी के नाम पर चुनाव नहीं जीता जाता, जीतने के लिए प्रत्याशी भी अच्छा होना चाहिए। कहा जा रहा है कि भाजपा इस मामले में चूक गई। भाजपा के लिए चिंतन का मुद्दा यह है कि उसके मूल कार्यकर्ता इस चुनाव से दूर रहे। भाजपा नेतृत्व ने जितना भरोसा बाहर से आए नेताओं पर किया, उतना अपने पुराने कार्यकताओं पर नहीं किया। बाहर से आए नेता केवल दिखावा करते रहे और भाजपा के पुराने कार्यकताओं की अनदेखी की गई। जिसके कारण भाजपा का समर्थक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुँच ही नहीं सका। यह भी भाजपा के लिए एक बड़ा अवरोधक बनता दिखाई दिया, जबकि इंडी गठबंधन के नेता यह योजना बनाकर मैदान में थे कि अधिक मतदान कराने का प्रयास किया जाए। उत्तरप्रदेश में सपा और कांग्रेस के गठबंधन को मिली सफलता इस बात का परिचायक है कि इन दोनों दलों ने मुस्लिम और यादव मतों पर ज्यादा मेहनत की। इसके अलावा पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को भी अपने पाले करने के लिए मेहनत की। इसी मेहनत ने अपेक्षित परिणाम दिए। यहां यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण होगा कि इस बार मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने इंडी गठबंधन के लिए विजय के द्वार खोलने में मदद की। ऐसा नहीं है कि उनकी मदद करने की मंशा थी, वह मदद नहीं करना चाहती थीं, लेकिन अजा, जजा और पिछड़े वर्ग का जो वोट भाजपा को मिलना था, वह इस बार भाजपा को नहीं मिला। इसे भी भाजपा की हार के रूप में देखा जा रहा है। वैसे राजनीतिक दृष्टि से आंकलन किया जाए तो यह भाजपा की बड़ी जीत ही कहा जाएगा, क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग गठबंधन ने तीसरी बार सत्ता को अपने पास रखा है। इंडी गठबंधन भी इसलिए सक्रिय हो गया है, क्योंकि अगर किसी भी स्थिति में बिल्ली के भाग्य से छींका टूट गया तो मलाई खाने का अवसर मिल सकता है।

परिणामों के बाद अब इसमें कोई संदेह नहीं है कि राजग की सरकार बनेगी, साथ ही एक मजबूत विपक्ष भी होगा। इसलिए अब भाजपा नीत सरकार को बेहद सधे कदमों से चलना होगा। जैसा कि सभी जानते हैं कि जब विपक्ष कमजोर रहा, तब उन्होंने संसद को कई बार बाधित किया। चूँकि अब विपक्ष मजबूत है तो इस बात की बहुत ज्यादा संभावना बन जाती है कि वे छोटी छोटी बातों पर संसद को बाधित कर सकते हैं। यह बात सही है कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने राजनीतिक भ्रष्टाचार पर बहुत हद तक सफलता प्राप्त की है, और अपने तीसरे कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार को समाप्त करने का संकल्प दोहराया है। हम जानते हैं कि विपक्ष के कई बड़े राजनेता भ्रष्टाचार के आरोप को झेल रहे हैं। इनमें से कई जमानत पर बाहर हैं। इसलिए यह भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार का साथ देंगे, इसकी गुंजाइश कम ही है। लेकिन यह सच है कि भारत में भ्रष्टाचार का निर्मूलन होना ही चाहिए। यह देश को अच्छा बनाने का कदम है, जिसके लिए सभी दलों को साथ देना चाहिए। जहाँ तक राजनीति की बात है तो लोकसभा चुनावों के दौरान जिस प्रकार से प्रचार किया गया, उसमें नकारात्मकता अधिक देखी गई। रचनात्मक विरोध तो कहीं भी देखने को नहीं मिला। लेकिन अब चूँकि चुनाव समाप्त हो गए हैं और परिणाम भी आ चुके हैं, इसलिए अब नकारात्मक राजनीति से सभी दलों को तौबा करने की ओर कदम बढ़ाने चाहिए। क्योंकि अब विरोध करने का नहीं, बल्कि देश को बनाने का समय है।

मध्यप्रदेश में कांग्रेस की शर्मनाक हार: कौन जिम्मदार

- एल.एस. हरदेनिया

जबरदस्त कमजोर नेतृत्व, अनेक संगठनात्मक कमियाँ, दिग्विजय सिंह को उम्मीदवार बनाना, कमलनाथ के बारे में अनेक प्रकार की अफवाहें, धार्मिक मामलों में भाजपा से नकल करना ये सब कारण हैं जिनसे मध्यप्रदेश में कांग्रेस को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। केन्द्रीय नेतृत्व ने मध्यप्रदेश में कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर जीतू पटवारी को बैठाया। जीतू पटवारी अभी हाल में विधानसभा के चुनाव में बुरी तरह से हारे थे। हारे हुए व्यक्ति का वैसे भी कोई दबदबा नहीं होता है। फिर पटवारी को लोकसभा चुनाव के तीन महीने पहले अध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने कमलनाथ का स्थान लिया था। कमलनाथ ने ऐसे अवसर पर इस्तीफा दिया जब पार्टी के प्रति उनकी वफादारी पर प्रश्नचिह्न लगा था। यदि पटवारी की जगह किसी वरिष्ठ अनुभव प्राप्त नेता को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाती तो अच्छे परिणाम आने की संभावना थी। चुनाव के कुछ दिन पूर्व मध्यप्रदेश कांग्रेस के एक बड़े नेता सुरेश पचैरी ने दलबदल किया था। सुरेश पचैरी लगातार कई वर्षों तक राज्यसभा के सदस्य होने के साथ-साथ केन्द्रीय मंत्री परिषद में भी शामिल रहे। सुरेश पचैरी अपने साथ अनेक प्रमुख नेताओं को साथ लेकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। जो नेता उनके साथ गये उसमें से बहुसंख्यक ब्राह्मण थे। इस तरह ब्राह्मणों के समर्थन में भी कमी आई। पिछले अनेक वर्षों से छिन्दवाड़ा लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस के हाथों में रहा। एक बार को छोड़कर सन 1977 से लेकर 2019 तक छिन्दवाड़ा में कांग्रेस को शिकस्त नहीं दी जा सकी। 1977 में आपातकाल के बाद हुए चुनाव में भी छिन्दवाड़ा में कांग्रेस ने विजय प्राप्त की थी। उस समय गार्गी शंकर मिश्र छिन्दवाड़ा से चुने गए थे। उसके बाद कमलनाथ लगातार 1980 से छिन्दवाड़ा से चुने जाते रहे। इस बीच एक बार को छोड़कर लगातार कमलनाथ छिन्दवाड़ा से चुने जाते रहे। उनका दबदबा इसलिए भी कायम रहा कि यह दावा किया जाता रहा कि प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी उन्हें अपना तीसरा पुत्र मानती थीं। भारतीय जनता पार्टी ने कमलनाथ को हराने के अनेक प्रयास किए, परंतु उन्हें सफलता नहीं मिली। 2014 और 2019 जब मोदी के नाम पर चुनाव लड़ा गया, उस समय भी कमलनाथ को शिकस्त नहीं दी जा सकी। परंतु 2019 के बाद भाजपा ने पूरे दमखम लगाकर छिन्दवाड़ा पर कब्जा करने का प्रयास किया। एक रणनीति के अंतर्गत भाजपा के बारे में यह अफवाह फैलाई गई कि वह शीघ्र ही भाजपा में आने वाले हैं। कमलनाथ ने इन अफवाहों का जोरदार खण्डन भी नहीं किया। छिन्दवाड़ा में कांग्रेस न सिर्फ लोकसभा में विजय हासिल करती थी परन्तु लोकसभा क्षेत्र की जितने भी विधानसभा क्षेत्र थे उन पर भी कांग्रेस का कब्जा रहता था। कमलनाथ जी के संबंध में अफवाहों के साथ-साथ छिन्दवाड़ा से अनेक कमलनाथ समर्थक कांग्रेसी एक के बाद एक दलबदल कर भाजपा में शामिल होते गए। इस तरह के नेताओं में पूर्व एमएलए चैधरी गंभीर सिंह, वर्तमान विधायक कमलेश शाह जिन्होंने 2019 में नकुलनाथ को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी, वे भी कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। इन सबके साथ अनेक कांग्रेसी दल-बदल करते रहे। कमलनाथ को एक गंभीर झटका उस समय लगा जब छिन्दवाड़ा के मेयर विक्रम अहाते कमलनाथ को छोड़कर भाजपा में चले गए।

आज का राशिफल

मेष आज आपकी आय में वृद्धि होगी। ऑफिस में सहयोगियों से आपके संबंध पहले से बेहतर होंगे।

वृषभ आपको संतोष प्राप्त होगा। आपको राजनीतिक क्षेत्र में किए जाने वाले प्रयास में सफलता प्राप्त होगी।

मिथुन आज का दिन मिलाजुला रहेगा और आज आपको हर मामले में सावधान रहने की जरूरत है।

कर्क आज आपके लिए उत्तम संपत्ति प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

सिंह आज ग्रहों की स्थिति सुखद है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता से आपको लाभ होगा।

कन्या रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

तुला परिवार के सदस्यों के साथ खुशियां मनाएंगे। लेन-देन की समस्या का अंत होगा।

वृश्चिक आपके कारोबार में वृद्धि होगी। आज बीमारियों की जांच कराने में दिन बीतेगा।

धनु आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता और गठजोड़ का आपको लाभ होगा।

मकर सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे।

कुंभ आज सुबह से अच्छे समाचार मिलने से आपका मन प्रसन्?न होगा।

मीन पूरा दिन काम करने में बीतेगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चले आ रहे गतिरोध समाप्त हो जाएंगे।

विशेष

तीन एस चर्चाओं में

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 21 दिन तिहाड़ जेल से अंतरिम जमानत में बाहर रहने के बाद, पुनःतिहाड़ जेल चले गए हैं। जाने के पहले वह संदीप पाठक को महत्वपूर्ण जानकारी देकर जेल गए हैं। 6 महीने बाद दिल्ली में विधानसभा के चुनाव होने हैं। उसकी पूरी जिम्मेदारी अब संदीप पाठक के पास होगी। वहीं सुनीता केजरीवाल और संजय सिंह इन दिनों आम आदमी पार्टी में सबसे ज्यादा सक्रिय हैं। आम आदमी पार्टी में घूम फिर कर अब 3 एस के आसपास आम आदमी पार्टी की राजनीति टिकी हुई है। जिसके कारण पहली बार आम आदमी पार्टी में गुटबाजी पनप रही है।

भाजपा के अहंकार पर वानर सेना की जीत

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था ने भाजपा के अहंकार पर दो लड़कों की मेहनत को जीत में बदल दिया है। इससे भाजपा नेताओं के अहंकार को बड़ा झटका लगा है। अयोध्या के राम मंदिर मे भगवान राम की स्थापना करते समय भाजपा ने 400 पार का नारा दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभिमान और दर्प से भरे हुए थे। प्रधानमंत्री ने चारों शंकराचार्य की बात भी नहीं मानी। इंडिया गठबंधन और अखिलेश यादव-राहुल गांधी की जोड़ी का,जिस तरह से मजाक उड़ाया गया। उत्तर प्रदेश की जनता ने इस अहंकार का जवाब वोट से दिया। इन दोनों लड़कों की जोड़ी ने भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में न केवल करारी पराजय का सामना कराया।

कार्टून कोना



आज का इतिहास

1492: पोलैंड नरेश कालीमीर चतुर्थ का निधन हुआ . 1971: सोवियत अंतरिक्षयान सोयूज सैल्यूट अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ने में सफल हुआ. 1975: राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार राष्ट्रीय फिल?म समारोह में परिवर्तित कर दिया गया. 1979: भारत के दूसरे उपग्रह भास्कर-एक का प्रक्षेपण सोवियत संघ से किया गया. 1988: बांगलादेश ने इस्लाम को राजधर्म घोषित किया. 1989: सूरी नाम का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमे 177 व्यक्ति मारे गये. 1996: बर्मा के सैनिक शासकों ने विपक्षी नेता आंग सान सून के लिए कड़े कानून बनाये. 1999: कर्नाटक के दावणगेरे जिले में एक यात्री बस के नदी में गिर जाने से 94 लोगों की मृत्यु. 2007: प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के दाहिने घुटने का ऑपरेशन सफल, 2002 पाकिस्तान के विदेश मंत्री अब्दुल सत्तार ने त्यागपत्र दिया.

दैनिक पंचांग

07 जून 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	वृष में	मिथुन	05.49 बजे से
चंद्र	वृष में	कर्क	08.02 बजे से
मंगल	मेष में	सिंह	10.18 बजे से
बुध	वृष में	कन्या	12.30 बजे से
गुरु	वृष में	तुला	14.41 बजे से
शुक्र	वृष में	वृश्चिक	16.55 ब.से
शनि	कुंभ में	धनु	19.11 बजे से
राहु	मीन में	मकर	21.17 बजे से
केतु	कन्या में	कुंभ	23.03 बजे से
राहुकाल		मीन	00.36 बजे से
10.30 से		मेष	02.06 बजे से
12.00 बजे तक		वृष	03.47 बजे से

शुक्रवार 2024 वर्ष का 159 वां दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946
मास ज्येष्ठ पक्ष शुक्ल
तिथि प्रतिपदा 16.46 बजे को समाप्त।
नक्षत्र मृगशीर्ष 19.43 बजे को समाप्त।
योग शूल 20.04 बजे को समाप्त।
करण किंस्तुघ्न 05.23 बजे, बव 16.46 बज तदनन्तर बालव 04.16 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 0.5 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 22° 47'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872003
जूलियन दिन 2460468.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना जिल्काद तारीख 29
विशेष चन्द्रदर्शन।

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
चर	05.55	से 07.23	बजे तक	रोग	05.38	से 07.1	बजे तक
लाभ	07.23	से 08.51	बजे तक	काल	07.11	से 08.43	बजे तक
अमृत	08.51	से 10.19	बजे तक	लाभ	08.43	से 10.15	बजे तक
काल	10.19	से 11.47	बजे तक	उद्वेग	10.15	से 11.47	बजे तक
शुभ	11.47	से 01.15	बजे तक	शुभ	11.47	से 01.19	बजे तक
रोग	01.15	से 02.43	बजे तक	अमृत	01.19	से 02.51	बजे तक
उद्वेग	02.43	से 04.10	बजे तक	चर	02.51	से 04.23	बजे तक
चर	04.10	से 05.38	बजे तक	रोग	04.23	से 05.55	बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

संक्षिप्त समाचार

तिहाड़ जेल में फिर गैंगवार, गोगी गैंग के गुर्गे पर टिल्लू गिरोह का हमला



नईदिल्ली, एजेंसी। तिहाड़ जेल में एक बार फिर गैंगवार हुआ है। गोगी गिरोह के हितेश पर टिल्लू गिरोह के गौरव और गुरिंदर ने सुआ और चाकू से हमला कर दिया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि बुधवार को दोपहर में डीडीयू से थाना हरि नगर में सूचना मिली कि तिहाड़ जेल से एक घायल को अस्पताल लाया गया है। इसके आधार पर स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी ली। जहां पता चला कि तिहाड़ जेल में झगड़ा हुआ था, जिसमें गोगी गैग का हितेश घायल हुआ है। उसपर टिल्लू गिरोह के सदस्यों ने हमला किया था। पुलिस ने बताया कि हितेश पर हमला करने वाले लोगों के नाम गौरव लोहरा और गुरिंदर बताए जा रहे हैं। अभी तक हमलावरों की पहचान की पुष्टि नहीं हुई है। हितेश नाम का शख्स घायल है और उसे डीडीयू अस्पताल ले जाया गया है। हितेश उर्फ हैप्पी 2019 में बवाना में पांच साल पहले हुई एक हत्या के मामले में जेल में बंद है। अब तक की जांच के अनुसार गौरव और गुरिंदर दोनों हत्या और हत्या के प्रयास के मामलों में जेल में बंद हैं। चोट के आधार पर, थाना हरि नगर में धारा 307 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

पत्नी से बात करने पर पड़ोसी को पर चाकू से ताबड़तोड़ वार

नईदिल्ली, एजेंसी। शालीमार बाग में मंगलवार को एक शख्स ने पत्नी से बात करने पर पड़ोसी युवक को चाकू से गोद दिया। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि निजी कंपनी में काम करने वाला 32 वर्षीय अमरजीत कुमार हैदरपुर स्थित फ्लैट में रहता है।अमरजीत कुमार बगल के फ्लैट में रहने वाली 22 वर्षीय ललिता देवी से अक्सर बात करता था, लेकिन महिला के पति सूबेदार को इससे आपत्ति थी। पुलिस ने बताया कि घायल अमरजीत को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके शरीर पर चाकू से आठ से नौ वार किए गए हैं। दक्षिण पूर्वी जिले के सनलाइट कॉलोनी इलाके में बुधवार को एक युवक पर चाकू से हमला कर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 27 वर्षीय रोहित उर्फ मोगली के रूप में हुई है। वह सराय काले खां की हरिजन बस्ती का रहने वाला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रोहित पर पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर एक आरोपी की पहचान की है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि रंजिश के चलते उसकी हत्या की गई है। आरोपी एक घो?षित बदमाश है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि बुधवार शाम करीब 04.45 बजे सनलाइट कॉलोनी थाने में सराय काले खां में स्टेशन रोड के पास चाकूबाजी की सूचना मिली थी। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां पुलिस को रोहित उर्फ मोगली घायल हालत में मिला। उस पर चाकू से कई वार किए गए थे। उसे तत्काल एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में मृतक के खिलाफ उत्तर प्रदेश के जीआरपी मथुरा व दिल्ली के कालका जी थाने में चोरी व एनडीपीएस अधिनियम के दो मामले दर्ज मिले। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की भी पहचान कर ली है। वह हजरत निजामुद्दीन थाने का घोषित भगोड़ा है। पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है।

बकाया नहीं देने वाले बिल्डर पर एक्शन, एम्स मैक्स गार्डेनिया की संपत्ति होगी अटैच; 122 फ्लैट होंगे नीलाम

नईदिल्ली, एजेंसी। नोएडा प्राधिकरण ने बकाया न देने पर सेक्टर-75 स्थित एम्स मैक्स गार्डेनिया बिल्डर के 60 हजार वर्ग मीटर के व्यावसायिक भूखंड का आवंटन निरस्त कर दिया है। इसकी लीज निरस्त करते हुए संपत्ति को अटैच करने का निर्णय लिया है। इस भूखंड में खाली पड़ी संपत्ति को नीलाम कर प्राधिकरण अपना बकाया वसूल करेगा। यहां पर अभी मॉल बना है।

नोएडा प्राधिकरण ने मैसर्स एम्स मैक्स गार्डेनिया डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को जीएच-इको सिटी, सेक्टर-75 में कुछ वर्ष पहले 60 हजार वर्ग मीटर व्यावसायिक भूखंड का आवंटन किया था। प्राधिकरण ने बुधवार को इसका आवंटन एवं लीज डीड निरस्त कर दी। इस पर विकसित की गई व्यावसायिक संपत्ति ब्लॉक-ए, बी, सी और डी को अटैच करने का निर्णय लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस



भूखंड में खाली पड़ी व्यावसायिक संपत्ति को नीलाम कर प्राधिकरण अपना बकाया वसूलेगा। लीज निरस्तीकरण एवं अटैच की जा रही संपत्ति पर तृतीय पक्ष यानि खरीदारों के अधिकार सुरक्षित किए गए हैं। पांच जून तक जिन लोगों ने इस भूखंड में बुकिंग करा रखी है या व्यवसाय कर रहे हैं, उनको कोई दिक्कत नहीं होगी और जो भी इस परियोजना का मालिक होगा, वह उसके अधीन रहेंगे। तृतीय पक्ष के अधिकार का सबूत आदेश की तारीख तक हुए बैंक ट्रांजेक्शन होंगे। आदेश की तारीख तक मौके पर आवंटित दुकानें और प्रतिष्ठान यथावत चलते रहेंगे। मौके की स्थिति के अनुसार सीलिंग की कार्रवाई प्राधिकरण करेगा।

एम्स गार्डेनिया को आवंटित ग्रुप हाउसिंग परियोजना में 3379 फ्लैट की रजिस्ट्री होनी बाकी है। इन फ्लैट की रजिस्ट्री सुनिश्चित की जाएगी।

नोएडा सीईओ लोकेश एम ने कहा, बिल्डर ने प्रीमियम और अन्य बकाया जमा नहीं किया है। इसी आधार पर व्यावसायिक भूखंड की लीज डीड निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। भूखंड में खाली पड़ी संपत्ति को नीलाम कर बकाया लिया जाएगा। गार्डेनिया एम्स डेवलपर्स कंपनी के प्रवक्ता ने प्राधिकरण की इस कार्रवाई को अनुचित ठहराया है। उनका कहना है कि बकाये का मामला न्यायालय में विचाराधीन है और न्यायालय में इस मामले को लेकर सुनवाई चल रही है। प्राधिकरण द्वारा बकाये की राशि की गणना हमारे अनुसार सही नहीं है।

अमिताभकांत समिति से संबंधित सिफारिशों को लेकर बिल्डरों के लिए शासन ने एक पैकेज ऑफर कर रखा है। इस पैकेज का लाभ लेने के लिए एम्स गार्डेनिया ने भी सहमति दी थी, लेकिन निर्धारित समय में कुल बकाये में से 25 प्रतिशत धनराशि जमा न कर महज कुछ करोड़ रुपये ही जमा किए। इस आधार पर प्राधिकरण ने पैकेज का लाभ नहीं देने का निर्णय लिया है। प्राधिकरण ने एम्स मैक्स गार्डेनिया को सेक्टर-46 में ग्रुप हाउसिंग भूखंड आवंटित कर रखा है। इस परियोजना पर प्राधिकरण का 692 करोड़ 48 लाख रुपये बकाया है। प्राधिकरण ने पहले से ही 122 फ्लैट सील कर रखे हैं। अब इन फ्लैट को नीलाम करते हुए बकाया वसूला जाएगा।

दिल्ली के स्कूलों-अस्पतालों को किसने भेजे थे धमकी वाले ईमेल? पुलिस का बीबल डॉट कॉम को लेटर

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के स्कूलों, अस्पतालों सहित अन्य संस्थानों को धमकी भरे ई-मेल मामले की जांच में जुटी दिल्ली पुलिस की एंटी टेरर यूनिट-स्पेशल सेल ने अब सीबीआई की मदद से इंटरपोल के जरिये 'बुडापेस्ट' की एजेंसियों से संपर्क साधा है। दरअसल, दिल्ली-एनसीआर के करीब दो सौ स्कूलों को दी गई धमकी की जांच दौरान आईपी बुडापेस्ट की आने के बाद संदिग्ध से जुड़ी सूचना के लिए पुलिस ने वहां की एजेंसियों से संपर्क साधा है। यूनिट-स्पेशल सेल ने आईपी एड्रेस के लिए चिट्ठी लिखी थी। क्योंकि इस आईपी एड्रेस इस्तेमाल स्कूलों को धमकी देने के लिए किया गया था। इस दौरान ही पुलिस को यह पता चला था कि हंगरी के बुडापेस्ट की आईपी के जरिये धमकी भरा ईमेल भेजा गया। बीबल यूरोप के देश लातविया की ई-मेल सुविधा देने वाला एक एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड संचार प्लेटफार्म है, जो उपभोक्ता के डेटा के लिए सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करता है। कंपनी दावा करती है कि उन्नत डेटा एन्क्रिप्शन कोई भी तीसरा पक्ष, यहां तक कि बीबल भी संग्रहित जानकारी को हासिल नहीं कर सकता है या उपयोगकर्ता खातों तक उसकी अनुमति के बिना पहुंच नहीं सकता है। एफआईआर स्पेशल सेल ने आईपीसी की धारा 505 (2) (विभिन्न वर्गों के बीच दुश्मनी, नफरत या द्वेष पैदा करने या बढ़ावा देने वाला बयान), 507 (गुमनाम संचार द्वारा आपराधिक धमकी देना), और 120 (बी) (आपराधिक साजिश) के तहत दर्ज की है। स्कूलों को धमकी भरा जो ई-मेल भेजा गया था।

मिलने आओ वरना फेल कर दूंगा...जेएनयू के प्रोफेसर ने छात्रा को भेजे अश्लील मैसेज

नईदिल्ली, एजेंसी। जवाहर लाल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के एक प्रोफेसर पर एक छात्रा ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। प्रोफेसर ने उसे इस कदर प्रताड़ित किया की उसे मजबूरन कैंपस छोड़कर जाना पड़ा। छात्रा के अनुसार, प्रोफेसर उसे चीनी भाषा में अश्लील मैसेज भेजता और अपने चैंबर में अकेले मिलने के लिए बुलाता था। 20 साल की छात्रा जेएनयू के चीनी और दक्षिण पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र में पढ़ाई कर रही थी। एक हफ्ते पहले दिल्ली पुलिस ने प्रोफेसर के खिलाफ एक्शन शुरू कर दिया है।

आरोपी को बाध्य (जांच अधिकारी या अदालत के समक्ष एक निश्चित तिथि पर उपस्थित होना आवश्यक है) कर दिया गया है। छात्रा ने यह भी आरोप लगाया कि प्रोफेसर उसके क्सामेट्स से उसका अता-पता पूछा करता थे। इसके अलावा उसे कैंपस छोड़ने के लिए मजबूर किया गया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पीड़िता द्वारा वसंत कुंज (उत्तर) पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने के बाद हमने मामले की जांच शुरू की और उसके बाद केस दर्ज किया गया। प्रोफेसर द्वारा छात्रा को भेजे गए चीनी भाषा में व्हाट्सएप मैसेज जैसे दस्तावेजी सबूतों का विश्लेषण किया गया और मजिस्ट्रेट के सामने 164 सीआरपीसी के तहत उसके बयान दर्ज किए गए। बयानों के अलावा उसकी क्लास के अन्य छात्रों के बयान लिए गए। पर्याप्त सबूतों के आधार पर, हमने अब प्रोफेसर को हिरासत में ले लिया है और बाद में चार्जशीट दायर की जाएगी।

नोएडा में अजीब हादसे में टायर बदल रहे शख्स की मौत, कार ने मारी टक्कर

नईदिल्ली, एजेंसी। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को हुई एक अजीब दुर्घटना में उस वक्त 35 वर्षीय एक शख्स की मौत हो गई, जब वह अपने पिकअप ट्रक का टायर बदलते समय एक कार की चपेट में आ गया। इस दुर्घटना के बारे में जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है और दोपहर करीब डेढ़ बजे हुई इस घटना को लेकर कोई गिरफ्तारी भी नहीं हुई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया, गाजियाबाद के लोनी निवासी पवन सेक्टर 82 कट के पास एक्सप्रेसवे पर अपने पिकअप ट्रक का टायर बदल रहे थे, तभी पीछे से आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में पवन को गंभीर चोटें आईं और उन्हें तुरन्त नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि शव को बाद में शवगृह में रखवा दिया गया तथा उसके परिवार को सूचित कर दिया गया।

दिल्ली की 52 विधानसभा सीटों पर हार गई आप, आतिशी भी नहीं बचा पाईं घर

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की सात लोकसभा में आने वाली 52 विधानसभा में भाजपा ने परचम लहराया है। वहीं, विधानसभा चुनाव में अकेले 62 सीट पर कब्जा करने वाली आप लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन के बाद भी 18 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल कर पाई।

हालांकि, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पड़े मतों से तुलना करें तो भाजपा को नुकसान हुआ है। भाजपा को तब कुल 70 में से 65 विधानसभा सीटों पर जीत मिली थी। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि गठबंधन के चलते भाजपा की जीत का अंतर इस बार कम हुआ है।

मंत्री आतिशी, भारद्वाज और गहलोत अपनी सीट नहीं जिता पाए चुनाव आयोग ने बुधवार को दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के अंतर्गत आने वाली विधानसभा सीटों पर पड़े मतों के आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के मुताबिक,



इस बार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अलावा दो अन्य मंत्री गोपाल राय (अपनी बाबरपुर सीट) इमरान हुसैन (अपनी बल्लीमारान सीट) पर लोकसभा उम्मीदवार को बढ़त दिला पाए।

वहीं, दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी की कालकाजी, सौरभ भारद्वाज की ग्रेटर कैलाश और कैलाश गहलोत अपनी नजफगढ़ सीट बचाने में नाकाम रहे। यही नहीं, बुराड़ी विधानसभा जहां आम आदमी पार्टी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करती आई है, उस सीट पर भी भाजपा ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार से दोगुना मत हासिल किए।

दिल्ली में कुल 13 आरक्षित विधानसभा हैं। भाजपा ने 10 आरक्षित विधानसभा सीटों पर कब्जा जमाया है। जबकि आम आदमी पार्टी ने दलित बाहुल्य सीटों को अपने पाले में करने के लिए इस बार पूर्वी दिल्ली की सामान्य सीट पर दलित चेहरे कुलदीप कुमार को मैदान में उतारा था। आम आदमी पार्टी को उसका फायदा भी नहीं मिला। आप पूर्वी दिल्ली की दोनों आरक्षित सीट कोंडली और त्रिलोकपुरी हार गई।

दिल्ली की मुस्लिम बहुल सीटों पर इस बार इंडिया गठबंधन आगे रहा। सीलमपुर, बाबरपुर, मुस्ताफाबाद, ओखला, मटियामहल, बल्लीमरान सीट पर गठबंधन ने कब्जा किया। यही नहीं, भाजपा को सिख बहुल सीटों जैसे राजौरी गार्डन, तिलक नगर, जंगपुरा और चांदनी चौक विधानसभा सीटों पर हार का सामना करना पड़ा।

जॉर्जिया की अपीलीय अदालत ने ट्रंप के खिलाफ 2020 के चुनाव में गड़बड़ी मामले पर लगाई रोक

वाशिंगटन , एजेंसी। अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत की एक अपीलय अदालत ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 2020 के चुनाव में गड़बड़ी के मामले में आपराधिक मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। यह रोक अदालत द्वारा अपील की समीक्षा तक के लिए लगाई गई है। पिछले साल अगस्त में ट्रंप और 18 अन्य लोगों पर दक्षिण-पूर्वी अमेरिकी प्रांत में 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को पलटने के कथित प्रयासों के लिए अभियोग लगाया गया था।

ट्रम्प ने खुद को निर्दोष बताया है और आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जॉर्जिया कोर्ट ऑफ़ अपील्स ने बुधवार को आदेश जारी किया। अदालत ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपील पर सुनवाई की संभावित तिथि अक्टूबर में तय की थी। मामले में ट्रंप और कई सह-प्रतिवादियों ने तर्क दिया है कि फुल्टन काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी फ़ानी विलिस के तत्कालीन विशेष अभियोजक नाथन वेड के साथ संबंधों के कारण हितों का टकराव हुआ।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प और उनके कुछ सह-प्रतिवादी विलिस को मामले से अयोग्य ठहराने की कोशिश



कर रहे हैं, क्योंकि उनके और मामले में वादी पक्ष की मदद करने के लिए नियुक्त विशेष अभियोजक वेड के बीच रोमांटिक संबंध थे। प्रतिवादियों ने तर्क दिया कि विलिस को वेड के साथ संबंधों से आर्थिक रूप से लाभ हुआ, जिसने दोनों के लिए कई छुट्टियों का खर्च उठाया। सीएनएन ने बताया कि नया आदेश इस बात का नवीनतम संकेत है कि मामले में 2024 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले सुनवाई नहीं होगी। रिपब्लिकन पार्टी के संभावित 2024 के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रम्प पर चार आपराधिक मामलों में आरोप लगाए गए हैं - दो अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा, और दो न्यूयॉर्क तथा जॉर्जिया में प्रांतीय अभियोजकों द्वारा, अलग-अलग। जॉर्जिया का मामला ट्रंप के खिलाफ लाया गया चौथा आपराधिक मामला है। जॉर्जिया कोर्ट ऑफ अपील्स का आदेश ट्रंप को अमेरिकी इतिहास में पहली बार किसी पूर्व राष्ट्रपति को आपराधिक मुकदमे में दोषी पाए जाने के कुछ ही दिनों बाद आया। ट्रम्प को पिछले सप्ताह न्यूयॉर्क में एक जूरी द्वारा राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले 2016 में एक पोर्न स्टार को किये गये आर्थिक भुगतान को छिपाने के लिए व्यापारिक लेखे जोखे में हेराफेरी के मामलों में दोषी ठहराया गया था।

इस्राइली सेना ने गाजा में एक स्कूल के अंदर हमास के ठिकानों को बनाया निशाना, हमले में 32 की मौत

यरूशलम, एजेंसी। इस्राइल की सेना ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने गाजा पट्टी में एक स्कूल के अंदर हमास के ठिकानों को निशाना बनाया। हमास से जुड़े मीडिया ने इस हमले का जिक्र करते हुए कहा कि कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों घायल हैं। यह हमला गुरुवार की सुबह नुसीरत क्षेत्र में किया गया। हालांकि, इस हमले के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। स्थानीय मीडिया ने इस हमले में कम से कम 39 लोगों के मरने की सूचना दी। वहीं, फलस्तीन न्यूज एजेंसी ने बताया कि इस हमले में 32 लोगों की मौत हुई है।

इस्राइली सेना ने बताया कि उनके लड़ाकू विमानों ने फलस्तीनियों को सहायता प्रदान करने वाली संयुक्त राष्ट्र एजेंसी द्वारा संचालित स्कूल पर हमला किया। हमले के बाद इस्राइली सेना ने बिना सबूत पेश किए



दावा किया कि हमास और इस्लामिक जिहाद ने स्कूल को अपने अभियानों के लिए कवर के तौर पर इस्तेमाल किया। सेना ने बताया कि हमले से पहले नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए, जिसमें हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी शामिल हैं। बता दें कि नुसीरत शर्णार्थी कैंप गाजा पट्टी के बीचोबीच में स्थित है। यह 1948 में अरब-इस्राइल युद्ध के समय का बना हुआ फलस्तीनी शर्णार्थी शिविर है। इस्राइली सेना ने स्कूल का एक ग्राफिक प्रकाशित किया, जिसमें स्कूल की छत पर संयुक्त राष्ट्र लिखा हुआ था। इस ग्राफिक में स्कूल के उपरी मंजिल को निशाना बनाकर किए गए हमले का भी विवरण था।

पिछले साल सात अक्तूबर को हमास ने इस्राइल में घुसकर हमले किए, जिसमें लगभग 1,160 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में ज्यादातर इस्राइली नागरिक ही शामिल थे।

रिपोर्ट में बड़ा दावा- कैंसर से जूझ रहीं केट मिडलटन नहीं लौटेंगी शाही कामकाज पर

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस विलियम की पत्नी प्रिंसेस ऑफ वेल्स केट मिडलटन कैंसर से जूझ रही हैं और फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। उम्मीद जताई जा रही थी कि कुछ दिनों में वह वापस शाही कामकाजों को देखने लगेंगी, लेकिन शायद अब ऐसा नहीं होगा। अमेरिकी मीडिया की मुताबिक मिडलटन शायद कभी अपने शाही कर्तव्यों पर वापस नहीं आएंगी।

एक रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि वह शायद कभी उस भूमिका में वापस नहीं आएंगी, जिसमें लोगों ने उन्हें पहले देखा था। एक समय था जब वेल्स की राजकुमारी अपने पति प्रिंस विलियम के साथ शाही कार्यक्रमों में सबसे आगे रहती थीं। अब अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि केट ने हाल ही में कीमोथेरेपी करवाई



है। इसलिए वह वर्तमान में इस बात पर ध्यान दे रही हैं कि जब वह वापस आएंगी तो क्या कर पाएंगी।

यहां तक कि शाही विशेषज्ञ रिचर्ड फिट्जविलियम्स का कहना है कि अगर केट अपने शाही कर्तव्यों पर वापस आती हैं, तो यह फैसला पूरी तरह से डॉक्टरों की सलाह पर लिया जाएगा। पिछले महीने की शुरुआत में, एक सूत्र ने बताया था कि केट मिडलटन इस साल कोई शाही कामकाज में शामिल नहीं होंगी। सूत्र ने कहा था कि केट के लिए कोई प्लान नहीं है। वह शायद इस साल सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दे सकती है। इस दावे के कुछ हफ्तों बाद अब एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि 42 साल की मिडलटन सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं देंगी।

मार्च में कैंसर होने का लगा पता : दरअसल, केट मिडलटन पेट की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती हुई थी, लेकिन सर्जरी के दौरान ही उन्हें कैंसर से पीड़ित होने का पता चला। मार्च में केट मिडलटन ने सार्वजनिक बयान जारी कर कहा कि वह कैंसर का इलाज करा रही हैं और जब तक उनकी तबीयत ठीक नहीं हो जाती, वे सार्वजनिक जिम्मेदारियों से दूर रहेंगी।

राजकुमारी को मिला जनता का अभूतपूर्व समर्थनन्न केट मिडलटन ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा था, मैं ठीक हूं और हर दिन मजबूत हो रही हूं। केट ने कहा था कि सर्जरी से उबरने के दौरान आपके समर्थन और शुभकामना संदेशों के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद कहना चाहती हूं। ये दो महीने हमारे पूरे परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से कठिनाई भरे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मेरे पास एक शानदार मेडिकल टीम है, जिसने मेरी बहुत देखभाल की है। इसके लिए मैं मेडिकल टीम की बहुत आभारी हूं।

केट मिडलटन अपने बच्चों को भी इस बारे में बता चुकी हैं कि वह कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने कहा था कि हमें अपने बच्चों जॉर्ज, शार्लेट और लुइस को सब कुछ समझाने में काफी समय लगा। हमें बच्चों इस तरह बताना था कि उन पर इसका असर न पड़े। केट ने अपने बच्चों को भरोसा दिलाया है कि वे जल्दी ठीक हो जाएंगी।

पारडुबिस में यात्री और कार्गो ट्रेन की टक्कर में चार की मौत, पीएम फियाला ने शोक जताया

प्राग, एजेंसी। चेक गणराज्य पारडुबिस में एक यात्री ट्रेन और कार्गो ट्रेन की टक्कर में चार यात्रियों की मौत हो गई। इस हादसे 26 लोग घायल भी हुए हैं। क्षेत्रीय गवर्नर ने इस घटना की जानकारी दी। घटना के बाद बचावदल कर्मी मौके पर पहुंचे। इस घटना पर चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने शोक व्यक्त करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम फियाला ने कहा, ÷पारडुबिस में दो ट्रेनों की टक्कर एक बड़ा दुर्भाग्य है। हम सभी पीड़ितों और घायलों के बारे में सोच रहे हैं।÷ यात्री ट्रेन के विवरण को साझा करते हुए पारडुबिस के गवर्नर मार्टिन नेटोलिकी ने कहा कि इसका संचालन रेल कंपनी रेजियोजेट द्वारा किया जाता था। उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए कहा, ÷रेजियोजेट ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की टक्कर में कई लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए समाचार एजेंसियों ने इस घटना का फुटेज जारी किया। इस फुटेज के अनुसार, एक गाड़ी ट्रैक से हटती हुई दिखाई दे रही है। पुसिल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें पोस्ट करते हुए आपातकालीन सेवा वाहनों की लाइन और हेलीकॉप्टर दिखाया।



रोजाना पिएं एक गिलास नोनी फ्रूट जूस

यंग दिखने के लिए अब आपको रॅपन्जेल के बालों की जरूरत नहीं है। इसके बजाय, एक गिलास नोनी फ्रूट जूस आपकी मदद कर सकता है। हम जानते हैं कि यह फल आपके लिए नया है, लेकिन आयुर्वेद में भी इस अद्भुत फल का उल्लेख किया गया है। आजकल जहां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, वहां नोनी फल आपकी मदद कर सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह फल पोषक तत्वों से भरा हुआ है जो न केवल शरीर की कोशिकाओं के पुनर्जनन में मदद करता है, बल्कि विभिन्न वायरस द्वारा हुए नुकसान की मरम्मत में भी मदद करता है। नोनी फल विटामिन ए, विटामिन इ, विटामिन डी3 और आयरन जैसे एंटीऑक्सिडेंट का एक पावरहाउस है। यह सब न केवल आपके आंतरिक कल्याण के लिए, बल्कि बाहरी सुंदरता के लिए भी फायदेमंद हैं।

- नोनी फ्रूट जूस पीने से ब्लड शुगर लेवल बनाए रखने में मदद मिलती है
- नोनी फल में एंटीऑक्सिडेंट के साथ-साथ जीवाणुरोधी और एंटीफंगल गुण होते हैं जो इसे आपकी त्वचा के लिए बहुत अच्छा बनाते हैं। नोनी फ्रूट जूस पीने से न केवल आपके रक्त को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है, बल्कि यह आपके पेट के स्वास्थ्य को भी नियंत्रित रखता है। यह सब बेहतर कोशिका संरचना और चिरस्थायी सौंदर्य की ओर ले जाता है।
- **जोड़ों की समस्या**
  गठिया से जूझ रहे लोग दर्द का सही अर्थ जानते हैं। आखिरकार, वे दिन-ब-दिन इससे गुजरते हैं। इसके अलावा, इस रोग से संबंधित विकृतियां और भी अधिक समस्याग्रस्त हैं। लेकिन अगर आप अपने दैनिक आहार में नोनी फ्रूट जूस को शामिल करते हैं, तो आप इस समस्या से अच्छी तरह निपट सकते हैं, जैसा कि फूड्स जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है।
- **बालों के लिए अच्छा**
  पसीना और नमी आपके स्कैल्प में बैक्टीरिया के विकास का कारण बन सकते हैं। यह बालों के रोम को नुकसान पहुंचा सकता है, जिसकी वजह से आपको स्कैल्प में खुजली, रूसी और बालों का झड़ना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन आप नोनी फ्रूट जूस का सेवन करके, इसके जीवाणुरोधी और एंटीफंगल गुणों के कारण इसे कम कर सकते हैं।
- **यूरिक एसिड को कम करता है**
  उच्च यूरिक एसिड बुजुर्गों में सबसे आम समस्याओं में से एक है। यह समस्या न केवल पूरी प्रतिरक्षा प्रणाली को बाधित करती है, बल्कि यह पूरी तरह से दर्दनाक भी है। अगर आपके घर में कोई ऐसा ही है, तो बिना समय बर्बाद किए उनकी डाइट में एक गिलास नोनी जूस शामिल करें और बदलाव देखें।



थायराइड की समस्या को जड़ से खत्म करेंगे ये उपाय

थायराइड की बीमारी पर हुए अध्ययन दर्शाते हैं कि 4 करोड़ 20 लाख लोग इस समस्या का सामना कर रहे हैं। सिर्फ यह देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनियाभर में थायराइड के करोड़ों मरीज हैं। यह एक सामान्य और गंभीर स्थिति है, जिससे सबसे ज्यादा महिलाएं प्रभावित होती हैं। महिलाओं के लिए थाइराइड का जोखिम पुरुषों की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक होता है। हर 8 में से 1 महिला थाइराइड की समस्या से ग्रसित होती है। इसका एक कारण यह है कि थायराइड बीमारी अक्सर ऑटोइम्यून प्रतिक्रियाओं से शुरू होती है। यह स्थिति महिलाओं में प्री- और पोस्ट मेनोपॉज़ दौरान अक्सर होता है। गर्भावस्था से भी यह परेशानी हो सकती है।

ऐसे में यह जरूरी होता है कि आप अपने खान-पान पर विशेष ध्यान दें। शरीर में सेलेनियम, जिंक, आयोडिन और आयरन की कमी थायराइड की परेशानी का कारण बन सकती है। इसे लेकर होम्योपैथिक डॉक्टर स्मिता बोइर पाटिल ने हाल ही में अपने इस्टांपोस्ट में थायराइड मरीजों के लिए अपनी इस मेडिकल कंडीशन को नेचुरल तरीके से रिवर्स करने के उपायों को शेयर किया है। वह बताती हैं कि अधिकांश लोगों के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार का पालन करना थायरॉइड फ़ंक्शन को बनाए रखने के लिए पर्याप्त होता है। थायराइड को रिवर्स करने का घरेलू उपाय

आयोडीनयुक्त आहार है जरूरी

थायराइड फंक्शन के लिए आयोडीन का पर्याप्त मात्रा में होना महत्वपूर्ण होता है। आयोडीन थायराइड हार्मोन को बनने में मदद करता है। ट्राईआयोडोथायरोनिन और थायरोक्सिन थायराइड हार्मोन हैं जिनमें आयोडीन होता है। इसलिए आयोडीन की कमी से थायराइड की समस्या होने लगती है। इसके पूर्ति के लिए आप अपने आहार में दूध, दही, पनीर,अंडे, खाए जाने वाले समुद्री शैवाल, आयोडीनयुक्त नमक, झींगा आदि का सेवन कर सकते हैं।

जिंक की पर्याप्त मात्रा है आवश्यक

थायराइड हार्मोन के उत्पादन के लिए जिंक खनिज की भी आवश्यक होती है। थायराइड-उत्तेजक हार्मोन के संतुलन के लिए इसका पर्याप्त मात्रा में होना जरूरी होता है। इसकी पूर्ति के लिए आप कद्दू के बीज, सूरजमुखी के बीज, तिल के बीज, अंग मांस आदि को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

आयरन की पूर्ति करेगी समस्या का समाधान


शरीर में आयरन की कमी हिमोग्लोबिन के उत्पादन को प्रभावित करती है। जिससे शरीर में कई तरह के हर्मोन्स का स्तर कम-ज्यादा होने लगता है। आयरन की कमी थायरॉइड डिसफंक्शन से जुड़ी होती है। इसकी पूर्ति के लिए आप अपने आहार में हरी सब्जियां, लीवर, सूखे अंजीर और आलूबुखारा, खजूर जैसी आयरन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल कर सकते हैं।

सेलेनियम से भरपूर पदार्थों का सेवन करें

सेलेनियम, थायराइड हार्मोन उत्पादन के लिए आवश्यक खनिज होता है। जो थायराइड को ऑक्सीडेटिव तनाव से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है। थायराइड में सेलेनियम की उच्च मात्रा होती है, जिसकी कमी होने पर थायराइड में असंतुलन पैदा होने लगता है। इससे बचाव के लिए आप सेलेनियम युक्त आहार जैसे -ब्राजील नट्स, सूरजमुखी के बीज, काजू आदि का सेवन कर सकते हैं।

शरीर में सेलेनियम, जिंक, आयोडिन और आयरन की कमी थायराइड की परेशानी का कारण बन सकती है। डॉ. स्मिता का मानना है कि अधिकांश लोगों के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन करने से ही थायरॉइड फ़ंक्शन को बनाए रखने के लिए काफी होता है।





ब्लड प्रेशर व डायबिटीज के मरीजों के लिए वरदान है कद्दू

कद्दू एक ऐसी सब्जी के जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक हर खाने में मुंह बनाता है। मगर एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह गुणों से भरपूर होती है। इसमें कैल्शियम, आयरन, फाइबर, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट आदि गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से इम्यूनिटी स्ट्रांग होने से लेकर वजन घटाने में मदद मिलती है। इसके साथ ब्लड प्रेशर व डायबिटीज के मरीजों के लिए यह वरदान स्वरूप है। चलिए जानते हैं इसे खाने के बेहतरीन गुणों के बारे में

डायबिटीज में फायदेमंद

एक्सपर्ट्स के अनुसार, टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के लिए कद्दू बेहद फायदेमंद मानी गई है। इसका सेवन करने से शुगर लेवल कंट्रोल रहता है। ऐसे में डायबिटीज के मरीजों को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

हाई बीपी रखे कंट्रोल

कद्दू में पोटैशियम भरपूर होता है। ऐसे में यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में कारगर माना जाता है। इसलिए ब्लड प्रेशर के मरीजों को इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

इम्यूनिटी करे स्ट्रांग

कद्दू में विटामिन-ए, सी, ई आदि गुण होते हैं। इसके सेवन से तेजी से इम्यूनिटी बढ़ती है। ऐसे में शरीर को बीमारियों से लड़ने की अंदर से मजबूती मिलती है। साथ ही सर्दी, जुकाम, मौसमी व अन्य बीमारियों की चपेट में आने का खतरा कई गुणा कम रहता है।

कब्ज से दिलाए राहत

गलत खानपान के चलते बहुत से लोगों को कब्ज की शिकायत रहती है। ऐसे में इस समस्या से राहत पाने के लिए कद्दू का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। इसके बीजों में फाइबर होने से पाचन शक्ति तेज होती है। ऐसे में कब्ज व पेट संबंधी अन्य समस्याओं से बचाव रहता है।

आंखों के लिए फायदेमंद


इसमें बीटा कैरोटीन होता है। ऐसे में यह आंखों के लिए स्वस्थ माना जाता है। इसके सेवन से आंखों की रोशनी बढ़ने के साथ इससे जुड़ी समस्याएं होने से बचाव रहता है।

हड्डियों होगी मजबूत

कद्दू में कैल्शियम उचित मात्रा में होता है। ऐसे में इसका सेवन करने हड्डियां मजबूत होती है। इसके साथ ही ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम रहता है। इसलिए बच्चे से लेकर बड़ों तक हर उम्र के लोगों को इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

वजन घटाए

इसका सेवन करने से वजन कम करने में भी मदद मिलती है। ऐसे में मोटापे से परेशान लोगों को इसे अपनी डेली डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।



शरीर में आयरन की मात्रा को तुरंत बढ़ाएंगे ये नट्स

शरीर को फिट रखने में भरपूर मात्रा में न्यूट्रिएंट्स खाना बेहद जरूरी है। यदि किसी भी पोषक तत्व की कमी हो जाती है, तो यह शरीर के लिए परेशानी का कारण बनने लगता है। अक्सर लोगों में हीमोग्लोबिन ऐसे में आयरन हीमोग्लोबिन बनाने के लिए महत्तवपूर्ण है। शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ाने के लिए कई सारी चीजों को डाइट में शामिल किया जा सकता है।

काजू

अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है तो आप काजू खा सकते हैं। ये आपकी भूख को कम करता है साथ ही शरीर को पोषक तत्व मिलते हैं। एक मुट्ठी काजू में 189 मिली ग्राम आयरन होता है। ऐसे में जंक फूड खाने से अच्छा है कि आप स्नैक्स में एक मुट्ठी काजू का सेवन करें।

अखरोट

अखरोट में सबसे ज्यादा पोषक तत्व होते हैं। ये आपके दिमाग को शार्प करने में मदद करता है। साथ ही कम हीमोग्लोबिन वाले लोगों को रोजाना अखरोट का सेवन करना चाहिए। एक मुट्ठी अखरोट खाने से आपको 08 मिली ग्राम प्रोटीन मिलता है।

पिस्ता

पिस्ता स्वाद से भरपूर है और स्नैक्स के लिए सबसे अच्छा है। अगर आपको आयरन की कमी है तो एक मुट्ठी पिस्ता खाएं। एक मुट्ठी पिस्ता में 1.11 मिली ग्राम आयरन होता है।

बादाम

भिगे बादाम खाने से शरीर को कई तरह के पोषक तत्व मिलते हैं। अगर आप एक मुट्ठी बादाम का सेवन करते हैं तो आपको 1. 05 मिली ग्राम मिलता है। कई लोग बादाम का दूध और बादाम के बटर का सेवन करते हैं। ऐसे आपको रोजाना बादाम का सेवन करना चाहिए।

मुंगफली

अगर आप मेवा नहीं खा सकते है, तो आप मुंगफली का सेवन कर सकते हैं। एक मुट्ठी मुंगफली में 13 मिलीग्राम मिनीरल्स होते है।

हीमोग्लोबिन शरीर के सभी अंगों को ऑक्सीजन देता है। शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ाने के लिए कई सारी चीजों को डाइट में शामिल किया जा सकता है। तो चलिए जानते हैं ऐसे नट्स के बारे में जो आयरन की कमी को पूरा करेंगे और आपके हीमोग्लोबिन को तुरंत बढ़ाएंगे

संक्षिप्त समाचार

गौतम अडानी ने एक ही दिन में पलट दी बाजी, फिर 100 अरब क्लब में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनियाभर के शेयर बाजारों में तेजी रही। इससे दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से सभी की नेटवर्थ में तेजी रही। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में मंगलवार को 24.9 अरब डॉलर की गिरावट आई थी और वह 100 अरब डॉलर क्लब से बाहर हो गए थे। लेकिन बुधवार को अडानी ग्रुप के अधिकांश शेयरों में तेजी रही।



इससे अडानी की नेटवर्थ में 5.59 अरब डॉलर की तेजी आई। वह 103 अरब डॉलर के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 18.8 अरब डॉलर की तेजी आई है। एशिया के अमीरों में वह रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के बाद दूसरे नंबर पर हैं। अंबानी की नेटवर्थ में बुधवार को 2.20 अरब डॉलर की तेजी आई। वह 109 अरब डॉलर के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं।

दुनिया के अमीरों की लिस्ट में फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट 212 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ पहले नंबर पर बने हुए हैं। बुधवार को उनकी नेटवर्थ में 4.46 अरब डॉलर की तेजी रही। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 204 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दूसरे और एलन मस्क 201 अरब डॉलर के साथ तीसरे नंबर पर हैं। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग 176 अरब डॉलर के साथ चौथे नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ में बुधवार को 6.24 अरब डॉलर की तेजी आई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 47.8 अरब डॉलर की तेजी आई है। लैरी पेज 155 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं।

कौन-कौन हैं टॉप 10 में- दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स 154 अरब डॉलर के साथ इस लिस्ट में छठे नंबर पर हैं। स्टीव बाल्मर (147 अरब डॉलर) सातवें, सर्गेई ब्रिन (146 अरब डॉलर) आठवें, लैरी एलिसन (137 अरब डॉलर) नौवें और वॉरेन बफे (135 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। माइकल डेल 109 अरब डॉलर के साथ 12वें और अमेरिका की एआई चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया के फाउंडर जेंसन हुआंग 107 अरब डॉलर के साथ 13वें नंबर पर हैं। हुआंग की नेटवर्थ में इस साल सबसे ज्यादा 63.4 अरब डॉलर की तेजी आई है।

भेल के शेयरों में तूफान, अडानी पावर से मिला है 3500 करोड़ रुपये का काम

नई दिल्ली, एजेंसी। महार प्रतिशत कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। भेल के शेयर गुरुवार को 13 पर्सेंट की जबरदस्त तेजी के साथ 289 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर बुधवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में



255.25 रुपये पर बंद हुए थे। भेल के शेयरों में यह तेज उछाल एक बड़ा ऑर्डर मिलने की वजह से आया है। भेल को यह ऑर्डर अडानी पावर से मिला है। यह ऑर्डर 3500 करोड़ रुपये का है। भेल के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 322.35 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 83.10 रुपये है।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि कंपनी को छत्तीसगढ़ के रायपुर में 2ङ्क800 मेगावॉट थर्मल पावर प्लांट लगाने के लिए अडानी पावर लिमिटेड से ऑर्डर मिला है।

महंगाई ने लोकसभा चुनावों में दिया बीजेपी को झटका?

पिछले 12 महीने में गेहूं, दाल और सब्जी में भारी तेजी आई



नई दिल्ली, एजेंसी। हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों में बीजेपी बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई। माना जा रहा है कि इसमें खाने-पीने की चीजों की महंगाई की भी भूमिका रही। पिछले 12 महीने में खासकर गेहूं, दाल और सब्जी की कीमत में भारी तेजी आई है। इससे आम आदमी का बजट बुरी तरह गड़बड़ा गया है। जाहिर है कि वोट देते समय कहीं

● मई 2018-अप्रैल 2019 के बीच खाद्य महंगाई 0.03 प्रतिशत रही

न कहीं मतदाताओं के मन में यह बात रही होगी। मई 2018 से अप्रैल 2019 के बीच रिटेल फूड इन्फ्लेशन औसतन 0.03 फीसदी रहा, वहीं इस बार मई 2023 से अप्रैल 2024 के बीच खुदरा खाद्य महंगाई औसतन 7.88 परसेंट रही। इस दौरान अनाज की कीमत में सालाना औसतन 10.39 फीसदी, दालों में 16.07 फीसदी और सब्जियों की कीमत में 18.33 फीसदी तेजी रही। मई 2018 से अप्रैल 2019 के बीच अनाज की कीमत में 1.98 फीसदी की मामूली तेजी ही थी जबकि दाल की कीमत में 7.24 फीसदी और सब्जी की कीमत में 4.80 फीसदी गिरावट आई थी।

इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में महंगाई में बेहद मामूली तेजी देखने को मिली। इस दौरान ओवरऑल कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित महंगाई औसतन 4.39 परसेंट रही जबकि कंज्यूमर फूड प्राइस इंडेक्स आधारित महंगाई औसतन 3.38 फीसदी रही। मई 2014 से अप्रैल 2019 के दौरान 60 महीनों में से केवल 21 महीने सीएफपीआई महंगाई सीपीआई



महंगाई से अधिक रही। लेकिन मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में तस्वीर पलट गई। मई 2019 से अप्रैल 2024 के दौरान सीपीआई आधारित महंगाई औसतन 5.69 परसेंट रही जबकि एवरेज रिटेल फूड इन्फ्लेशन 6.48 परसेंट रहा। इस दौरान 58 में से 30 महीनों में सीएफपीआई महंगाई सीपीआई महंगाई से अधिक रही।

कैसे-कैसे बढ़ी महंगाई

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में कम महंगाई की बड़ी वजह यह रही कि इस दौरान कच्चे तेल में ज्यादा उछाल दिखने को नहीं मिला। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एग्री कमोडिटीज की कीमतें भी लगभग स्थिर रहीं। यूएन का फूड प्राइस इंडेक्स 2013-14 में औसतन 119.1 अंक रहा जो 2015-16 में गिरकर 90 अंक रह गया था। यह 2019-20 में औसतन 96.5 अंक रहा लेकिन इसके बाद इसमें भारी तेजी रही। 2021-22 में यह 133.3 अंक और 2022-23 में 140.8 अंक के रेकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया। उसके बाद से इसमें कुछ नरमी आई है लेकिन असामान्य मॉनसून से देश में कृषि उत्पादन प्रभावित हुआ है।

मोदी सरकार ने हाल के वर्षों में खाने-पीने की चीजों की महंगाई रोकने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। इनमें गेहूं, गैर-बासमती चावल, चीनी और प्याज के निर्यात पर पाबंदी शामिल है। साथ ही दालों और खाद्य तेल पर इम्पोर्ट ड्यूटी में कटौती की गई है। ट्रेडर्स और रिटेलर्स के लिए गेहूं और दालों की भंडारण सीमा निर्धारित की गई है। लेकिन इन उपायों से खाने-पीने की चीजों की महंगाई को कम करने में मदद नहीं मिली है। खासकर गेहूं, दाल और सब्जियों की कीमत में लगातार तेजी बनी हुई है। शायद यही महंगाई बीजेपी को इस बार भारी पड़ी और वह लगातार तीसरी बार अपने दम पर बहुमत हासिल करने में नाकाम रही।

बेसिक डीमैट अकाउंट में पांच गुना ज्यादा रकम की रख सकेंगे सिक्योरिटीज



मुंबई, एजेंसी। पूंजी बाजार के नियामक सेबी चाहता है कि इस बाजार में रिटेल निवेशकों की भागीदारी बढ़े। इसके लिए नियामक ने बुधवार को बेसिक सर्विस डीमैट अकाउंट की सीमा में इजाफे का प्रस्ताव रखा है। इस अकाउंट में इस समय 2 लाख रुपये की सीमा है, जिसे बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का प्रस्ताव है। छोटे पोर्टफोलियो वाले निवेशकों पर डीमैट शुल्क का बोझ कम करने के लिए सेबी ने साल 2012 में यह सुविधा शुरू की थी।

सेबी ने बीएसडीए में सिक्योरिटीज की वैल्यू लिमिट बढ़ाने को लेकर पांच जून को कंसल्टेशन पेपर 5 जारी किया। इसमें सेबी बेसिक सर्विस डीमैट अकाउंट की लिमिट बढ़ाकर 10 लाख करने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। वर्तमान में, बीएसडीए के लिए पात्र होने के लिए कोई व्यक्ति एक ही डीमैट खाते में 2 लाख रुपये तक की डेट सिक्योरिटी के अलावा अन्य सिक्योरिटी रख सकता है। सेबी ने कहा कि किसी व्यक्ति के पास केवल एक डीमैट खाता होना चाहिए, जिसमें वह एकमात्र या प्रथम धारक हो। व्यक्ति के पास सभी डिपॉजिटरी में उसके नाम से केवल एक बीएसडीए होना चाहिए। सेबी ने प्रस्ताव दिया है कि बीएसडीए के लिए सालाना रखरखाव शुल्क शून्य होना चाहिए और 4 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक के पोर्टफोलियो मूल्यों के लिए शुल्क 100 रुपये होना चाहिए। यदि पोर्टफोलियो मूल्य 10 लाख रुपये से अधिक है तो बीएसडीए को ऑटोमैटिक रूप से नियमित डीमैट खाते में परिवर्तित कर दिया जाना चाहिए।

क्या है बेसिक डीमैट अकाउंट

बेसिक डीमैट अकाउंट का मतलब ऐसे अकाउंट से है, जिसमें बेसिक सुविधाएं मिलती है। इस अकाउंट की मेंटेनेंस कॉस्ट कम होता है। यह अकाउंट ऐसे रिटेल निवेशक के लिए होता है जो स्टॉक्स, बॉन्ड्स, श्वङ्गस्र, म्यूचुअल फंड्स आदि में नियमति रूप से निवेश नहीं करते।

मार्केट रेगुलेटर सेबी ने शेयर बिक्री के पैसे को सीधे ग्राहकों के अकाउंट में जमा करना अनिवार्य बना दिया है। ग्राहकों के पैसों का जोखिम कम करने के उद्देश्य से सेबी ने यह कदम उठाया है। मार्केट रेगुलेटर की ओर से बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, यह नए नियम 14 अक्टूबर 2024 से प्रभावी होगे। सेबी ने सुझाव दिया है कि यदि ग्राहक और ब्रोकर के खातों में कोई असमानता पैदा होती है तो क्लीयरिंग कॉरपोरेशन ट्रेडिंग सदस्य या क्लियरिंग सदस्य नीलामी के जरिये इसकी भरपाई कर सकते हैं। ऐसे मामलों में ब्रोकर कोई शुल्क नही ले सकेंगे। मई 2023 में सेबी ने ग्राहकों के शेयरों के पैसों के भुगतान के संबंध में कई प्रक्रियाएं पेश की थी। मौजूदा नियमों के तहत क्लीयरिंग कॉरपोरेशन शेयर बिक्री के बाद ब्रोकर के फूल अकाउंट में पैसा जमा करते हैं। इसके बाद ब्रोकर संबंधित ग्राहकों के डीमैट खाते में यह राशि भेजता है।

बायजू को बड़ा झटका! कम नहीं हो रहीं मुश्किलें, अब सब्सिडियरी कंपनियां हो सकती हैं दिवालिया

नई दिल्ली, एजेंसी। एडटेक कंपनी बायजू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब बायजू को एक नया झटका लगा है। बायजू की अमेरिकी सब्सिडियरी कंपनियों को दिवालिया घोषित करने की तैयारी की जा रही है। ये कंपनियां अपना कर्जा नहीं चुका पा रही हैं। कंपनियां अपना करीब 1.2 अरब डॉलर का कर्ज नहीं चुकाने की वजह से दिवालिया हो सकती हैं। रिपोर्ट के



मुताबिक, अमेरिका में लेनदारों ने बायजू की सहायक कंपनियों को दिवालिया घोषित करने के लिए याचिका दायर की है। आरोप है कि बायजू इन कंपनियों से करोड़ों रुपये निकाल रही है। एचपीएस इन्वेस्टमेंट पार्टनर्स के नेतृत्व में लेनदारों ने न्यूरॉन फ्यूल इंक , एपिक क्रिएशंस इंक और टैंजिबल प्ले इंक के खिलाफ डेलावेयर में दिवालियापन के मामले दायर किए हैं।

लगाया ये आरोप- लेनदारों ने बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन पर कई आरोप लगाए हैं। लेनदारों ने दिवालियापन का सामना कर रही तीन सहायक कंपनियों के बारे में वित्तीय विवरण देने से इनकार करके उनके ऋण अनुबंधों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लेनदारों ने अदालती दस्तावेजों में कहा कि इकाइयों के खर्च पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए और अंततः उन्हें चलाने के लिए एक ट्रस्टी की नियुक्ति की जरूरत हो सकती है।

नहीं चुका पाई हैं कर्ज- बता दें कि ये तीनों कंपनियां कर्ज नहीं चुका पाई हैं। इस साल की शुरुआत में बायजू अल्फा को भी कर्ज नहीं चुका पाने की वजह से दिवालिया घोषित कर दिया गया था। बायजू की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। एक समय पर तेजी से आगे बढ़ रही कंपनी अब कर्ज के बोझ में दबी हुई है।

बैंक ऑफ इंग्लैंड ने जारी किये नए नोट

क्वीन की जगह पर किंग चार्ल्स थर्ड की दिखेगी फोटो

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन में नए नोट जारी हो गए हैं। अब ब्रिटेन के नोटों पर क्वीन एलिजाबेथ की फोटो की जगह मौजूदा राजा किंग चार्ल्स थर्ड की तस्वीर होगी। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने इसकी जानकारी दी। नए नोट जारी करने के साथ बैंक ने साफ किया यह नोटबंदी नहीं है। इसका मतलब है कि क्वीन एलिजाबेथ भी तस्वीर वाली फोटो भी वैलिड रहेगी।



कितना अलग है नया नोट- ब्रिटेन के नए नोट में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। इस नोट में केवल तस्वीर को ही बदला गया है। दिसंबर 2022 में पहली बार किंग चार्ल्स थर्ड की तस्वीर वाला नोट जारी हुआ था। यह नोट क्वीन एलिजाबेथ सेकंड के निधन के बाद जारी हुआ था। आपको बता दें कि सितंबर 2022 में क्वीन एलिजाबेथ सेकंड का निधन हुआ था। यह पहली बार है जब ब्रिटेन के नोटों पर सम्राट का नाम बदला गया है। अब ब्रिटेन के ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग 5, 10, 20 और 50 नोटों पर किंग चार्ल्स थर्ड की तस्वीर दिखाई देगी। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने नए नोटों को लेकर प्रेस रिलीज जारी की थी। बैंक ने कहा कि उम्मीद है कि धीरे-धीरे नए नोट सर्कुलेशन में आएंगे। बैंक ने बताया कि पुराने घिसे-पिटे नोट के बदले नए नोट छापे गए हैं। बैंक के प्रेस रिलीज के अनुसार नए नोट 5 जून 2024 से लागू हो गए हैं।

चांदी की कीमतों में रेकॉर्ड उछाल, 1100 रुपये से ज्यादा हुई महंगी, सोने के भी बढ़ गए भाव

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने के दाम बढ़कर अब 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर निकल गए हैं। वहीं चांदी भी तेजी से बढ़ रही है। आज एमसीएक्स एक्सचेंज पर सोने-चांदी में अच्छी तेजी देखी जा रही है।

एमसीएक्स एक्सचेंज पर आज यानी गुरुवार को 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना 300 रुपये से ज्यादा बढ़त के साथ 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया है। सोने में सुबह से ही तेजी देखी जा रही है। सोना आज सुबह बढ़त के साथ खुला है। वहीं 5 अक्टूबर 2024 की डिलीवरी वाला सोना उछलकर 73,166 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

क्या है चांदी की कीमत - एमसीएक्स एक्सचेंज पर आज यानी गुरुवार को 5 जुलाई 2024 की डिलीवरी



वाली चांदी 1140 रुपये बढ़कर 91,584 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। वहीं 5 सितंबर 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 1089 रुपये बढ़कर 93,415 रुपये के स्तर पर पहुंच गई है। 5 दिसंबर 2024 को डिलीवरी वाली चांदी आज 1344 रुपये बढ़कर 95,745 रुपये पर पहुंच गई है।

सोने के वैश्विक भाव - सोने की वैश्विक कीमतों में भी आज तेजी देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.50 फीसदी या 11.90 डॉलर की तेजी के साथ 2,387.40 डॉलर प्रति औंस पर हैं। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव बढ़कर 2,368.49 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच चुके हैं।

चांदी की वैश्विक कीमत- चांदी के वैश्विक भाव में आज तेजी आई है। कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 1.54 फीसदी या 0.46 डॉलर की तेजी के साथ 30.54 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गए हैं। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 30.42 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है।

बीते दिनों गिरे थे भाव- सोने और चांदी की कीमतों में कल भी तेजी देखने को मिली थी। कल सोना-चांदी बढ़त के साथ बंद हुए थे। आज भी सुबह से गोल्ड और सिल्वर की कीमतों में इजाफा देखने को मिल रहा है। वहीं आने वाले समय में कीमतों में और इजाफा होने की संभावना जताई जा रही है।

सरकार की योजना का मनु गुलाटी को बड़ा फायदा, खड़ा कर दिया अपना कारोबार

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र में एक बार फिर नरेंद्र मोदी सरकार की वापसी तय है। इस नई सरकार में महिलाओं पर केंद्रित लखपति दीदी जैसी योजनाओं को बूस्ट मिलने की उम्मीद है। ऐसी कई योजनाएं हैं जिन्होंने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इसके तहत महिलाएं ना सिर्फ खुद के कारोबार पर फोकस कर रही हैं बल्कि रोजगार भी जनरेट करती नजर आ रही हैं। ऐसी ही एक महिला लूप्स एन नॉट्स की संस्थापक मनु गुलाटी हैं। मनु गुलाटी को खादी और ग्रामोद्योग के तहत केवीआई योजना का लाभ मिला है। इसके जरिए वह अपना ना सिर्फ कारोबार कर रही हैं बल्कि कई महिलाओं को रोजगार भी देती हैं।

किस तरह का कर रहीं कारोबार- अंबाला की एमएसएमई कारोबारी मनु गुलाटी हस्तनिर्मित ज्वैलरी और वस्तुए बनाने के काम में जुटी हैं। उन्होंने लूप्स



एन नॉट्स की स्थापना 2010 में की थी। वहीं, साल 2022 में वॉलमार्ट वृद्धि प्रोग्राम के जरिए अपने कारोबार के विस्तार पर जोर दिया। इस प्रोग्राम से उनकी ब्रांड की पैकेजिंग में सुधार हुआ। उन्होंने ऑनलाइन विज्ञापनों का लाभ उठाकर अपने लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित किया। वॉलमार्ट वृद्धि के साथ उन्हें इकतारा इंटरनेशनल लॉन्च करने का मौका मिला। यह यूनिट अंबाला में स्थित है। बता दें कि यह प्रोग्राम उन लोगों के लिए शुरू किया गया था जो छोटे कारोबार में दिलचस्पी रखते हैं।

केवीआई योजना का लाभ- मनु गुलाटी बताती हैं कि मुझे खादी और ग्रामोद्योग के तहत एक केवीआई योजना का लाभ मिला। मैंने अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे मंजूरी मिल गई, और मुझे मशीनरी और पूरे प्रोजेक्ट के लिए 35 प्रतिशत सब्सिडी अनुदान मिला।

रोजगार देने पर फोकस- मनु गुलाटी के मुताबिक उनका कारोबार पूरी तरह से महिलाओं द्वारा चलाया जा रहा है। वह 6 महिलाओं को रोजगार दे रही हैं। मनु गुलाटी का कहना है कि मेरा ध्यान ट्रेनिंग देने और यह सुनिश्चित करने पर रहा है कि काम हाई क्वालिटी का हो। मनु गुलाटी के मुताबिक वह लोगों को पर्यावरण अनुकूल हस्तशिल्प उपलब्ध कराना चाहती हैं।

कैसे शुरू किया कारोबार

मनु गुलाटी बताती हैं कि लूप्स एन नॉट्स कारोबार की शुरुआत घर से ही एक छोटे से सेटअप और सीमित सामान के साथ हुई थी। लेकिन असली कामयाबी तब मिली जब वॉलमार्ट वृद्धि कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला। इस कार्यक्रम ने मुझे मार्केटिंग से लेकर ग्राहक सेवा तक, ऑनलाइन कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ सीखने का मौका दिया। वॉलमार्ट वृद्धि कार्यक्रम के बाद से हमारी बिक्री में 30 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई है। भविष्य में हमारी योजना घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में बिक्री बढ़ाने की है, साथ ही साथ इकतारा इंटरनेशनल के विकास पर भी ध्यान केंद्रित रहेगा।

स्टोइनिस के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी। मार्कस स्टोइनिस के अर्धशतक और तीन विकेट के आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को केंसिंग्टन ओवल में टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में ओमान को 39 रनों से हराया। गुरुवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में टॉस जीतकर ओमान ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 164 रन



बनाए, जवाब में ओमान 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 125 रन बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत धीमी रही। पावरप्ले के तीसरे ओवर में ट्रेविस हेड (12) अपना विकेट गंवा बैठे। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श और डेविड वॉर्नर ने दूसरे विकेट के लिए 37 रनों की साझेदारी की। इसके बाद मेहरान खान ने मिचेल मार्श को पवेलियन का रास्ता दिखाकर ऑस्ट्रेलिया को दूसरा झटका दिया। अगली ही गेंद पर मेहरान ने ग्लेन मैक्सवेल को गोल्डन डक पर आउट कर दिया। ओमान के कप्तान आकिब इलियास ने कवर पर मैक्सवेल का शानदार कैच लपका। ऑस्ट्रेलिया 8.3 ओवर में 50/3 पर लड़खड़ा रहा था। हालांकि, वॉर्नर दूसरे छोर पर डटे रहे और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाते रहे। 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए स्टोइनिस ने वॉर्नर का साथ दिया और दोनों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए स्कोर बोर्ड को आगे बढ़ाया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने ओमान के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं, जबकि वॉर्नर ने दूसरा छोर मजबूती से थामे रखा।

टी-20 वर्ल्डकप: 2024

रोहित शर्मा की रिकॉर्ड तोड़ पारी

भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में किया दमदार आगाज, आयरलैंड को रौंदा

नई दिल्ली। भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया. 5 जून (बुधवार) को न्यूयॉर्क के नसाऊ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने आयरलैंड को 8 विकेट से हरा दिया. मुकाबले में आयरलैंड ने भारत को जीत के लिए महज 97 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 12.2 ओवरों में हासिल कर लिया. भारतीय टीम अब अगले मुकाबले में 9 जून को पाकिस्तान का सामना करेगी.

रोहित ने बाबर आजम को पछाड़ा

भारतीय टीम के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने 37 गेंदों पर 52 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और तीन छक्के शामिल रहे. रोहित रिटायर्ड हर्ट हुए. रोहित ने इस पारी के दौरान टी20 इंटरनेशनल में चार हजार रन भी पूरे कर लिए. साथ ही वह पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम को पछाड़कर टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर आ गए. बता दें कि विराट कोहली टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन (4038) बनाने वाले बल्लेबाज हैं. जबकि रोहित ने 4026 और बाबर ने 4023 रन बनाए हैं. रोहित शर्मा ने इस पारी के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट में भी 600 छक्के पूरे कर लिए. भारत के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 26 गेंदों पर 36 रन बनाकर नाबाद रहे. पंत ने अपनी पारी में 3 चौके और दो छक्के लगाए.

इंटरनेशनल क्रिकेट में तीनों फॉर्मेट में 4000+ रन

- विराट कोहली: टेस्ट में 8848, वनडे में 13848 और टी20I में 4038
- रोहित शर्मा: टेस्ट में 4137, वनडे में 10709 और टी20 में 4026*

इससे पहले मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरिश टीम 16 ओवर में महज 96 रनों पर ढेर हो गई. आयरिश टीम के बल्लेबाज भारतीय तेज गेंदबाजों के सामने बेबस नजर आए और शुरुआत से ही उसके विकेट गिरते चले गए. गैरेथ डेलानी, जोशुआ लिटिल, कर्टिस कैम्फर और लोर्कन टकर ही दोहरे अकों तक पहुंच सके. डेलानी ने सबसे ज्यादा 14 गेंदों पर 26 रन बनाए, जिसमें दो चौके और 2 छक्के शामिल रहे. वहीं लिटल ने 14, कैम्पर ने 12 और टकर ने 10 रनों का योगदान दिया. भारत के लिए हार्दिक पंड्या ने जहां सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए. वहीं अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को दो-दो विकेट हासिल हुआ. मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल ने भी एक-एक विकेट चटकाए.



टी20 में भारत की सबसे ज्यादा लगातार जीत

8 बनाम बांग्लादेश (2009-18)
8 बनाम आयरलैंड (2009-24)*
7 बनाम ऑस्ट्रेलिया (2013-17)
7 बनाम श्रीलंका (2016-17)
7 बनाम वेस्टइंडीज (2018-19)
टी20 में सबसे अधिक गेंद बाकी रहते भारत की जीत
81 बनाम स्कॉटलैंड दुबई 2021
64 बनाम बांग्लादेश हांगझोऊ 2023
59 बनाम यूएई मीरपुर 2016
46 बनाम आयरलैंड न्यूयॉर्क 2024*
41 बनाम जिम्बाब्वे हरारे 2016

टी-20 वर्ल्ड कप

इंडिया की शानदार जीत

न्यूयॉर्क, एजेंसी। टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में टीम इंडिया ने आयरलैंड को हराकर जोरदार आगाज किया। न्यूयॉर्क के नसाउ इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की नेतृत्व में टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

मैच का नतीजा

भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड की टीम को 96 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में भारतीय बल्लेबाजों ने 13वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

रोहित की रिकॉर्डतोड़ पारी

रोहित शर्मा ने 37 गेंदों पर 52 रन की पारी खेली और रिटायर हर्ट हुए। उनकी इस पारी में 3 बड़े रिकॉर्ड शामिल थे।

1. इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 600 छक्के।2. सबसे कम गेंदों में 4 हजार रन पूरे करना।3. टी-20 वर्ल्ड कप में एक हजार रन पूरे करना।

मैच की अहम बातें

आयरलैंड की गलती

आयरलैंड के लिए मैच की शुरुआत में ही एक बड़ी गलती हो गई। पहले ओवर में स्लिप में बालबर्नी ने रोहित शर्मा का कैच छोड़ दिया, जो अंततः आयरलैंड के लिए महंगा साबित हुआ।

गेंदबाजों का प्रदर्शन

भारतीय गेंदबाजों ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, जिससे बल्लेबाजों को लक्ष्य हासिल करने में कोई कठिनाई नहीं हुई।

तेज बल्लेबाजी

रोहित शर्मा के अलावा अन्य भारतीय बल्लेबाजों ने भी आक्रामक अंदाज में खेला और 13वें ओवर में ही मैच समाप्त कर दिया।



पाकिस्तान की शिकायत के बाद

- आईसीसी ने उठाया कदम, न्यूयॉर्क में बदला टीम का होटल

इस्लामाबाद, एजेंसी। आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की शिकायत के बाद पाकिस्तान टीम का न्यूयॉर्क में होटल बदल दिया है। पीसीबी ने शिकायत की थी कि टी20 विश्व कप के दौरान होटल से स्टेडियम जाने में 90 मिनट का समय लगता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि अध्यक्ष मोहसिन नकवी के दखल के बाद पाकिस्तान टीम को दूसरे होटल में भेज दिया गया जो मैदान से सिर्फ पांच मिनट की दूरी पर है। पाकिस्तान को रविवार को न्यूयॉर्क में भारत से खेलना है और 11 जून को कनाडा से सामना होगा। भारतीय टीम को तीन ग्रुप मैच न्यूयॉर्क में खेलने हैं और उसका टीम होटल मैदान से दस मिनट की दूरी पर है। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच जीत लिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में 77 रन पर आउट हुई श्रीलंकाई टीम होटल से स्टेडियम की दूरी को लेकर पहले ही चिंता जता चुकी है।

युगांडा ने पापुआ न्यू गिनी को 3 विकेट से हराया

गुयाना, एजेंसी। अनुभवी स्पिनर फ्रैंक नसूबूगा की दमदार गेंदबाजी के दम पर युगांडा ने गुरुवार को टी 20 वर्ल्ड कप में पापुआ न्यू गिनी पर तीन विकेट से जीत दर्ज की। अपना पहला टी-20 वर्ल्ड कप खेल रही युगांडा ने टूर्नामेंट का पहला मैच जीतकर अपने इस सफर की शानदार शुरुआत की। गयाना के



प्रोविडेंस स्टेडियम में युगांडा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। जवाब में पापुआ न्यू गिनी की पूरी टीम 77 पर सिमट गई। वहीं, युगांडा की ओर से अल्पेश रामजानी, जुमा मियागी, कॉसमास क्यवुता और फ्रैंक नसूबूगा को 2-2 विकेट मिले। हालांकि, एक छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा ने भी महज 26 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिए थे। इस चेज में युगांडा के लिए सबसे अहम भूमिका रियाज़त अली शाह ने निभाई, जिन्होंने 56 गेंदों पर 33 रनों की जुझारू पारी खेली। पापुआ न्यू गिनी ने खराब बल्लेबाजी तो की ही, लेकिन गेंदबाजी में उन्होंने वाइड के 15 रन दिए, जिससे युगांडा के लिए चेज और आसान हो गया। युगांडा ने 18.2 ओवर में 7 विकेट खोकर टारगेट चेज कर लिया।

यूएस में टूर्नामेंट से ICC को नुकसान!


भारत के पहले मैच से फैंस रहे गायब, IND-PAK मुकाबले का क्या होगा?

न्यूयॉर्क, एजेंसी। भारत में जब 2023 वनडे विश्व कप खेला गया था तो कुछ गिने चुने मैचों को छोड़ दिया जाए तो लगभग हर मैच में स्टेडियम फुल रहा था। भारत में वनडे विश्व कप ने फैंस के स्टेडियम पहुंचना का एक नया रिकॉर्ड भी बनाया था। वहीं, टी20 विश्व कप 2024 में फैंस की कमी खल रही है। भारतीय टीम को टी20 विश्व कप 2024 में अपना पहला मैच खाली स्टेडियम में खेलना पड़ा। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान कई सीटें खाली रहीं। इसका सबसे बड़ा कारण आईसीसी द्वारा भारत के मैचों की बढ़ी हुई टिकटों की कीमत और खराब मार्केटिंग प्लान को माना जा रहा है। अब तक टी20 विश्व कप 2024 के जो भी मैच खेले गए हैं, किसी में भी फैंस स्टेडियम की पूरी क्षमता के मुताबिक मौजूद नहीं रहे हैं। स्टेडियम के प्रीमियम नॉर्थ और साउथ स्टैंड की टिकटों की कीमत लगभग 1,000 अमेरिकी डॉलर यानी 83 हजार रुपये थी और इसे खरीदने वाला कोई नहीं था। ब्रॉडकास्टर्स के लिए भी यह मुश्किलों से भरा अनुभव था क्योंकि स्क्रीन के चारों ओर बहुत सारी खाली सीटें दिख रहीं थीं।

एक्स्ट्रा टिकट भी जारी किए

आईसीसी ने हाल ही में भारत-पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मुकाबले के लिए कई एक्स्ट्रा टिकट जारी किए थे। अगर आईसीसी स्टेडियम को भरने में विफल रहते है, तो विश्व कप को यूएसए में ले जाने के कदम को एक खराब फैसला कहा जाएगा। भारत के चार ग्रुप मैचों में से तीन न्यूयॉर्क में हैं और इन खेलों के लिए भीड़ जुटाने के लिए आयोजकों को काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। ऐसी हालत 2023 वनडे विश्व कप के दौरान या फिर 2021-2022 टी20 विश्व कप के दौरान नहीं थी। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बिना मार्केट की छानबीन किए आईसीसी के जल्दबाजी में अमेरिका में टूर्नामेंट कराने का फैसला उनके लिए बैकफायर कर गया है।





आईसीसी के लिए नौ जून चिंता का विषय

अब आईसीसी को नौ जून को इसी मैदान पर भारत बनाम पाकिस्तान मैच कराना है। आईसीसी चाहता है कि इस मैच के दौरान स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहे। हालांकि, अब तक इसकी संभावना नहीं दिख रही है। इसका सबसे बड़ा कारण न्यूयॉर्क की खराब पिच, जिसमें दो मैचों में अभी तक 100 रन भी नहीं बन पाए हैं, को माना जा रहा है। इसके अलावा टिकटों के बढ़े हुए दाम भी एक महत्वपूर्ण कारण है। आज तक की स्थिति की बात की जाए तो मैच के सभी टिकट अभी तक नहीं बिके हैं। डायमंड क्लब सीटों की कीमत आठ लाख रुपये (10,000), कॉर्नर क्लब सीटों की कीमत 2.2 लाख रुपये (2,750) और प्रीमियम क्लब लाउंज सीटों की कीमत 2 लाख रुपये (2,500) है। इन तीनों स्थानों की बहुत सारी सीटें अभी भी उपलब्ध हैं। ये वही प्रीमियम सीटें हैं जिन्हें भारत-आयरलैंड खेल के लिए बहुत कम खरीदार मिले थे और तब टिकटों की कीमतें भी काफी कम थीं।

2023 विश्व कप में दर्शकों का नया रिकॉर्ड

भारत में जब 2023 वनडे विश्व कप खेला गया था तो कुछ गिने चुने मैचों को छोड़ दिया जाए तो लगभग हर मैच में स्टेडियम फुल रहा था। भारत में वनडे विश्व कप ने फैंस के स्टेडियम पहुंचना का एक नया रिकॉर्ड भी बनाया था। वहीं, टी20 विश्व कप 2024 में फैंस की कमी खल रही है। आईसीसी ने भी अभी तक फैंस के आधिकारिक उपस्थिति का खुलासा नहीं किया है। वहीं, भारत-आयरलैंड मैच के दौरान 34 हजार दर्शकों की क्षमता वाले नासाउ काउंटी स्टेडियम में करीब 20 हजार दर्शक मौजूद रहे। जो लोग इस मैच को देखने पहुंचे, वे भी स्टेडियम की व्यवस्थाओं और सुविधाओं से खुश नहीं दिखे।

पावरलिफ्टर संदीप कौर पर डोपिंग मामले में दस साल का प्रतिबंध, जानें पूरा मामला



नई दिल्ली, एजेंसी। संदीप कौर पिछले साल अगस्त में ही चार साल के प्रतिबंध के बाद लौटी है। वह उत्तराखंड के काशीपुर में राष्ट्रीय सीनियर महिला पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में ओपन 69 किलो वर्ग में तीसरे स्थान पर रही थी।

नाडा की डोपिंग निरोधक अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने पावरलिफ्टर संदीप कौर पर प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के दूसरे अपराध के कारण दस साल का प्रतिबंध लगा दिया है। पंजाब की 31 वर्ष की पावरलिफ्टर संदीप पर डोपिंग के दूसरे अपराध के लिये आठ साल का प्रतिबंध लगाया गया और अतिरिक्त दो साल उनके नमूनों में कई प्रतिबंधित पदार्थ पाये जाने के कारण लगाया गया है। पहली बार उन्हें 2019 में स्टानोजोलोल के सेवन का दोषी पाया गया था।



43 साल के खिलाड़ी ने टी20 वर्ल्ड कप में रचा इतिहास


गेंदबाजी में कर दिखाया ये बड़ा कमाल

गुयाना, एजेंसी। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का 9वां मुकाबला ग्रुप-सी की 2 टीमें पापुआ न्यू गिनी और युगांडा के बीच गुयाना के ग्राउंड पर खेला गया। इस मुकाबले में युगांडा की टीम ने 3 विकेट से जीत तो दर्ज की लेकिन दोनों टीमों की तरफ से काफी खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला। पापुआ न्यू गिनी जहां पहले खेलते हुए 19.1 ओवर्स में सिर्फ 77 रन बनाकर सिमट गई तो वहीं युगांडा की टीम 18.2 ओवर्स में 7 विकेट के नुकसान पर इस टारगेट को हासिल करने में कामयाब हो सकी। युगांडा की तरफ से इस मुकाबले में 43 साल के खिलाड़ी बाएं हाथ के स्पिनर फ्रैंक नसुबुगा ने अपने 4 ओवर्स में सिर्फ 4 रन देने के साथ टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में एक नया कीर्तिमान भी बना दिया।

फ्रैंक नसुबुगा ने फेंका टी20 वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे किफायती स्पेल

युगांडा की टीम का हिस्सा इस वर्ल्ड कप में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी फ्रैंक नसुबुगा अब टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे किफायती पूरे 4 ओवर्स फेंकने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। पीएनजी के खिलाफ मैच में नसुबुगा ने जहां 4 ओवर्स में 4 रन दिए तो वहीं 2 विकेट भी लेने में कामयाब रहे। नसुबुगा से पहले ये रिकॉर्ड साउथ अफ्रीकी टीम के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया के नाम पर था, जिन्होंने इसी वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ हुए मैच में अपने 4 ओवर्स में 4 विकेट लेने के साथ 7 रन दिए थे।

हीरामंडी में अपने ही काम को देखकर शर्मा गई शर्लिन, और बेहतर कर सकती थी



संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार काफी सुर्खियों में है। सीरीज की पूरी कास्ट छा गई है। हालांकि इस सीरीज की रिलीज के बाद से एक्ट्रेस शर्मिन सेगल को काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा है। भंसाली की भांजी और एक्ट्रेस शर्मिन ने सीरीज में आलमजेब का किरदार निभाया है। इतनी ट्रोलिंग के बीच अब शर्मिन ने बताया कि उन्होंने बस एक ही बार सीरीज देखी है और बताया कि आखिर क्यों दोबारा उन्होंने क्यों नहीं देखा। बात करते हुए शर्मिन ने कहा, मैंने हीरामंडी एक ही बार देखी है क्योंकि मुझे अपना काम बार-बार देखना नहीं पसंद।

मैं सिर्फ उतना देखती हूं जितनी जरूरत है। आपको फीडबैक मिलते हैं और आपको सब देखना होता है जिस बारे में कहा जाता है क्योंकि एक एक्टर के तौर पर आप हमेशा मॉनिटर पर जाकर नहीं देख सकते कि आपने क्या किया है। खुद की परफॉर्मेंस देखकर उन्हें क्या लगा इस पर शर्मिन ने कहा, अपना काम देखना बहुत अलग है। हीरामंडी को मैंने एक अलग नजरिए से देखा है। खुद को लेकर आलोचनात्मक हो जाते हैं। जब मैंने खुद को ऑस्क्रीन देखा तो शरमा गई और गुदगुदी सी लगने लगी। मेरे गाल भी लाल हो गए थे। अपनी पहली फिल्म मलाल की रिलीज के दौरान भी शर्मिन ने ऐसा फील किया था। उन्होंने कहा, इतने लोगों के सामने खुद को रखना और परफॉर्म करना अलग फील होता है। पहली बार जब मैंने मलाल देखी थी तब मैंने सोचा कि स्क्रीन इतनी बड़ी है और उसमें मेरा चेहरा है। इतने लोग मुझे देखेंगे तो मुझे शर्म आ गई।

बाहर भी उसी तरह से सफाई रखें, जैसा आप घर में रखते हैं: पूजा हेगड़े



हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के लिए अपनाए गए छोटे-छोटे बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि वह जब भी ट्रैवल करती हैं, तो वह अपनी कार में एक ऐसा बैग जरूर रखती हैं, जिसमें वह कचरा फेंक सकें।

पूजा ने हाल ही में मुंबई के जुहू बीच पर समुद्र तट सफाई अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया, अगर हम अपनी लाइफ में कुछ छोटे-छोटे कदम उठाएं तो हम समाज में बड़ा बदलाव देख सकते हैं। मैं जब भी ट्रैवल करती हूं, तो अपनी कार में हमेशा एक ऐसा बैग रखती हूं, जिसमें मैं कचरा फेंकती हूं। मैं सड़कों, समुद्र तटों या खुली जगहों पर चीजें नहीं फेंकती। मुझे लगता है कि अगर हम इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखे तो हम बड़ा बदलाव ला सकते हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा हमें चीजों को इधर-उधर नहीं फेंकना चाहिए। मुझे लगता है कि हमें संकल्प लेने की जरूरत है। हमें बाहर भी उसी तरह से सफाई रखनी चाहिए, जैसा हम अपने घर में रखते हैं। प्लास्टिक के कम से कम इस्तेमाल पर पूजा ने कहा, मुझे लगता है कि हम रीयूजेबल प्लास्टिक का इस्तेमाल कर सकते हैं, या फिर हम उसी प्लास्टिक बैग को फेंकने के बजाय दोबारा इस्तेमाल करने की कोशिश कर सकते हैं। एक्ट्रेस को पिछली बार फिल्म किसी का भाई किसी की जान में देखा गया था। वह आचार्य, मोस्ट एलिजिबल बैचलर, अला वैकुंठपुरमुलू, महर्षि जैसी तेलुगु फिल्मों और बीस्ट और मुगामूडी जैसी तमिल फिल्मों का हिस्सा रही हैं। एक्ट्रेस ने मोहनजोदड़ो, हाउसफुल 4, राधे श्याम और सर्कस जैसी हिंदी फिल्मों में भी काम किया हैं। उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो पूजा जल्द ही शाहिद कपूर स्टारर एक्शन थ्रिलर देवा और तमिल फिल्म सूर्या 44 में नजर आएंगी।

प्रेम की शादी का सलमान ने ठुकराया ऑफर

कार्तिक आर्यन को कास्ट करना चाहते हैं सूरज बड़जात्या

हिन्दी सिनेमा में प्रेम नाम सुनते ही सबके दिमाग में सलमान खान की छवि तैरने लगती है। सलमान खान ने सूरज बड़जात्या की बहुत सी फिल्मों में प्रेम का किरदार निभाया है। हालांकि, अब सूरज बड़जात्या बॉलीवुड को नया प्रेम देने जा रहे हैं। सूरज बड़जात्या अपनी अगली फिल्म में कार्तिक आर्यन को कास्ट कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सूरज बड़जात्या अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट प्रेम की शादी में सलमान खान को कास्ट करना चाहते थे। हालांकि, सलमान खान ने अपने करियर के इस फेज में रोमांटिक फिल्म करने से मना कर दिया है। इस वजह से सूरज बड़जात्या फिल्म में दूसरे एक्टर को कास्ट करने का प्लान कर रहे हैं। प्रोजेक्ट से जुड़े करीबी सूत्रों के मुताबिक, सूरज बड़जात्या कार्तिक आर्यन को फिल्म में कास्ट करने का मन बना रहे हैं। सूरज बड़जात्या ने कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म को लेकर बातचीत शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, सूरज बड़जात्या किसी ऐसे एक्टर की तलाश में हैं जो स्क्रीन पर मासूमियत ला सके और कार्तिक आर्यन में उन्हें वो मासूमियत नजर आती है। इसलिए बड़जात्या कार्तिक आर्यन को फिल्म में कास्ट करना चाहते हैं। बता दें, कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कार्तिक आर्यन लगातार फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म की कहानी पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर की जिंदगी पर आधारित है। यह फिल्म एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म के लिए कार्तिक आर्यन ने जमकर मेहनत की है। इस फिल्म की तैयारी के करने के लिए कार्तिक आर्यन ने कई महीनों तक चीनी खाना छोड़ दिया था और स्ट्रिक्ट डायट फॉलो कर रहे थे। फिल्म के ट्रेलर में साफ नजर आ रहा है कि कार्तिक आर्यन ने अपनी फिजीक को काफी ज्यादा ट्रांसफॉर्म किया है।

कृति सेनन की बहन नुपूर सेनन को मिला

बिग बॉस ओटीटी-3 का ऑफर



बिग बॉस ओटीटी को लेकर एक के बाद एक अपडेट्स आ रहे हैं। जैसे -जैसे शो को लेकर अपडेट्स आ रहे हैं, फैंस उत्साहित होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर लगातार शो का बज बना हुआ है। घर में कौन-कौन से कंटेस्टेंट नजर आएंगे इसको लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। अब इन नामों में बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन का नाम भी शामिल हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, बिग बॉस ओटीटी के मेकर्स ने बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन नुपुर सेनन को अप्रोच किया है। माना जा रहा है कि मेकर्स और नुपुर के बीच बातचीत का सिलसिला जारी है। हालांकि, अभी नुपुर शो में नजर आएंगी या नहीं इसकी को ई पुष्टि नहीं हुई है।

बता दें, नुपुर को बिग बॉस के पिछले सीजन्स में भी अप्रोच किया गया था, लेकिन तब शो के मेकर्स के साथ बात नहीं बन पाई थी। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या कृति सेनन की बहन इस बार घर में नजर आएंगी?

बिग बॉस ओटीटी सीजन 1 2021 में आया था। इस सीजन को होस्ट किया था डायरेक्टर करण जौहर ने। वहीं, सीजन को होस्ट किया था सलमान खान ने। अब तीसरे सीजन को होस्ट करेंगे अनिल कपूर। शो में अनिल कपूर की होस्टिंग को देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं।

शो ने एक प्रोमो भी लॉन्च किया है जिसमें अनिल कपूर नजर आ रहे हैं। अगर पिछले सीजन्स के विनर्स की बात करें तो बिग बॉस ओटीटी सीजन 1 की विनर थीं दिव्या अग्रवाल। वहीं, सीजन 2 के विनर थे एल्विश यादव।

खबरों की मानें तो बिग बॉस 15 में नजर आ चुके करण कुंद्रा की एक्स गर्लफ्रेंड अनुषा दांडेकर को भी शो का ऑफर मिला है। हालांकि, एक्ट्रेस और वीजे दांडेकर ने अभी तक शो को साइन नहीं किया है।

विक्रांत मैसी की कॉमेडी थ्रिलर ब्लैकआउट 7 जून को होगी रिलीज

फिल्म '12वीं फेल' से एक्टर विक्रांत मैसी का सितारा चमक गया। अब उनके पास बेशुमार ऑफर है। फिलहाल उनकी कॉमेडी थ्रिलर फिल्म 'ब्लैकआउट' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का पहला गाना मंगलवार (4 जून) को जारी कर दिया गया है। गाने में विक्रांत का लुक भी सामने आया है,



जिससे पता चलता है कि वे कैसे दिखने वाले हैं। विक्रांत ने सोशल मीडिया अकाउंट पर रिलीज हुए सॉन्ग को लेकर पोस्ट शेयर की है। विक्रांत ने कैप्शन में लिखा, फिल्म का नया हिट गाना 'क्या हुआ' रिलीज हो गया है- क्या आपने इसे सुना, 2 मिनट 39 सैकंड के इस गाने में विक्रांत काफी परेशान और गुस्से में दिख रहे हैं। वे गोलियां चला रहे हैं। गाने में कॉमेडियन सुनील ग्रोवर, एक्ट्रेस मौनी रॉय और अनंत जोशी भी नजर आए। गाने को सिंगर विशाल मिश्रा ने आवाज दी है। फिल्म में विक्रांत एक क्राइम रिपोर्टर बने हैं। फिल्म का डायरेक्शन देवांग शशिन भावसार ने किया है। करण सोनावणे और सौरभ घाडगे भी फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म 'ब्लैकआउट' 7 जून को सिनेमाघरों के बजाय ओटीटी प्लेटफार्म जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। ब्लैकआउट के बाद विक्रांत द साबरमती रिपोर्ट में नजर आएंगे, जिसकी कहानी 2002 की गोधरा ट्रेन जलने की घटना पर आधारित है। फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

स्ट्रगल पर शेखर सुमन ने बेटे अध्ययन को दी नसीहत

एक्टर शेखर सुमन और उनके बेटे अध्ययन सुमन को संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी में अपनी एक्टिंग के लिए काफी सराहना मिली है। हीरामंडी से अध्ययन के करियर में नई जान आ गई है। इससे पहले वह अपने फिल्मी करियर को लेकर परेशान थे क्योंकि उन्हें काम ही नहीं मिल रहा था। हाल ही में शेखर सुमन और अध्ययन ने एक इंटरव्यू दिया है।

इसमें अध्ययन ने जहां अपने करियर के बारे में बात की, वहीं पिता शेखर सुमन ने उन्हें कटरीना कैफ से कुछ सीखने की सलाह दे डाली। अध्ययन ने कहा, मैंने अपने करियर की शुरुआत हीरो के तौर पर की लेकिन फिर धीरे-धीरे फिल्मों के पोस्टर पर मैं गायब होता गया। मैं जानता हूं कि ये कितना दुख देता है। अब लड़ाई फिर से बड़ा बनने की है और यही पूरी जर्नी है। अध्ययन के कमेंट पर उनके पिता शेखर सुमन ने कहा, दूसरों की जर्नी से प्रेरणा लो। कटरीना कैफ को देखो। जब वो फिल्म बूम में दिखी थीं तो ठीक से खड़ी नहीं हो पाती थीं, न अपने डायलॉग बोल पाती थीं और न डांस कर पाती थीं लेकिन अब देखो वो कहां पहुंच गईं। फिल्म राजनीति और जिंदगी मिलेगी न दोबारा में उनकी परफॉर्मेंस देखो। यहां तक कि धूम 3 में उन्हें देखो, कोई नहीं कह सकता कि ये वही लड़की है जिसकी शुरुआत ऐसे हुई थी।

पर्सनल लाइफ पर बोले टीवी एक्टर शालीन भनोट



एक्ट्रेस दलजीत कौर के एक्स-हस्बैंड शालीन भनोट ने कहा है कि वो सिंगल हैं। हाल ही में इंटरव्यू में एक्टर ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में बात की। दरअसल, पिछले कुछ समय से शालीन अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।

बिग बॉस 16 में शालीन का नाम टीना दत्ता के साथ जुड़ा था। वहीं, पिछले साल टीवी शो बेकाबू की शूटिंग के वक्त, शालीन के अपनी को-एक्ट्रेस ईशा सिंह को डेट करने की बात भी सामने आई थी। हालांकि, दोनों ने इसे महज अफवाह बताया था।

शालीन कहते हैं, सच्चाई यह है कि, पहले के मुकाबले मैं अब अपनी पर्सनल लाइफ में ज्यादा संतुष्ट महसूस करता हूं। मेरा एक पेट डॉग है जो मुझे कभी प्यार की कमी महसूस होने नहीं देता। अपने घर आने पर जिस तरह का वेलकम मुझे उससे मिलता है, वाकई में वह लाजवाब है। मैं अपने पेरेंट्स के साथ रहता हूं। बिग बॉस के दौरान, मेरी मां शो में आई थीं जिसके बाद, लोग उन्हें भी पहचानने लगे हैं। वह जहां भी जाती है, लोग उन्हें शालीन की मां कहकर पुकारते है। शो के बाद, मेरे पेरेंट्स मुझ पर ज्यादा गर्व महसूस करते है।

उर्फी ने खोली टीवी इंडस्ट्री की पोल



उर्फी जावेद अपने फैशन सेंस और अतरंगी लिबास के लिए जानी जाती हैं, उर्फी ने टीवी इंडस्ट्री में काम किया है और उन्होंने इसका अनुभव साझा किया है। टीवी जगत में काम करने का अनुभव उर्फी के लिए अच्छा नहीं रहा, वे बहुत खराब अनुभव से गुजरीं। उर्फी ने हाल ही में बातचीत में कहा, अगर आप लीड एक्टर नहीं हैं, तो ये बहुत मुश्किल है, वहां आपके साथ बिल्कुल अच्छा व्यवहार किया जाता उर्फी ने आगे कहा, कुछ सेट्स पर तो वे बहुत बुरा बर्ताव करते हैं, आपको कुत्तों की तरह ट्रीट करते हैं, कुछ प्रोडक्शन हाउस भयानक है। उर्फी ने कहा कि कुछ लोग समय पर भुगतान नहीं करते हैं और जब देते हैं तो आधे पैसे काट लेते हैं। टीवी में काम करते हुए मेरी हालत बहुत खराब थी। उर्फी ने कहा, मैं वैसे भी एक साइड किरदार निभा रही थी, उन्होंने मुझे बहुत रुलाया।